**सुविचार**
प्रत्येक व्यक्ति सब बातों में निपुण नहीं हो सकता, प्रत्येक व्यक्ति की विशिष्ट उत्कृष्टता होती है।
यूरोपिटीज

Daily
सच के हक में...
# THE PHOTON NEWS
Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 21 February 2024 ● Year : 01 ● Issue : 35 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com  E-Paper : epaper.thephotonnews.com



12
डॉन 3 में रणवीर सिंह के साथ एक्शन...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 73,057.40 |
| निफ्टी | : | 22,196.95 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,895 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### कैबिनेट बैठक 23 को, कई एजेंडे को मिलेगी मंजूरी

**RANCHI :** चंपाई सरकार की कैबिनेट की बैठक 23 फरवरी को होगी। इसमें एक दर्जन से अधिक एजेंडों को मंजूरी मिल सकती है। इससे पहले चंपाई सरकार की दो कैबिनेट की बैठक हो चुकी है। पहली बैठक में तीन और दूसरी बैठक में 25 एजेंडों को स्वीकृति मिली थी। यह तीसरी बैठक होगी। बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

### हेमंत ने मांगी बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति

**RANCHI :** 23 फरवरी को झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू होना है। बजट सत्र में हेमंत सोरेन के शामिल होने को लेकर पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है। कोर्ट से यह आग्रह किया गया है कि 23 फरवरी को शुरू होने वाले बजट सत्र में हेमंत सोरेन की विधानसभा में मौजूदगी की अनुमति दी जाए। वहीं इस अनुमति के लिए अदालत में हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने कोर्ट में पूर्व में पारित किए गए कई आदेश पेश किए। अब कोर्ट क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा। हेमंत सोरेन फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है।

### मराठाओं को 10% आरक्षण देगी शिंदे सरकार

**RANCHI :** महाराष्ट्र विधानसभा में मंगलवार 20 फरवरी को मराठाओं को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का बिल पास हो गया। सीएम शिंदे अब इस बिल को विधान परिषद में पेश करेंगे। वहां से पास होने के बाद यह कानून बन जाएगा। शिंदे सरकार ने इस बिल के लिए एक दिन का स्पेशल सेशन बुलाया है। विधानसभा में पास होने से पहले बिल पर कैबिनेट ने मुहर लगाई। मराठा आरक्षण बिल पारित होने से मराठाओं को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। राज्य में 52 प्रतिशत आरक्षण पहले से है। 10 प्रतिशत मराठा आरक्षण जुड़ने से रिजर्वेशन लिमिट 62 प्रतिशत हो जाएगी।

### आज दिल्ली कूच करेंगे किसान, पुलिस अलर्ट

**AMBALA :** पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे पंजाब के किसान बुधवार सुबह 11 बजे दिल्ली रवाना होंगे। इसके लिए सुबह 6 बजे ही ट्रैक्टर लाइन में लगा दिए जाएंगे। शंभू के साथ खनौरी बॉर्डर से भी किसान दिल्ली जाने के लिए हरियाणा में घुसेंगे। किसानों को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स भी अलर्ट पर है। शंभू बॉर्डर पर सीमेंट के गार्डर, कंटीली तारें बिछाकर 7 लेयर बैरिकेडिंग की गई है। इसी से पुलिस ने 8 दिन से यहीं पर रोके रखा है।

# तीन महीने में नौ लाख परिवारों को देंगे अबुआ आवास : चंपाई सोरेन

## रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने गिरिडीह स्टेडियम में आयोजित अबुआ आवास योजना के तहत स्वीकृत पत्र वितरण समारोह में कहा कि अगले तीन महीने में नौ लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। हर खेत में पानी पहुंचाना उनकी सरकार का लक्ष्य है और इस दिशा में सरकार काम कर रही है। हमारी सरकार शिक्षा का अलख जगा रही है। सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने पर सरकार काम कर रही है। रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध उनकी सरकार की प्राथमिकता है। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि आज हमारी सरकार गिरिडीह की धरती पर

- आवासविहीन परिवारों को मिल रहा अबुआ आवास योजना का लाभ
- हर खेत में पानी पहुंचाना सरकार का लक्ष्य, इसपर चल रहा काम



महिला लाभुक को योजना का लाभ देते सीएम चंपाई सोरेन।

अबुआ आवास योजना का लाभ जरूरतमंद परिवारों को देने पहुंची है। तीन जिले बोकारो, धनबाद और गिरिडीह के 35 हजार से ज्यादा आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा है। यह झारखंडवासियों के लिए विडंबना है कि यहां का कोयला देश को रोशन कर रहा है, लेकिन इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग आज भी कच्चे मकान अथवा झुग्गी-झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बीच जाकर उनकी स्थिति और रहन-सहन को समझने का प्रयास किया है। इनकी सोच और किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए इन सभी वर्ग-समुदायों के आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक व्यवस्था को हमारी सरकार मजबूत करने का पूरा प्रयास कर रही है।

## शिक्षा में पैसा नहीं बनेगा बाधा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन-यापन करने वाले लोगों के दुःख दर्द को नजदीक से समझने का कार्य किया है। हम विकास की राह में खड़े अंतिम पायदान के व्यक्ति तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचने का कार्य करेंगे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के पदाधिकारी ने ग्राम-पंचायत तथा घर-घर पहुंचकर लोगों के समस्याओं का निराकरण करने का कार्य किया है। हमारी सरकार का प्रयास है कि सरकार की महत्वाकांक्षी



योजनाओं से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत की जाए। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर बेहतर कार्य किए गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव लाने का कार्य किया। हमारी सरकार ने झारखंड के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक वृद्धि की है। पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य में संचालित 5 हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दिया था। हम लोगों की सोच है कि यहां के गरीब, मजदूर व किसान के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें, इसके लिए उन्हें हर संभव मदद की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सरकारी स्कूलों को स्कूल आफ एक्सीलेंस के रूप में अपग्रेड करने का काम किया था। आने वाले समय में भी बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में परिवर्तित किया जाएगा।

# भारत और इंग्लैंड टेस्ट मैच में बवंडर पैदा करने की धमकी

## गुरु पतबंत पन्नू ने वीडियो जारी कर नक्सलियों को उकसाया

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरु पतबंत सिंह पन्नू ने प्रतिबंधित माओवादी संगठन से 23 से 27 फरवरी तक रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच होनेवाले चौथे टेस्ट मैच में बवंडर पैदा करने का आह्वान किया है। यू-ट्यूब पर जारी वीडियो में पन्नू ने माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर और 15 लाख के इनामी रवींद्र गंझू को भी कार्रवाई करने के लिए उकसाया है। इस संबंध में डीजीपी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर दारोगा मदन कुमार महतो ने गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा-10/13 और 66 (एफ) आइटी एक्ट के तहत धुर्वा थाना में सोमवार रात में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### यूएपीए और आइटी एक्ट के तहत धुर्वा थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी



एयरपोर्ट से निकलते भारतीय टीम के खिलाड़ी

### कप्तान रोहित शर्मा व बेन स्टोक्स को वापस लौटने की चेतावनी

प्राथमिकी के अनुसार मूल रूप से पंजाब का रहनेवाला और वर्तमान में अमेरिका में रह रहे पन्नू ने कहा है कि झारखंड एवं पंजाब में बवंडर पैदा करो। वीडियो के माध्यम से भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को मैच नहीं खेलने और इंग्लैंड की टीम को वापस जाने के लिए धमकी दी गयी है। प्राथमिकी में कहा गया है कि गुरुपतबंत सिंह पन्नू ने माओवादियों से यह भी आह्वान किया है कि आदिवासियों की जमीन में क्रिकेट नहीं होने देना है। प्राथमिकी में दारोगा ने दावा किया है कि गुरुपतबंत सिंह पन्नू द्वारा भारत में दहशत फैलाने के उद्देश्य से और आदिवासियों के मन में सरकार के प्रति घृणा एवं अपमान पैदा करने का प्रयत्न किया गया है। मामले में धुर्वा थाना में प्राथमिकी के बाद रांची पुलिस ने यू-ट्यूब प्रबंधन को एफआइआर से अवगत कराया। इसके बाद यू-ट्यूब ने सिख फॉर जस्टिस के गुरुपतबंत सिंह पन्नू का वीडियो डिलीट कर दिया है। इधर, हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने कहा कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। डरने की जरूरत नहीं है, चप्पे-चप्पे पर हमारी नजर है।

### रांची पहुंचे भारत व इंग्लैंड के खिलाड़ी

भारत और इंग्लैंड की टीम 23 फरवरी से रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चौथे टेस्ट के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। दोनों टीमें रांची पहुंच चुकी हैं। रांची में टीम का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। खिलाड़ी दो अलग-अलग बसों में एयरपोर्ट से रेडिशन ब्लू होटल चले गए। खिलाड़ी आज आराम करेंगे। 21 और 22 फरवरी को अलग-अलग सेशन में दोनों टीमें जेएससीए स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। भारत ने तीन मुकाबलों में अब तक दो जीत हासिल की है और सीरीज में 2-1 से आगे है। इससे पहले राजकोट टेस्ट में भारत ने अंग्रेजों पर 434 रनों के विशाल और रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की है। यह रनों के मामले में भारत का किसी भी टीम पर सबसे बड़ी जीत है।

# 28 फरवरी को रांची आएंगी राष्ट्रपति मुर्मू

## सीयूजे के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 फरवरी को रांची आएंगी। वे झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति 28 फरवरी को सुबह 10:30 बजे रांची पहुंचेंगी। इसके बाद वे कांके प्रखंड अंतर्गत चेरी-मनातू स्थित विवि के नये परिसर में आयोजित समारोह में शिरकत करेंगी। यहां से वे अपराह्न तीन बजे दिल्ली लौट जायेंगी। राष्ट्रपति के रांची आगमन की जानकारी राज्य सरकार को दे दी गयी है। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह तीसरा रांची दौरा होगा। इससे पूर्व वे वर्ष 2022 में रांची और बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गयी थीं। इसके बाद वर्ष 2023 में झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन के उद्घाटन तथा ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में भाग लेने आयी थीं। राष्ट्रपति के विश्वविद्यालय कैंपस पहुंचने के लिए दो विकल्प तैयार किये जा रहे हैं। इनमें एक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सड़क मार्ग (रिंग रोड) होते हुए चेरी-मनातू तक तथा दूसरा चेरी-मनातू में ही हेलिपैड का निर्माण कर सेना के हेलीकॉप्टर से सीधे उतारने पर विचार किया जा रहा है। राष्ट्रपति विश्वविद्यालय परिसर में दिन के 12 बजे से एक बजे तक शिरकत करेंगी तथा विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करेंगी।



- विश्वविद्यालय परिसर में दिन के 12 बजे से एक बजे तक करेंगी शिरकत
- 64 को गोल्ड और तीन को मिलेगा चांसलर मेडल
- राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह तीसरा रांची दौरा होगा

## हेमंत के खिलाफ याचिका दायर, ईडी ने कहा

# लैंड स्कैम मामले में भेजा 10 समन, सिर्फ दो में हुए हाजिर

**PHOTON NEWS RANCHI :**



झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की परेशानी और बढ़ने वाली है। हेमंत सोरेन के खिलाफ हाईकोर्ट में एक और याचिका दायर की गई है। यह याचिका प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज की गई है। इस मामले में सुनवाई हुई। अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। ईडी ने शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत में शिकायतवाद याचिका दाखिल करते हुए बताया कि लैंड स्कैम मामले में पूछताछ के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को 10 बार समन भेजा गया, लेकिन वो केवल दो बार ही पूछताछ के लिए उपस्थित हुए। यह ईडी के समन की अवहेलना है।

### हाईकोर्ट से राहुल गांधी की याचिका खारिज

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट से मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई के बाद उनकी याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। उल्लेखनीय है कि साल 2018 में लोकसभा चुनाव के पूर्व राहुल गांधी ने चाईबासा में आयोजित एक सभा में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

# शिबू के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की हो सकती जांच

## दिल्ली हाईकोर्ट सिंगल बेंच के फैसले को रखा बरकरार, जांच पर रोक की मांग ठुकराई

**PHOTON NEWS RANCHI :** दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने शिबू सोरेन की याचिका पर फैसला सुनाते हुए सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा है। इसका सीधा अर्थ है कि आय से अधिक संपत्ति मामले में झामुमो सुप्रिमो शिबू सोरेन के लिए अब परेशानी बढ़ सकती है। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश रेखा पल्ली और न्यायाधीश रजनीश भटनागर की खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।



### लोकपाल की फुल बेंच ने दिया था जांच का आदेश

आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले की शिकायत पर सुनवाई करते हुए लोकपाल की फुल बेंच ने 15 सितंबर 2020 को सीबीआई को जांच का आदेश दिया। सीबीआई को लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 की धारा 20 (1) (ए) के तहत मामले में पीई (प्रीलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज कर 6 महीने में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया। सीबीआई ने जांच के बाद मार्च 2021 और उसके बाद 1 जुलाई 2021 को सोरेन परिवार की संपत्ति का पूरा ब्योरा, उनके आयकर रिटर्न पर लोकपाल को रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर लोकपाल ने शिबू सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों को नोटिस भेजकर पक्ष मांगा था।

सुनवाई के दौरान शिबू सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की और पक्ष रखा। लोकपाल की जांच का सामना कर रहे शिबू सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट में लेटेस्ट पेटेंट अपील दायर कर एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें लोकपाल की जांच पर रोक लगाने और हाईकोर्ट के एकल पीठ के आदेश को निरस्त करने की मांग की गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 22 सितंबर 2023 को मामले की सुनवाई की थी। फैसला सुरक्षित रखने के चार महीने बाद अदालत ने अपना निर्णय सुनाया था। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए याचिका को खारिज कर दिया था। इस फैसले के बाद अब संभावना है कि एक बार फिर शिबू सोरेन की आय से अधिक संपत्ति की सीबीआई जांच शुरू हो सकती है।

## मोदी ने जम्मू में एआईआईएमएस-आईआईएम का किया उद्घाटन, बोले-

# पहले आतंक-अलगाव की खबरें आती थीं, अब हो रहा विकास

**AGENCY SRINAGAR :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू दौरे पर थे। उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) का उद्घाटन किया। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने ही रखी थी। उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) का भी उद्घाटन किया। मोदी ने जम्मू में करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। वहीं, प्रधानमंत्री ने जम्मू एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और 'कॉमन यूजर फैसिलिटी' पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद, अलगाववाद की आवाजें उठती थीं, अब यहां हर सेक्टर में विकास हो रहा है। राज्य में अब 12 मेडिकल कॉलेज हैं। घाटी ट्रेन से जुड़ चुकी है। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा राज्य है, जहां दो एम्स बन रहे हैं। मोदी के भाषण के दौरान सभा में कोई बच्ची रो रही थी। पीएम ने कहा, उसे परेशान मत कीजिए। कितनी प्यारी बच्ची है। मेरे पास होती तो बहुत आशीर्वाद देता। आप लोग विपरीत मौसम में यहां बैठे हैं, ये काबिले तारीफ है।



जम्मू में कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### जल्द ही ट्रेन से पूरे देश के सफर पर निकल पाएंगे : मोदी

मोदी ने कहा- पहले भारत के एक हिस्से में काम होता था और जम्मू-कश्मीर के लोगों को मिलता नहीं था या बहुत देर से मिलता था। आज जम्मू एयरपोर्ट के विस्तार काम हो रहा है। कश्मीर को कन्याकुमारी से रेल से जोड़ने का काम और तेजी से बढ़ा है। वो दिन दूर नहीं, जब कश्मीर से ट्रेन में बैठकर लोग पूरे देश के सफर पर निकल पाएंगे। जम्मू-कश्मीर को आज पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन मिली है। जब देश में वंदे भारत आधुनिक ट्रेन शुरू हुई, इसके शुरूआती रूट में जम्मू-कश्मीर को चुना। माता वैष्णो देवी तक पहुंचना आसान बना दिया। गांव की सड़कें हो या नेशनल हाईवे, चौतरफा काम चल रहा है। ये काम जब पूरा होगा, तब किसानों और टूरिज्म को लाभ होगा। मोदी ने कहा कि आप लोगों ने नमो ड्रोन दीदी के बारे में सुना होगा। मोदी की गारंटी है कि महिलाओं को ड्रोन पायलट बनाया जाएगा। एक महिला को सुन रहा था, कह रही थीं कि साइकिल चलाना नहीं आता था और आज ट्रेनिंग के बाद ड्रोन पायलट बनकर जा रही हूं। इन ड्रोन से खेती-बागवानी में मदद होगी।

### मोदी सरकार को किसान हितों की कोई परवाह नहीं

**NEW DELHI :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार को किसानों के हित की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपनी सहूलियत के हिसाब से बयान बदलती रही है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का समर्थन किया था और प्रधानमंत्री बनने के बाद वह इसके विरोधी हो गए। वर्ष 2014 के पहले एमएसपी को भाजपा किसानों का हक बताती थी और आज इस मुद्दे पर किसानों को दिल्ली तक नहीं आने दिया जा रहा है। खेड़ा ने कहा कि एमएसपी और अन्य मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों का कांग्रेस समर्थन करती है लेकिन भाजपा सरकार को किसान हितों की परवाह नहीं है।

# विधायक बैजनाथ राम जल्द ले सकते मंत्री पद की शपथ

## मल्लिकार्जुन खरगे ने दावे को किया स्वीकार

**PHOTON NEWS RANCHI :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड में 12वें मंत्री पद पर झामुमो के दावे को स्वीकार कर लिया है। अब झामुमो चार साल से रिक्त पड़े 12वें मंत्री पद पर दलित विधायक बैजनाथ राम को मंत्री बनाएगा। सत्ता के गलियारे मिली जानकारी के अनुसार जो पेंच था उसे सुलझा लिया गया है। इसलिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार जल्द ही अपने दूसरे मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए अंतिम क्षण में शपथ लेने से चूक गए दलित विधायक बैजनाथ राम को शपथ दिलाएंगे। दरअसल



राज्य में 2019 में गठित हेमंत सोरेन सरकार के समय से ही झामुमो और कांग्रेस के पेंच के कारण 12 वां मंत्रीपद रिक्त चल रहा था। मगर हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद गठित नयी चंपाई सोरेन सरकार ने 12 वें मंत्री के तौर पर राजभवन में बैजनाथ राम का नाम भेज चुकी थी। मगर ऐन वक्त पर कांग्रेस के

# पलामू में बाइक चोर गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार

## चोरों के पास से आठ बाइक बरामद, चोरी व बिक्री की बात स्वीकारी

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले की हुसैनाबाद पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास चोरी की आठ बाइक बरामद की गई है। इस संबंध में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने मंगलवार को बताया कि 18 फरवरी को बिहार के बरूण थाना क्षेत्र निवासी गोविंद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर बाइक (बीआर 26 आर 8811) के चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में हुसैनाबाद के नहर मोड़ निवासी रोहित कुमार उर्फ लड्डू को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार रोहित ने जुर्म को स्वीकार करते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में बताया। उसने बताया कि सभी मिलकर बाइक चोरी कर बेचने का कार्य करते हैं। जिन अन्य युवकों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें रामजी दस उर्फ गोलू, अमन कुमार उर्फ बटेर मकबरा रोड, हुसैनाबाद, आदित्य वर्धन सिंह ग्राम टेंटा, हुसैनाबाद व पवन कुमार ग्राम कुकही थाना हैदरनगर शामिल हैं।



जानकारी देते एसडीपीओ मुकेश कुमार व गिरफ्तार आरोपी। • फोटोन न्यूज

एसडीपीओ मुकेश ने बताया कि सभी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बाइक चोरी व बिक्री करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि हुसैनाबाद के हरिहर चौक, स्टेशन रोड के अलावा आसपास के थाना क्षेत्रों के साथ बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नबीनगर थाना क्षेत्र में भी बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते थे। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, एएसआई बीर बहादुर सिंह शामिल थे।

# भतीजी को हवस का शिकार बनाने वाला चाचा गिरफ्तार

## दोस्त पर भरोसा करना सेना के जवान को पड़ गया भारी

**PHOTON NEWS RAMGARH :** भतीजी को हवस का शिकार बनाने वाला चाचा विजय राम उर्फ विजय नायक आखिरकार पुलिस की हत्थे चढ़ ही गया। मंगलवार को रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि उस बलात्कारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार होने के बाद पूछताछ के दौरान विजय राम ने अपना अपराध भी कबूला है। उसने अपने मित्र की 17 वषीर्या पुत्री के साथ यह घिनौना कार्य किया था। उसके खिलाफ रामगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया था।

आज के जमाने में परिवार और दोस्त पर भरोसे जैसा शब्द खत्म होता जा रहा है। रामगढ़ शहर के विकास नगर में अपने दोस्त पर भरोसा करना सेना के जवान को भारी पड़ गया। ड्यूटी पर तैनात सेना का जवान रामगढ़ में विजय राम से दोस्ती कर बैठता है और उसे अपने घर का रास्ता दिखा देता है। यही रास्ता उसके पूरे परिवार को शर्मिंदगी के दलदल में धकेल चुका है। विजय राम रामगढ़ में ही अक्सर अपने दोस्त के घर आता-जाता था। उसे पता था कि उसके दोनों बच्चे कुछ समय के लिए दिन में अकेले रहते हैं। उसे यह भी पता था कि उसके दोस्त की पत्नी महिला समिति की मीटिंग में भी घंटों बाहर रहती थी। इसी समय का विजय राम ने फायदा उठाया और अपने दोस्त की बेटी को जाल में फंसा कर पूरे रिश्ते को तार-तार कर दिया।

**क्या है पूरी कहानी :** पीड़िता के पिता के मांडू थाना क्षेत्र के भरेचनगर बोंगावार के नायक टोला निवासी विजय राम उर्फ विजय नायक (42 वर्ष) का उनके परिवार से अच्छे तालुका थे। उनके दोनों बच्चे विजय राम को चाचा का कर बुलाते थे। पिछले 6 महीने से वह लगातार उनके घर का चक्कर लगा रहा था। इसी दौरान उसने उनकी 17 वर्षीय बेटी को नशा खिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं।

## BRIEF NEWS

### देवघर में चोरी का विरोध करने पर दंपती की हत्या

**DEOGHAR :** देवघर नगर थाना क्षेत्र के सिंघवा मोहल्ला स्थित तालाब के सामने के एक घर में चोरी की नीयत से घुसे युवकों ने गृहस्वामी अनुज कुमार वर्णवाल (60 ) और उसकी पत्नी बासमती देवी (55 ) की हत्या कर दी। घटना सोमवार देर रात की है। अपराधी ने दोनों पति-पत्नी का सिर सहित चेहरा पूरी तरह से कुचल दिया। आस-पास के लोगों ने हत्या की सूचना पुलिस को दी। बताया जाता है कि आरोपित चोरी की नीयत से घर में घुसे हुए थे। लेकिन अपराधी जैसे ही घर में घुसे दंपती की नींद खुल गयी। इसके बाद उन्होंने चोरी का विरोध करने लगे। इसलिए अपराधियों ने दंपती को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम की लिए अस्पताल भेज दिया है। इस हत्या में दो अपराधी शामिल थे, जिसमें से एक अपराधी को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### धनबाद में भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब जब्त



**DHANBAD :** महुदा थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त किया है। छापेमारी में कुल 198 लीटर शराब बरामद हुआ है, जिसका बाजार मूल्य लगभग डेढ़ लाख रुपये बताया जा रहा है। धनबाद उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि महुदा का रहने वाला छोटू महतो अपने आवास से नकली विदेशी शराब का कारोबार चला रहा है। जिसको लेकर मंगलवार को उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी की। हालांकि छापेमारी की भनक लगने के बाद छोटू माहतो मौके से भागने में कामयाब रहा। वहीं विभाग के द्वारा उसके बंद आवास का ताला तोड़ कर छानबीन की गयी। जिसमें छत के छोटे से मुहाने में 22 पेटी नकली शराब छिपा कर रखा हुआ पाया गया। जिसे उत्पाद विभाग ने जप्त कर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चैंबर भवन में हुई चोरी, लाखों की संपत्ति ले गए चोर

**RAMGARH :** रामगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के भवन से चोरों ने लाखों की संपत्ति चुरा ली। चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे और फिर वहां से बैट्री, एलसीडी टीवी व अन्य कीमती सामान चुरा कर ले गए। इस मामले में मंगलवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि इस घटना की सूचना मिलते ही चैंबर के सभी पदाधिकारी चैंबर भवन पहुंचे और इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने घटना की जानकारी ली और फिर उस स्थल का मुआइना किया। उन्होंने इस मामले में तत्काल कार्रवाई कर चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। चैंबर की सूचना दर्ज होने के बाद पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए छापेमारी दे शुरू कर दी है।

### रामगढ़ के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में मियावाकी तरीके से लगाए गए पौधे

**RAMGARH :** जिले के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में मंगलवार को जंगल लगाने की मियावाकी तकनीकी के जरिए कम समय में घना जंगल तैयार करने के लिए पौधे लगाए गए। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एडिशनल डायरेक्टर जनरल इंफेन्ट्री ने विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधे लगाए। इस जंगल को तैयार करने का मकसद ज्यादा से ज्यादा पेड़ उगाना और प्रदूषण को कम करना है। इसमें पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के अधिकारियों, जेसीओ और जवानों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान को उत्सव के रूप में मनाया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा और समृद्ध तथा स्वच्छ भविष्य प्रदान करेगा। बताया जाता है कि छोटी सी जगह में जंगल उगने का यह बेहतरीन जापानी तरीका है। एक खास प्रक्रिया के जरिए एक छोटे से स्थान पर कई पेड़ों को एक साथ लगाया जाता है, जिससे वह हमेशा हरे भरे रहें।

# बालकुदरा खुली खदान में बदमाशों ने की फायरिंग



फायरिंग के बाद कार के टूटा हुआ शीशा व । • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में अपराधियों ने मंगलवार को बालकुदरा खुली खदान के पास तीन राउंड गोली चलाई। यह गोलीबारी दहशत फैलाने के लिए की गई।

इस घटना की पुष्टि करते हुए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि बालकुदरा खुली खदान में पीएसएम नामक कंपनी आउटसोर्सिंग के तहत कार्य कर रही है। अपराधियों ने रंगदारी के लिए उनके कर्मियों को ही निशाना बनाने की कोशिश की थी लेकिन इस वक्त सामने आई टाटा कंपनी की एक कार पर वह गोली लगी। इस गोलीबारी में कार के पीछे का शीशा टूट गया।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही भुरकुंडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किए हैं। अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी आपराधिक गिरोह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, पुलिस आपराधिक गिरोह के शामिल होने को लेकर भी जांच कर रही है।

# बाइक सवार अपराधी ने युवती को झांसा देकर उड़ाए ढाई लाख रुपये

## एसएसपी आवास के नजदीक दिनदहाड़े घटना को दिया अंजाम

**PHOTON NEWS DHANBAD :** शहर के बीचो-बीच धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक के आवास से चंद कदमों की दूरी पर बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया है। मंगलवार को बैंक से पैसा निकाल कर बाइक से वापस घर लौट रही एक युवती को अपराधियों ने निशाना बनाया। पीछे से आ रहे बाइक सवार अपराधियों ने पहले युवती को कहा- आपका दुपट्टा पहिया में जा रहा है, जैसे ही युवती का ध्यान अपने दुपट्टे को ठीक करने पर गया वैसे ही अपराधियों ने युवती के हाथों से रुपयों से भरा बैग छीनकर रफूचक्कर हो गए।

घटना को लेकर बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला के घर पर पिछले दिनों शादी थी, जो की पूरी होने के बाद आज पंडाल सहित अन्य लोगों को बकाया पैसे देने थे, जिसे लेकर प्रीति कुमारी अपने भाई दीपक कुमार के साथ धनबाद स्टेट बैंक से ढाई लाख रुपया निकाल कर वापस बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान घात लगाए एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने एसएसपी आवास से कुछ दूरी पर स्थित कला भवन के समीप एक बाइक सवार दो अपराधियों ने महिला का दुपट्टा बाइक में फंसने के झांसा देकर बाइक रोकने को कहा। जैसे ही उन्होंने अपना बाइक साइड कर के रोका, पहले से तैयार अपराधियों ने महिला के हाथों से रुपयों वाला बैग छीनकर भाग निकले।



पुलिस को जानकारी देतीं युवती। • फोटोन न्यूज

इसके बाद पीड़ित युवती प्रीति कुमारी अपने भाई के साथ चिखति चिल्लाति हुई धनबाद थाना पहुंची और इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद धनबाद थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर मामले की जांच में जुट गई।

# बदमाशों ने ईंट-भट्टे पर की फायरिंग, मांगी रंगदारी



ईंट भट्ठा जहां हुई फायरिंग। • फोटोन न्यूज

**LATEHAR :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरू गांव में स्थित एक ईंट-भट्ठे पर अपराधियों ने सोमवार की देर रात गोलीबारी की। साथ ही भट्ठा संचालक अमित कुमार को व्हाट्सएप पर फोन कर रंगदारी मांगी। घटना के बाद मजदूरों में भय का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात भट्ठा के साइड पर मजदूर सोए हुए थे। इसी दौरान हथियारबंद अपराधी वहां पहुंचे और पांच राउंड फायरिंग की। अपराधियों ने कुछ मजदूरों के साथ मारपीट भी की। इसके बाद घटनास्थल से ही अपराधियों ने भट्ठा के संचालक को व्हाट्सएप पर फोन किया और रंगदारी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। इसके बाद अपराधी वहां से चले गए। अपराधियों के जाने के बाद मजदूरों ने घटना की जानकारी संचालक को दी। बाद में मंगलवार को भट्ठा संचालक अमित ने पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटना असर पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है। एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की टीम छापेमारी आरंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अदाणी फाउंडेशन ने मधुचक व घाट गोरदहिया में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**PHOTON NEWS GODDA :** जिले में कार्यरत अदाणी पावर प्लांट अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन ने सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महागामा प्रखंड के मधुचक और घाट गोरदहिया गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 100 से अधिक ग्रामीणों ने इलाज कराया।

मोबाइल मेडिकल वैन के जरिए ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच के लिए सुविधा मुहैया कराई गई। डॉक्टरी जांच के बाद फाउंडेशन की ओर से ग्रामीणों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराया गया। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव की वजह से अधिकतर ग्रामीण बुखार, सर्दी, जुकाम, दस्त, पेट में दर्द, आदि जैसी समस्याओं के इलाज के लिए पहुंचे। स्वास्थ्य शिविर में बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक थी।



स्वास्थ्य शिविर में जांच के दौरान ग्रामीण व अन्य • फोटोन न्यूज

शिविर के दौरान डॉक्टर और उनके सहायक कर्मियों ने ग्रामीणों के बीच जाकर उन्हें इस मौसम में होने वाली परेशानियों तथा उनसे बचाव के बारे में भी जानकारी प्रदान की। ग्रामीणों का कहना था कि इससे पहले उन्हें इलाज के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था लेकिन अब अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास से घर के पास ही मुफ्त इलाज मिल रहा है। इससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकी हैं।

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत पंचायतों में शिविर का आयोजन

**KHUNTI :** तोरपा प्रखंड के बारकुली और तोरपा पश्चिमी एवं कर्रा के घुनसुली व जुरदाग के पंचायत भवन में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कर्रा के जुरदाग एवं तोरपा के बारकुली और तोरपा पश्चिमी पंचायत में आयोजित शिविरों में कार्यक्रम के जिला प्रभारी पदाधिकारी रवि कुमार वर्मा ने शिविर की गतिविधियों का निरीक्षण किया। साथ ही हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को तड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे, की शापथ दिलाई गई। जिला प्रभारी ने केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ प्राप्त करने की अपील की।

# उप विकास आयुक्त ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिए कई निर्देश

**PHOTON NEWS KHUNTI :** उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने छात्रों को पोशाक की उपलब्धता, विद्यालय अनुदान की उपयोगिता, ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति, यू डायस, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन एवं पठन-पाठन की स्थिति, व्यावसायिक शिक्षा के संचालन एवं बच्चों को इससे मिलने वाले लाभ, विद्यालयों में आईसीटी के तहत कम्प्यूटर कक्षा का संचालन तथा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याह्न भोजन योजना) की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए क्षेत्र भ्रमण एवं योजनाओं में अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त करने के लिए विद्यालयों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।



बैठक में शामिल उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार व अन्य। • फोटोन न्यूज

साथ ही विद्यालयों में जो भी आधारभूत संरचना क्षतिग्रस्त अवस्था में है एवं जिनकी मरम्मति कम लागत में पूर्ण हो सकती है, को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन द्वारा विद्यालयों में शपथ कार्यक्रम आयोजित करने एवं विद्यालयों के बच्चों को हर घर जल ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

## डीएमएफटी फंड से संचालित योजनाओं व विकास कार्यों की उपायुक्त चंदन कुमार ने की समीक्षा, बोले-

# मॉड्यूलर ओटी के कार्यों को 60 दिनों में करें पूरा

**PHOTON NEWS RAMGARH :** डीएमएफटी के तहत जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं चल रहे विकास कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य समृद्धि वाहन संचालित करने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में एक सप्ताह के अंदर संबंधित एजेंसी के साथ समन्वय करते हुए वाहन का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। जिला समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने को लेकर चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।



समीक्षा बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य अधिकारी। • फोटोन न्यूज


**मॉड्यूलर ओटी स्थापित करने को लेकर हो रहे कार्यों की समीक्षा :** सदर अस्पताल रामगढ़ में डीएमएफटी के माध्यम से मॉड्यूलर ओटी स्थापित करने को लेकर हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 60 दिनों के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध दवाइयों से संबंधित विवरणी दवा वितरण कक्ष के बाहर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एक लाख रुपए की लागत के ऊपर के स्वास्थ्य उपकरणों के इस्तेमाल से संबंधित लॉग बुक व पंजी संधारित करने का निर्देश दिया।

**मल्टी विलेज जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा, संवेदक से स्पष्टीकरण :** डीएमएफटी के माध्यम से जल जीवन मिशन अंतर्गत निमार्णाधीन विभिन्न मल्टी विलेज जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने उरलुंग जलापूर्ति योजना के ढाई वर्षो से लंबित रहने को लेकर संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत संचालित गोट बैंक परियोजना के तहत कार्यों पर असंतोष जाहिर करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को संवेदक के साथ बैठक करने एवं कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संवेदक के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग सहित अन्य कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# पत्रकार आदिल रशीद को मिला अप्रिशीएशन अवार्ड

**PHOTON NEWS RANCHI :** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के सौ वर्ष पूर्ण होने पर राजधानी रांची के अंजुमन प्लाजा सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने किया। और संचालन जावेद कुरैशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर सह ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन कुरैशी, एवं विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांजी, डा युसूफ कुरैशी, अब्दुल मजीद कुरैशी, अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष हाजी मुख्तार अहमद थे।

कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत कम समय में अपना एक अलग पहचान रखने वाले रांची के पत्रकार मो आदिल रशीद को ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश द्वारा



अप्रिशीएशन अवार्ड 2024 देकर सम्मानित किया। इनके अलावा कई सामाजिक कार्यकर्ता और कई प्रशासनिक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधिगण, मीडिया के प्रमुख साथियों के साथ साथ सर्वधर्म के लोगों को विभिन्न सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाने के फलस्वरूप मोमेन्टो, शॉल देकर ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश अप्रिशीएशन अवार्ड 2024 से नवाजा गया। ऑल इण्डिया जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा कि इस दौर में सच्ची पत्रकारिता करना बहुत मुश्किल है। आदिल हमेशा समाज के कामों में आगे रहते हैं।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Wednesday, 21 February 2024

BRIEF NEWS

## सीएम से मिले हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के सीएमडी



RANCHI : मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मंगलवार को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, कलकत्ता के सीएमडी घनश्याम शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, कोलकाता के निदेशक माइनिंग संजीव सिंह, घाटशिला यूनिट हेड एसएस सेठी एवं अन्य उपस्थित थे।

## स्पीकर ने बजट सत्र के लिए की बैठक

RANCHI : झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा। इसको लेकर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने मंगलवार को राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य सचिव जीपी, वर्तमान विभागों के सचिव और गृह सचिव शामिल थे। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा, जो दो मार्च तक चलेगा। इसमें सात कार्यदिवस होंगे। राज्यपाल ने इसकी मंजूरी दे दी है। इस बजट सत्र में 27 फरवरी को सरकार वर्ष 2024-25 का बजट सदन में पेश करेगी।

## बस और ट्रक के बीच टक्कर दो चालकों की मौत

RANCHI : राजधानी के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटीसिलवे-रामपुर रिंग रोड के बड़ाम कवाली के पास सोमवार देर रात एक बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बस और ट्रक के चालकों के रूप में हुई है। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलने के बाद नागपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों में फंसे चालकों के शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि बस में कोई भी यात्री नहीं था। ट्रक पर कोल्ड ड्रिंक लोड था।

## झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल

RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय कार्यकारिणी कमेटी की 22 फरवरी को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात और पार्टी के भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## फिरायालाल चौक से अतिक्रमण हटाने की मांग

RANCHI : फिरायालाल चौक से मंगलवार को स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण हटाने की मांग रखी। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौक के चारों ओर अतिक्रमण होने के कारण प्रतिदिन जाम लगता रहता है। जाम में घंटो गाड़िया फंसी रहती है। इसको लेकर लगातार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# अभिषेक हत्याकांड का मुख्य आरोपी टीपीसी कमांडर इरफान समेत तीन उग्रवादी गए जेल

## चार जनवरी को उग्रवादियों ने अभिषेक को गोलियों कर दिया था छलनी, कई सामान बरामद

CRIME REPORTER RANCHI : कोयलांचल क्षेत्र टंडवा, पिपरवार, खलारी, मैक्लूस्कीगंज, बुढमू और रातू में आतंक पर्याय बने, और कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड में शामिल टीपीसी कमांडर इरफान अंसारी समेत तीन उग्रवादी को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए टीपीसी उग्रवादी संगठन केसब-जोनल कमांडर अभिषेक, एरिया कमांडर इरफान अंसारी और बलवंत को गिरफ्तार किया है। इन उग्रवादियों के पास से पुलिस ने दो देशी पिस्टल, नौ जिंदा गोली, चार मोबाइल समेत कई अन्य सामान बरामद किया है।



पुलिस की गिरफ्त में उग्रवादी एरिया कमांडर इरफान अंसारी, अभिषेक और बलवंत।

- दो देशी पिस्टल, नौ जिंदा गोली, चार मोबाइल समेत कई अन्य सामान बरामद
- अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड समेत कई अन्य घटनाओं में शामिल था इरफान

**कोयलांचल क्षेत्र में व्यवसायियों के मन भय व्याप्त था :** एसपी राकेश रंजन ने अपने ऑफिस में मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि विगत कुछ दिनों से चतरा जिला के पिपरवार और टण्डवा थाना क्षेत्र में कोल-व्यवसायी और विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के सब-जोनल कमांडर अभिषेक, एरिया कमाण्डर इरफान अंसारी उर्फ तुफान और सक्रिय सदस्य बलवंत उर्फ संदीप लोहरा के नाम पर जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी। जिस कारण कोयलांचल क्षेत्र में कार्य से जुड़े व्यवसायियों के मन भय व्याप्त था।

इसी दौरान चार जनवरी को पिपरवार थाना क्षेत्र में कोल-व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव को रातू थाना क्षेत्र में गोली मारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना के बाद उग्रवादी संगठन के सदस्यों की शीघ्र गिरफ्तारी और कोल कार्यों से जुड़े व्यवसायियों के मन में व्याप्त भय से मुक्त करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था इसके बाद पुलिस की टीम ने तीनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया।

उग्रवादी इरफान अंसारी ने एक के बाद एक कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था। जिनमें पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाईवा में आगजनी, पिपरवार और खलारी थाना क्षेत्र के कोल-व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव को गोली मारकर निर्मम हत्या करने, और पिपरवार थाना क्षेत्र स्थित राजधर रेलवे साईडिंग में लोडिंग-कार्य और टण्डवा थाना क्षेत्र के उतराठी में निर्माणाधीन सड़क कार्य को बाधित कर स्थल पर गोलीबारी करवाने में शामिल था।

**गिरफ्तार उग्रवादियों का रहा है आपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार हुए उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास रहा है, इरफान अंसारी के खिलाफ रांची, चतरा और लातेहार जिले के अलग-अलग थाना में कुल 17 मामले दर्ज हैं। वहीं अभिषेक के खिलाफ चतरा और रांची में 6 मामले दर्ज हैं।

## रवि मिश्रा गोलिकांड का खुलासा : अधिवक्ता के दोस्त ने ही रची थी साजिश, 3 गिरफ्तार

### 30 लाख के बदले मांगा एक करोड़, फिर दोस्त ने बनाया मर्डर प्लान

CRIME REPORTER RANCHI : जिला के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के संस्कृत कॉलेज के पास बीते 11 फरवरी को अधिवक्ता रवि मिश्रा को गोली मारी गई थी। रांची पुलिस ने इस घटना का खुलासा किया है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि पैसे के लेन-देन के विवाद में रवि मिश्रा के दोस्त विक्रम अग्रवाल ने गोलीबारी की साजिश रची थी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए, इस घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विक्रम अग्रवाल, संजय अग्रवाल और रामू कुमार शामिल है। मंगलवार को एसएसपी ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस कर एसएसपी चंदन सिन्हा ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विकम ने रवि से दस लाख रूपया यह कहकर लिया था कि दस लाख के बदले तीन माह में तीन लाख रूपया देगा। इसके बदले विक्रम अग्रवाल के द्वारा बीस लाख रूपया तक लौटा भी दिया गया था। फिर भी अधिवक्ता रवि मिश्रा तीस लाख रूपया मांग रहा था, लेकिन इसी बीच विकम अग्रवाल कोलकाता के सॉल्ट लेक की जो 63 कट्टा जमीन है, उसको बंधक रखकर प्राईवेट कम्पनी से 30 करोड़ रूपया लोन ले रहे थे। उसकी जानकारी अधिवक्ता रवि मिश्रा को हो गयी, तो वह 30 लाख की जगह एक करोड़ मांगने लगे और पिछले दो तीन माह से पैसा के लिए ज्यादा ही दबाव देने लगा था।



प्रेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते रांची के एसएसपी।

### पांच लाख में तय हुआ हत्या का सौदा

रवि मिश्रा की हत्या के लिए 5 लाख रूपया में तय हुआ। एडवांस के रूप में विकम अग्रवाल के द्वारा 55 हजार रूपया संजय अग्रवाल के माध्यम से अपराधियों को भेजा गया। बाकी पैसा काम पूरा होने के बाद देने की बात तय हुई थी। घटना के दिन योजना के अनुसार, रात्रि 09:30 बजे रवि मिश्रा को विकम अग्रवाल के द्वारा पैसा का हिसाब किताब कर लेने की बात को लेकर बुलाया गया। इसकी जानकारी अपराधियों को भी दी गयी। इसके बाद जैसे ही अधिवक्ता रवि मिश्रा, विक्रम अग्रवाल के घर से निकले तो घात लगाये अपराधियों ने रवि मिश्रा पर पीछे से फायरिंग कर दी। जिसमें अधिवक्ता रवि मिश्रा को कमर के ऊपर गोली लगी और वे भागकर फिर से अपने मित्र विकम अग्रवाल के घर में घुस गये। उसके बाद अधिवक्ता को इलाज के लिए विकम अग्रवाल और उसके भाई पल्स अस्पताल ले गये थे।

## एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

PHOTON NEWS RANCHI : गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान एश्ले लकड़ा के अधिवक्ता द्वारा बहस के लिए समय की मांग की गयी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन के कोर्ट में एश्ले लकड़ा की याचिका पर सुनवाई हुई। एश्ले ने अपनी जमानत याचिका खारिज होने के बाद क्रिमिनल रिट दाखिल कर अपने ऊपर दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है दरअसल एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एटीएस द्वारा दर्ज की गयी कांड संख्या 1/2022 में श्रीवास्तव गिरोह के सरगना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव, अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु , मंजरी श्रीवास्तव, एश्ले लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, अमजद खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ नेपाली, असलम, फिरोज खान, सिद्धार्थ कुमार साहू, पिंटू और सुनील को आरोपी बनाया गया है।

## राज्यसभा सांसद दीपक को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

RANCHI : भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. अदालत ने उनके खिलाफ रांची एमपी-एमएलए कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यह मामला कांके के सुकुरहुरटू इलाके में किसान आंदोलन से जुड़ा हुआ है। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और कांके विधायक समरी लाल समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। उक्त लोगों के खिलाफ कांके थाना में कांड संख्या 141/2021 दर्ज की गई थी। सांसद दीपक प्रकाश और विधायक समरी लाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 188,269,270 और एपेडेमिक एक्ट के तहत आरोप गठित किया गया है।

### केंद्र और राज्य सरकार पर हाईकोर्ट ने लगाया 25-25 हजार रुपये का जुर्माना

## अदालत का समय बर्बाद किया जा रहा : हाईकोर्ट

PHOTON NEWS RANCHI : मांडर के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ गोपाल भगत की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पर 25-25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाते हुए अपनी मौखिक टिप्पणी में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अदालत के समय को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि जब हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश दिया था कि स्कूल वहीं बनेगा, जहां इसका शिलान्यास किया हुआ था, इसके बाद भी नए जगह पर एकलव्य विद्यालय बनाने का क्या औचित्य है। किसकी इजाजत से पुराने स्थान को छोड़कर नए स्थान पर एकलव्य आवासीय विद्यालय को बनाने का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार ने यथास्थिति बरकरार क्यों नहीं रखी थी? क्या सरकार अदालत के आदेश से ऊपर है ? इससे पूर्व सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 9 दिसंबर 2022 को हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए शिलान्यास किए जाने वाले स्थान पर एकलव्य विद्यालय बनाने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के आदेश में फेरबदल करने से इनकार कर दिया था।




दरअसल, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि मांडर में एकलव्य विद्यालय के लिए जो सबसे पहले जगह चयनित हुआ है उसी जगह पर स्कूल बनाया जाए। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी। बता दें कि मांडर के चान्हो में एकलव्य स्कूल बनाने के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन दी थी।

### पटना में दिया क्वेश्चन पेपर, रातभर कराई तैयारी, फिर भेजा सेंटर

## पेपर लीक : तीनों आरोपी से होगी पूछताछ

CRIME REPORTER RANCHI : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा (जेएसएससी) के प्रश्नपत्र लीक मामले में अब पुलिस रिमांड लेने की तैयारी कर रही है। झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उनके दो बेटे शाहजाद और शाहनवाज को रिमांड पर लिया जाएगा। एसआईटी ने रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई है। वहीं, दूसरी ओर इनके मोबाइल की जांच में कई बातें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि जिस मालवाहक ऑटो चालक ने कोडरमा में रहने वाले अपने भांजे पवन की नौकरी के लिए अवर सचिव शमीम से बात की थी, उस पवन को शमीम ने ही 25 जनवरी की रात पटना भेजा था। मोबाइल लोकेशन से मिली जानकारी बताती है कि झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम ने पवन को 25 जनवरी की रात पटना भेजा था। वहां लोगों ने पवन को क्वेश्चन पेपर दिया। पूरी रात तैयारी भी कराई। इसके बाद 27 की सुबह उसे धनबाद परीक्षा देने के लिए भेजा गया। पवन की परीक्षा 28 जनवरी को धनबाद में हुई, लेकिन परीक्षा देने के बाद पेपर लीक का मामला सामने आ गया और जेएसएससी ने परीक्षा रद्द कर दी। एसआईटी ने अब तक की जांच में यह पता लगाया है कि पवन की नौकरी के बदले आठ लाख रुपए एडवांस देने की डील हुई थी। हालांकि कुल कितने रुपए देने थे इसे एसआईटी ने स्पष्ट नहीं किया है। जब एडवांस पैसा देने में अक्षमता बताई तब मो शमीम ने पवन के सभी ओरिजन एजुकेशन डॉक्यूमेंट देने को कहा। इसके अतिरिक्त दो ब्लैंक चेक भी पवन ने मो शमीम को दिए थे।




## सदर अस्पताल में जल्द होगा फेफड़ों का इलाज

RANCHI : रांचीवासी जल्द सदर अस्पताल में फेफड़े का इलाज करवा सकेंगे। यह इलाज आयुष्मान योजना के तहत फ्री होगा। सदर अस्पताल में फेफड़ों के इलाज के लिए पल्मोनरी विभाग का ओपीडी खुलने जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में प्लमोलॉजिस्ट विभाग खुल चुका है। अब मरीज सदर में फेफड़े के संक्रमण व इससे जुड़ी बीमारियों का इलाज के साथ सर्जरी भी करा सकेंगे। साथ ही फेफड़ों का इलाज आयुष्मान योजना के तहत आता है, जिसके कारण अब गरीब लोग भी फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का इलाज मुफ्त करा सकेंगे। सदर में फेफड़ों के मरीज का इलाज राज अस्पताल की प्लमोलॉजिस्ट सुप्रभा चक्रवर्ती करेंगी।

### अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

## विविधता में एकता ही बड़ी शक्ति : राज्यपाल

PHOTON NEWS RANCHI : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। यहां पर अलग-अलग प्रान्तों की संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाज, परंपरा, खान-पान, वेशभूषा इत्यादि में विविधता है लेकिन हम सब एक हैं। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की प्राकृतिक सुंदरता एवं सांस्कृतिक विविधता भी अनूठी है। प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के कार्यक्रम से एक-दूसरे की संस्कृति से अवगत होने का अवसर मिलता है और राष्ट्रीयता की भावना प्रबल होती है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। इसी का परिणाम है कि विगत दिनों कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी नॉर्थ-ईस्ट में कई महती परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया है। वस्तुतः भारत का विकास तभी संभव है जब यहां के सभी प्रदेशों का सम्यक विकास हो और हम सब एकता एवं भाईचारा के साथ सतत प्रयत्नशील हैं।




### लोकसभा चुनाव 2024 : नेली नाथन व अमृत सिंह को बनाया गया को-चेयरमैन

## वार रूम की घोषणा : मानस सिन्हा बनाए गए चेयरमैन

झारखंड कांग्रेस लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी में जुट गयी है। इसे लेकर मंगलवार को झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस वार रूम के चेयरमैन, को-चेयरमैन और सहसंयोजकों की घोषणा की। मानस सिन्हा को चेयरमैन बनाया गया है। नेली नाथन व अमृत सिंह को को-चेयरमैन बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने वार रूम के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें वार रूम की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि चुनावी रणनीति व समन्वय बनाने में वार रूम की अहम भूमिका होती है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि झारखंड प्रदेश वार रूम के लिए मानस सिन्हा को चेयरमैन एवं नेली नाथन व अमृत सिंह को को-चेयरमैन एवं दीपक ओझा, अजय सिंह, पूर्णिमा सिंह, अजय जैन, जफर इमाम, राजीव नारायण प्रसाद, पिया बर्मन, गुलजार अहमद को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा मदन मोहन शर्मा एवं सूर्यकांत शुक्ला को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ को-ऑर्डिनेशन के लिए सह संयोजक बनाया गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के साथ-साथ वार रूम की भूमिका सूचनाओं का आदान-प्रदान करने, संगठन के दिशा निदेशों का पालन कराने, चुनाव के दौरान संगठन और कार्यकताओं के बीच संवाद कायम रखने में अहम होती है।



वार रूम के पदाधिकारियों को संबोधित करते राजेश ठाकुर।

### कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को दिया निर्देश

झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिला अध्यक्षों के साथ हुई ऑनलाइन मीटिंग के दौरान जिला अध्यक्षों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर बनाए गए वार रूम के चेयरमैन, को-चेयरमैन, सदस्यों द्वारा मांगी गई किसी भी तरह की वांछित सूचना को तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इसे प्राथमिकता सूची में रखा जाए, ताकि संगठन एक धारदार तरीके से चुनाव लड़ सके। वार रूम का गठन न सिर्फ चुनाव के लिए रणनीति बनाने और उसे लागू करने के लिए किया गया है, बल्कि गठबंधन के साथी दलों से आपसी समन्वय बनाए रखने में भी वार रूम की अहम भूमिका होगी।

## रांची के उत्कृष्ट स्कूलों में एडमिशन का मौका

RANCHI : रांची में स्थित पांच उत्कृष्ट स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जिले में टीवीएस हाई स्कूल, जगरनाथपुर, अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल, शहीद चौक, राजकीय बालिका प्लस 2 स्कूल, बरियातू, मॉडल स्कूल, कांके और कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल, नामकुम को उत्कृष्ट स्कूल के रूप में घोषित किया गया है। इन स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से सीबीएसई पाठ्यक्रम पर अंग्रेजी माध्यम से पठन-पाठन का काम होगा। इन स्कूलों में एडमिशन के लिए तीन मार्च तक आवेदन किए जा सकते हैं। इस तारीख के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। क्लास छह से 9वीं तक लिखित परीक्षा के आधार पर बच्चों का चयन किया जायेगा। क्लास 11 में नामांकन मैट्रिक के रिजल्ट के आधार पर होगा।

### भाजपा ने साधा कांग्रेस-जेएमएम पर निशाना

## यह ठगबंधन की सरकार पिछड़ा विरोधी : शाहदेव

PHOTON NEWS RANCHI : रांची में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह ठगबंधन सरकार पिछड़ा विरोधी है। पिछड़े को लेकर घड़ियालु आंसू बहाने वाले घमंडिया गठबंधन सरकार को अपने करतूतों को याद रखनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार पिछड़ो के हक के लिए समर्पित है। राज्य की गठबंधन सरकार की नीयत पर शक है। 14 महीने तक ओबीसी आयोग का अध्यक्ष पद रिक्त रखा। अगस्त, 2023 में कैबिनेट ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट ओबीसी आयोग करायेगा। लेकिन 8 महीना तक आयोग के अध्यक्ष पद को भी रिक्त रखा। प्रतुल ने कहा कि पंचायत चुनाव में राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर कहा था कि नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के तहत चुनाव कराएगी। लेकिन राज्य सरकार



BRIEF NEWS

### भगवान रामलला के दर्शन को गए श्रद्धालु



**ROURKELA :** राउरकेला शहर के धार्मिक संगठन और अन्य क्षेत्र के पदाधिकारी व सदस्य आज संकटमोचन मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद राउरकेला स्टेशन से जम्मूतबी एक्सप्रेस से अयोध्या दर्शन के लिए निकले। मंदिर के पुजारी द्वारा पूजा करने के बाद भक्तों ने जयश्री राम का जयकारा लगाया और रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। वेदव्यास की भूमि पर चन्द्रशेखर शिव मंदिर में, माँ सरस्वती के निकट भिक्षु जनकल्याण आश्रम में अन्य क्षेत्र की स्थापना की गई। यह संगठन मारवाड़ी समाज के लोगों को लेकर बना है। संस्था के अध्यक्ष किशन अग्रवाल, ट्रस्ट बोर्ड के मांगे लाला बोथरा, बद्री नारायणी महेश्वरी, राम बाबू, संस्था के सह अध्यक्ष ऋषि आर्य, महासचिव अशोक हलुआई सहित अन्य सदस्य व श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हुए।

### मैट्रिक परीक्षा आज से शुरू सुंदरगढ़ जिले में 24 हजार 701 छात्र दे रहे परीक्षा



**ROURKELA :** राज्य भर में मंगलवार से मैट्रिक परीक्षा शुरू हो गयी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जहां इसके लिए सभी तैयारियां कर ली हैं, वहीं छात्र भी परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर परीक्षा हॉल में प्रवेश कर परीक्षा दी हैं। इस साल राज्य में 5 लाख 51 हजार 611 छात्र मैट्रिक की परीक्षा दे रहे हैं।बोर्ड द्वारा 3 हजार 47 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई है। सुंदरगढ़ जिले में 117 केंद्रों पर कुल 24 हजार 701 छात्र परीक्षा दे रहे हैं।राउरकेला शहर, बंडामुंडा और इस्पात नगरी में 4 हजार 810 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं।इसके लिए 20 नोडल सेंटर खोले गये हैं। परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू हो गई है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए छात्र सुबह से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कतार में खड़े हो गये। नकल रोकने के लिए कड़ी जांच की गई।

### मृतक की पत्नी को ईंट भट्ठा मालिक ने दिया दो लाख का मुआवजा

**JAMSHEDPUR :** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत चुकरीपाड़ा गांव निवासी डुइका मुर्मू की बड़ाजुड़ी स्थित विकास अग्रवाल के ईट भट्ठा में काम करने के दौरान भट्ठा में ही मंगलवार की सुबह अचानक तबियत खराब हो जाने के कारण चक्कर खा कर गिर गया. उसके बाद अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया. इस घटना के बाद परिजन पांच लाख मुआवजा की मांग करने लगे. परिजन का कहना था कि कार्यस्थल पर मजदूर की मौत हुई है. परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था. ग्रामीणों की सूचना पर घाटशिला के जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू व धालभूमगढ़ के जिला परिषद सदस्य हेमन्त मुंडा अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचे. दोनों जिला परिषद सदस्य ने द्विपक्षीय वार्ता कराया. वार्ता के बाद परिवार के आश्रित को दो लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति बनी. इस मौके पर मृतक की पत्नी छिता मुर्मू, पुत्र दिनेश मुर्मू,भाजपा नेता शिवरतन अग्रवाल समेत अनेक लोग उपस्थित थे.

### लोजपा महानगर अध्यक्ष बने पंकज, पार्वती हुई पार्टी में शामिल

**JAMSHEDPUR :** मंगलवार की शाम आदित्यपुर स्थित आर के टावर में लोक जनशक्ति पार्टी की कोल्हन स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सरायकेला खरसावां रंजीत कुमार पांडे ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोग जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कोल्हान प्रभारी दया शंकर मिश्रा और प्रदेश सचिव मनोज पासवान मौजूद रहे। आज की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी के संगठन को मजबूत करने पर विचार रखा गया। साथ ही पार्टी संगठन को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई।

## विधायक ने गोईलकेरा के टाटीबेड़ा में दो सड़क का किया शिलान्यास

# हेमंत के कार्यकाल में राज्य में तेजी से हुआ विकास : जोबा मांझी

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोईलकेरा प्रखंड की सुदूरवर्ती क्षेत्र बारा पंचायत के टाटीबेड़ा गांव में मंगलवार को मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सह पूर्व मंत्री जोबा माझी ने डीएमएफटी फंड से बनने वाले दो सड़क का शिलान्यास किया। दोनों सड़क का निर्माण हो जाने से कई गांव के ग्रामीणों को सुविधा होगी। साथ ही रांची की दूरी भी कम हो जाएगी। टाटीबेड़ा गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मैदान में विधायक सह पूर्व मंत्री जोबा माझी ने बारा पंचायत के बारा गांव में घनश्याम पूर्ति के घर से टाटीबेड़ा सीमा तक पीसीसी सड़क व बारा पंचायत के तामसाई मुख्य सड़क से बन्दुकाबेड़ा से बीडी पोटो जाने वाली सड़क तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास पूजा अर्चना कर शिलापट्ट का अनवरण कर किया।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक जोबा मांझी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को भी पूर्व मंत्री जोबा माझी ने संबोधित किया। मौके पर पूर्व मंत्री जोबा माझी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में राज्य में तेजी से विकास हुआ है। गलत तरीके से मुख्यमंत्री को जेल भेजा गया है, जिसका जवाब आगामी चुनाव में जनता देगी। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में चिन्हित कर सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण कार्य के साथ-साथ अन्य विकास कार्य किये जा रहे हैं, इसमें स्थानीय ग्रामीण भी अपना सहयोग प्रदान करें।उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में वन पट्टा का वितरण जब शुरू होने की बात हुई तो मैंने मंत्री रहते हुये यह निर्णय लिया था कि इसी टाटीबेड़ा मैदान से वन पट्टा वितरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे लोगों की समस्या दूर की जा रही है।शहीद देवेन्द्र माझी ने जो सपना क्षेत्र के लोगों के लिए देखा था, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा।

इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी सह शिक्षिका मिनी सोय, गोईलकेरा के थाना प्रभारी राहुल कुमार, गोईलकेरा प्रखंड के बीडीओ विवेक कुमार ने भी संबोधित करते हुये राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को लेने की बात कहीं।थाना प्रभारी राहुल कुमार ने कहा कि क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है,वहीं बीडीओ विवेक कुमार ने पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर झामुमो नेता अकबर खान,रौशन मुर्मू, नंद किशोर कुन्टीया, हरिश बोदरा, कार्य कराने वाले संवेदक, रघुनाथ तियु समेत स्थानीय महिला-पुरूष ग्रामीण मौजूद थे।

### ईचागढ़ समेत पूरे झारखंड में ऐतिहासिक बदलाव करेगी आजसू

**CHAQDIL :** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि 2024 के चुनाव में आजसू पार्टी ईचागढ़ समेत पूरे झारखंड में ऐतिहासिक बदलाव करेगी। जिस पार्टी ने जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने की बात कही थी, उनके मुखिया जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद हैं। नदी का बालू लूटवा रहे हैं। झामुमो नीत सरकार ने चार साल में राज्य को विनाश के दलदल में डाल दिया है। वे मंगलवार को चांडिल डैम के सामने रिसोर्ट में आजसू पार्टी के मिलन समारोह सह सदस्यता ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री रहे झामुमो के हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। जेल जाना अपमान नहीं है, जो स्वाधीनता संग्राम और झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में जेल गए, उनके लिए ये मान-सम्मान और स्वाभिमान की बात है। लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना घोर अपमान है। झामुमो का नारा था आबुआ राज लेकिन इसे बाबुआ राज बना दिया है। सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार की खुली छूट दे रखी है।

# गाईसूटी पंचायत में जरूरतमंदों के बीच कंबलों का किया वितरण



बुजूर्गों को कंबल देते झामुमो प्रखंड कमेटी के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुवा के व्यस्तम कार्यक्रम के बाद झामुमो प्रखंड कमेटी ने क्षेत्र में मोर्चा संभाल लिया है। मंत्री के निर्देश पर कमेटी के लोग बुधवार को सदर प्रखंड अंतर्गत गाईसूटी पंचायत के सिंद्री गांव पहुंचे। वहां जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। कंबल मिलते ही लोगों के चेहरे खिल गए। मंत्री दीपक बिरुवा ने दो माह पूर्व से बढ़ते ठंड को देखते हुए अपने क्षेत्र के विभिन्न गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने का कार्य प्रारंभ किया था। मंत्री की सोच है कि अत्याधिक ठंड व शीतलहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को देखते हुए असुरक्षित व्यक्तियों को ठंड से राहत पहुंचाना है।

उन्हें झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की सरकार में मंत्री बनाए जाने के कारण वर्तमान समय में अपने कार्य से व्यस्त हो गए हैं। उनके व्यस्तम कार्य को देखते हुए कंबल वितरण करने का काम झामुमो प्रखंड कमेटी ने संभाल लिया है। कमेटी के पदाधिकारी ने बुधवार को गाईसूटी पंचायत पहुंच कर सैकड़ो बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान पंचायत के सिंदरी, कांकी, गाईसूटी, मुरूम, चढ़ाई, नाकाहासा, लोकेहातु, चिमिसाई, ऊलीझारी, टांगराई आदि गांव के लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सतीश सुंडी, उपाध्यक्ष राजू सुंडी, सचिव मानाराम कुदादा, मुखिया अनीता तियू के हाथों कंबल वितरण किया गया।

## जिला स्कूल चाईबासा में परीक्षा पर चर्चा का हुआ आयोजन

# अभिभावक बच्चों में परीक्षा का भय न दें उनसे करें मित्रवत व्यवहार : दोदराजका

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन जिला स्कूल चाईबासा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में परीक्षा के समय होने वाले तनाव को कम करना है। जिससे बच्चे तनाव रहित माहौल में परीक्षा दे सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य विकास दोदराजका ने कहा कि हम सबने भी विधार्थी जीवन में परीक्षाओं का सामना किया है।

उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में बच्चे परीक्षा को लेकर अधिक तनाव में रहते हैं जो कि उनकी मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है। परीक्षा को सहज रूप में लेना चाहिए। बच्चों में इसे लेकर अनावश्यक तनाव न



लोगों को संबोधित करते अतिथि। ● फोटोन न्यूज

दें उनको मानसिक रुप से सशक्त बनाना है। हम अभिभावकों की यह जिम्मेदारी लेनी है कि अपने बच्चों से मित्रवर व्यवहार रखें। ताकि बच्चे अपनी सभी परेशानियों को बिना किसी झिझक के उनके साथ साझा कर सके। साथ ही वर्तमान समय में मोबाइल के इस्तेमाल से बच्चों पर होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की। उन्होंने अभिभावको और शिक्षको से कहा की मोबाइल को एक तकनीक के रूप में देखें जो कि बच्चों के भविष्य निर्माण में उनकी सहायता कर सकता है। कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों से विकास दोदराजका ने आग्रह किया कि वह अपने सुझाव विचार एवं अनुभवों को साझा करें ताकि अन्य सभी प्रतिभागियों के लिए भी हितकारी हो।

कार्यक्रम में शामिल एडीपीओ अमित कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान परिवेश में परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने की आवश्यकता है। जिस प्रकार हम लोग दशहरा दिवाली होली या अन्य त्योहारों का उत्सव मनाते हैं। ठीक उसी प्रकार बच्चों के अंदर परीक्षा को लेकर एक उल्लास के संचार की आवश्यकता है। जिसकी जिम्मेदारी हम अभिभावकों एवम शिक्षकों की है। बच्चे परीक्षा को भय के रूप में ना लेकर के अपने भविष्य निर्माण की सीढी के रूप में देखें, जो की निरंतर अभ्यास से संभव है। हमें इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। बच्चों को विषय वस्तु का निरंतर अभ्यास करते रहना बहुत लाभकारी होगा। मौके पर ओमप्रकाश तिवारी ने कार्यक्रम की महत्ता को स्पष्ट करते हुए यह कहा कि अगर समस्याएं लाखों में है तो समाधान करोड़ों में है, आवश्यकता इस बात पर विशेष बल देने की है कि हम उन अवसरों को किस रूप में देखने एवं पहचान का कार्य करते हैं।

# प्रखंड कार्यालय में डीसी ने पेंशन योजना शिविर का किया उद्घाटन



जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज


**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राज्य सरकार के द्वारा 60 वर्षीय आयु से पेंशन राज्य की जनता को दी जा रही थी पर वर्तमान समय में महिलाओं को 50 वर्ष और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पुरुषों को 50 वर्ष से पेंशन की सुविधा दी जाएगी। इसे लेकर जमशेदपुर प्रखंड व अंचल कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय पेंशन शिविर लगाया गया।

वहां इस शिविर का शुभारंभ जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डीडीसी मनीष कुमार, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सामाजिक कल्याण पदाधिकारी समेत पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को इस योजना के लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी ने गुब्बारे छोड़कर और शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की यह कल्याणकारी योजना है ऐसे में अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ मिल सके इसका लक्ष्य निर्धारित करते हुए जिले के विभिन्न पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है साथ ही-साथ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ रवाना किया जा रहा है ताकि लोग इस कल्याणकारी योजना से लाभान्वित हो सके।

# विदेशी शराब दुकानों को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन, तीव्र आंदोलन की चेतावनी

**PHOTON NEWS ROURKELA :** विदेशी शराब दुकान स्थानांतरण की मांग को लेकर सैकड़ों महिलाएं मंगलवार को सड़क पर उतरीं। सुंदरगढ़ जिले के गुरुंडिया ब्लॉक में यह शराब की दुकान पुलिस स्टेशन और स्कूल से महज 50 मीटर की दूरी पर है। पास में ही आंगनवाड़ी केंद्र भी है। इस विदेशी शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने जन आंदोलन किया और गुरुंडिया तहसीलदार को मांग पत्र दिए। जब विदेशी शराब की दुकान सार्वजनिक बस्ती के बीच में स्थित होने से शराबियों की उत्पात से अक्सर लोगों को परेशानी हो रहा है। बच्चों को पढ़ने में परेशानी हो रही है और महिलाएं उस रास्ते से



विरोध-प्रदर्शन करते लोग। ● फोटोन न्यूज

आने-जाने में असुरक्षित महसूस कर रही हैं। इसके अलावा शराबी कांच की बोतलें तोड़कर सड़कों और खेतों में फेंक देने से भी दिक्कतें आती हैं।

इसी क्रम में गुरुंडिया के सरपंच प्रभाकर मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं समेत आम लोग जुटे और विदेशी शराब दुकान के स्थानांतरण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।बाद में गुरुंडिया तहसीलदार को पत्र दिया गया।

इससे पहले जिलपाल के जनसुनवाई कार्यक्रम में उन्होंने इस विदेशी शराब की दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की थी।निर्वाचित प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अगर विदेशी शराब की दुकानें स्थानांतरित नहीं की गईं तो आने वाले दिनों में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन के दौरान सरपंच सहित समिति के सदस्य नायब सरपंच झुनटू ओराम वार्ड सदस्य राज कुमारी गोछ्छायत, शिवरात्रि किसान, लक्ष्मण बुडा, कुमारी ओराम, सुशील मुंडा, रंजन किसान, रीना ओराम, भीम ओराम, दीपक लुगुन, लुदविना सोरेन, सुशील किंडो , दीपक गोचरियत और सामाजिक कार्यकर्ता अभिराम महाकुले जयराम तिर्की, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष शांतनु कुमार दास, गुरुंडिया मंडल अध्यक्ष सुब्रोजीत मुंडा, युवा मोर्चा जिला कार्यकर्ता दीपक कुमार बेहरा, शांतनु महाकुले और सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### मारपीट करने वाले पांच लोगों के खिलाफ थाना में मामला दर्ज

**NOAMUNDI :** जगन्नाथपुर के मौला नगर निवासी आकिब जावेद ने पांच लोगों के खिलाफ जानलेवा मारपीट करने का मामला थाना में दर्ज कराया है। 19 फरवरी को जगन्नाथपुर थाना में दर्ज मामले में अनवर अंसारी, नवाज हुसैन उर्फ बिरसा, अजय, तौसीफ, आसिफ इकबाल और पुतलु को जानलेवा मारपीट के आरोपी बनाया है। मामले को लेकर बताया गया है कि 6 से 7 महीने पूर्व हाईवा संख्या जेएच 05 सीवाई 1215 के ट्रांसपोर्टर अनवर अंसारी उर्फ जोनी के देखरेख में चल रहा था। हाईवा मलिक सयाल जोड़ा निवासी अनिल कुमार महतो का अनवर अंसारी के द्वारा 6 लाख रुपया बकाया हो गया था। इसलिए हाईवा को 18 फरवरी 2024 को कोटगढ़ स्थित चौक के पास खड़ी करने को कहा गया। ट्रांसपोर्ट अनवर अंसारी ने एक स्कॉर्पियो में अपने 5-6 लोगों के साथ आया और हाईवा गाड़ी को जबरदस्ती जगन्नाथपुर की ओर ले जाने लगा।

# अत्याधुनिक कल्याण मंडप की रखी गयी आधारशिला



**PHOTON NEWS ROURKELA :** बसंती कॉलोनी में मंगलवार को श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक ने अत्याधुनिक कल्याण मंडप भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ 40 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही कॉलोनी के नये वार्ड 16, 17 एवं 18 में कुल 15 करोड़ 51 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यो का आधारशिला श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक द्वारा रखा गया है। श्रम मंत्री शारदा नायक ने कहा क ओवरब्रिज, डुअल कैरिजवे, सड़क पर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बस्तियों में सुविधा, स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा जैसे कई कार्य हो रहे है। इस दौरान नगर अध्यक्ष गगन पांडा, उपाध्यक्ष जयंत कुमार मिश्र, अन्य उपाध्यक्ष सुदाम चंद्र दास, महिला नेत्री जोच्चना नायक, सुनंदा सेनापति, ने अपना-अपना भाषण दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता श्रीचरण मोहंती, सुकांत स्वाई, जगबंधु प्रधान, सुरेंद्र कुमार महापात्र, दुर्गा चरण सारंगी, विक्रम आचार्य, मौसमी शेतपथी, डीएन बारिक, सुदशांशु साहनी, गौरी शंकर, कृष्ण चंद्र सिंह, रामचंद्र पात्र आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीत के साथ किया आगाज

# पेनाल्टी शूटआउट में स्पेन को दी शिकस्त

**PHOTON NEWS ROURKELA :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बिरसा मुंडा स्टेडियम में अपने अभियान की शुरूआत मंगलवार को जीत के साथ की। भारत ने स्पेन के खिलाफ तनावपूर्ण मैच शूटआउट में 7-8 गोल से जीत लिया। मैच के निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं और मैच का फैसला शूटआउट में हुआ। इसके अलावा भारतीय टीम ने बिरसा मुंडा स्टेडियम में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है। अभिषेक को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मैच के 38वें सेकेंड में भारतीय



जीत के बाद खुशी मनाते भारतीय हॉकी टीम। ● फोटोन न्यूज

स्टार हरमनप्रीत सिंह ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, पहले गोल के दो मिनट बाद मैच के तीसरे मिनट में स्पेन को पेनल्टी कॉर्नर का मौका मिला। स्पेन के जोस बास्टेरा इससे नहीं चूके। उन्होंने खूबसूरत गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। 15वें मिनट में स्पेन के बोर्जा लाकाली ने फील्ड गोल कर अंतर 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में हालांकि भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार वापसी की। 35वें मिनट में अभिषेक ने भारत के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। अंतिम दो तिमाहियों में दोनों टीमों की ओर से कई प्रयास हुए लेकिन किसी के गोल न कर पाने के कारण मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। हालांकि, बाद में भारत ने सुटआउट में जीत दर्ज किया। आज खेले गए एक अन्य मैच में नीदरलैंड ने आयरलैंड को 2-1 से हरा दिया।

# प्रशांत सेठी के बस्ती अभियान में समस्या सुलझाने की हुई कोशिश

**PHOTON NEWS ROURKELA :** पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रशांत सेठी आओ हम बस्ती चले अभियान में लोगों के घर-घर जाकर क्षेत्र की सामाजिक और व्यक्तिगत समस्याओं को हल करने की कोशिश कर रहे है। रघुनाथपल्ली विधानसभा क्षेत्र बोंडोमुंडा के फूलबाड़ी और चंपागढ़ बस्ती इलाके में पहुंचे। इस रविवार को कार्यक्रम के तहत उन्होंने क्षेत्र के प्रत्येक घर में जाकर लोगों की सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं से अवगत हुए क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्गों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और दिव्यांगों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाएं और सरकार की सहायता सही समय पर लाभार्थियों तक पहुंच रही है या नहीं और उन्हें देखने को मिला कि यहां बहुत सारे गरीब हैं जो लोग राशन कार्ड पाने से वंचित हैं।



अभियान में शामिल लोग। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने समस्या को सरकारी अधिकारियों के ध्यान में लाने और आधिकारिक स्तर पर इसका समाधान करने का वादा किया। कार्यक्रम में दिलीप मोहंती, जगबंधु टुडू, रत्नाकर सामंतराय, लशमी माथेर्या, गीतांजलि सामंतराय, निराकर रॉय, चित्रसेन मोहंती, साकरो मरांडी समेत अन्य युवा उपस्थित थे।

# तेजस्वी बोले-सीएम के पास ना विजन,ना गठबंधन तोड़ने का रीजन

## जन विश्वास यात्रा पर निकले; महादेव और माता-पिता का लिया आशीर्वाद

एजेंसी

**पटना ।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव आज मुजफ्फरपुर से जन विश्वास यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं। यात्रा से पहले तेजस्वी ने अपने आवास में महादेव की पूजा की। इस दौरान लालू-राबड़ी भी उनके पीछे खड़े दिखाई दिए। तेजस्वी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज से मैं जनता के बीच जा रहा हूं। 17 महीने में हमने जो काम किया वो 17 साल में नहीं हुआ। साथ ही कहा कि नीतीश कुमार का ना कोई विजन है, ना गठबंधन बदलने का कोई रीजन है। वो जनमत को अपने पैर की जूती समझते हैं।यात्रा पर निकलने से



पहले तेजस्वी ने मां राबड़ी और पिता लालू का आशीर्वाद लिया। लालू ने कहा कि आशीर्वाद है बेटा। तेजस्वी ने गाय को रोटी खिलाई। इसके बाद बेटी कात्यायनी के साथ वो घर के मेन गेट तक आए। कुछ देर तक बेटी को लाड किया। फिर बस में बैठकर मुजफ्फरपुर के लिए निकल गए।तेजस्वी ने कहा कि हम जनता के बीच जा रहे हैं। हमारी पार्टी के लोगों को आशीर्वाद मिला है। 2 चुनावों में हम बिहार की सबसे बड़ी पार्टी बने हैं। आने वाले चुनाव



में जनता हमारे साथ खड़ी रहेगी। माता की ममता, पिता की क्षमता और पत्नी की उत्तमता और लोकधर्म की प्रधानता के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं। मालिकों (जनता) के सामने अपनी बात रखेंगे। हम जनता की आवाज बुलंद करने का काम करेंगे। जो 17 साल में नहीं हुआ वो 17 महीने में कर के दिखाया है। नीतीश कुमार जनमत को अपने पैर की जूती समझते हैं।राजद नेता तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा शुरू होने से पहले उनके पिता और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा, पूरा आशीर्वाद है। बहुत काम किया है। आगे भी काम करेगा। जनता से अपील है कि इसके मनोबल को ऊंचा करें...₹बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा, पिछली बार भी उन्होंने (नीतीश कुमार) पलटी मारी थी तब वे खुद ही आए थे, हमने नहीं बुलाया था। एऊ की पूछताछ पर कहा जांच होने दीजिए, 25 साल से हमारे ऊपर जांच हो रही है, लेकिन कहां कोई नई बात निकल कर आ रही है। हमारे साथ देश और बिहार की जनता है।28 जनवरी को नीतीश कुमार ने तेजस्वी सहित कांग्रेस और लेफ्ट का साथ

## एसटीएफ ने फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार



**पटना ।** पटना एसटीएफ को एक बड़ी कामयाबी मिली है। एसटीएफ ने डेढ़ साल पहले हुए हत्या के एक आरोपी को पटना के राजापुर से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि आरोपी उमेश इन दिनों पटना में छिपकर रह रहा है। एसटीएफ ने उसके लोकेशन को ट्रैक किया और रात में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया।
पटना के नासिरीगंज के रहने वाले दीपक मेहता की हत्या अपराधियों ने कर दी थी। 28 मार्च की रात लगभग साढ़े नौ बजे दानापुर थाना क्षेत्र के नासरीगंज पुलिस चौकी के पास मोटरसाइकिल सवार चार अपराधियों ने दीपक मेहता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची थी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। दीपक मेहता राजनीति में सक्रिय रहने के साथ-साथ जमीन कारोबार से भी जुड़े हुए थे। दीपक का बिस्कुट फैक्ट्री मोड़ मिथिला कॉलोनी, दानापुर में 52 कट्ठा जमीन को लेकर रवि गोप और उसके साथी से विवाद हुआ था। इसके अलावा, दीघा में 29 कट्ठा प्लॉट को लेकर भी बुद्धा कॉलोनी के रहने वाले उमेश कुमार से विवाद चल रहा था। पुलिस ने इस हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए शूटर समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से हथियार और कारतूस बरामद किये गए थे। साथ ही वारदात में इस्तेमाल किए गए मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने बरामद किया था। गिरफ्तार आरोपियों के नाम राजू कुमार, राजकुमार सहनी उर्फ बालक, मनोज कुमार और मोहम्मद आजाद हुसैन उर्फ पिंटू था। इस मामले में रवि गोप और उमेश फरार चल रहे थे।

## पूर्णिया में दो ज्वेलरी शॉप में चोरी

एजेंसी

**पूर्णिया ।** पूर्णिया में शातिर चोरों ने दो ज्वेलरी शॉप में घुसकर 65 हजार की ज्वेलरी की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। रात के अंधेरे और सन्नाटे का फायदा उठाकर चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। वहीं, चोरी की इस घटना को लेकर पीड़ित व्यवसाइयों ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दी है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रानीपतरा बाजार स्थित स्टेशन रोड की है। पीड़ित



ज्वेलरी व्यवसाई की पहचान ज्वेलरी दुकानदार संजीव ठाकुर और मदन साह के रूप में हुई है।घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित दुकानदार संजीव ठाकुर और मदन साह ने बताया कि वे रविवार रात ज्वेलरी शॉप बंद कर दोस्त की बारात में शरीक होने गए थे। सोमवार की सुबह करीब 8 बजे उन्हें स्थानीय दुकानदारों ने फोन कर ज्वेलरी शॉप का ताला टूटे होने की जानकारी दी। जिसके बाद वे शाम करीब 4 बजे बारात से सीधे अपने ज्वेलरी शॉप आए। यहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि ज्वेलरी शॉप का ताला टूटा पाया। अज्ञात चोरों ने दोनों दुकान से करीब 65 हजार रुपए के ज्वेलरी और कुछ कैश की चोरी कर ली और फिर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

## 600 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**आरा ।** भोजपुर पुलिस ने बड़हरा थाना क्षेत्र के मटुकपुर गांव से देसी शराब की तस्करी करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इसके पास कार से 600 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। पकड़ाया गया तस्कर पटना जिला बिहटा थाना क्षेत्र के पथलौटिया गांव निवासी रौशन कुमार है। इसे लेकर पुलिस ने धंधेबाज और तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी की है। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष संजय कुमार और एएसआई राजकुमार शर्मा दलझबल के साथ छापेमारी कर



कार को जब्त कर लिया है। कार के बारे में छानबीन की जा रही है।वही, एसपी प्रमोद कुमार के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए विशेष से अभियान में 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें वारंट में 15, शराब में 19 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान 836 लीटर देसी शराब बरामद की गई।
साथ ही दस शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 1450 लीटर शराब विनष्ट की गई। करीब 149 वारंट एवं 18 कुर्की का निष्पादन किया गया। करीब 447 वाहनों से 57500 रुपए जुमार्ना वसूला गया। वही, आयर थाना क्षेत्र के चिरापुर निवासी बिट्टू कुमार को 30 लीटर देसी शराब और चोरी की बाइक साथ गिरफ्तार किया गया है।

## रोडरेज में युवक को मारा चाकू,हालत नाजुक

एजेंसी

**आरा ।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के संकट मोचन नगर मोड़ पर सोमवार की देर शाम रोडरेज को लेकर एक युवक को मारपीट के बाद चाकू मार दी गई। जख्मी युवक को चाकू बाय साइड कंधे पर मारी गई है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसके साथ रहे तीन अन्य साथियों के द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।जख्मी चालक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी लक्ष्मण धानु का 23 वर्षीय बेटे राधे श्याम धानु है। वह पेशे से ट्रैक्टर चालक है एवं खुद का ट्रैक्टर चलाता है।



इधर,जख्मी राधे श्याम धानु ने बताया कि वह उदवंतनगर थाना के समीप से ट्रैक्टर पर पुआल लोड कर अपने गांव तीन अन्य साथियों के साथ लौट रहा था। लौटने के क्रम में जब वह ट्रैक्टर लेकर बाजार समिति स्थित ओवर ब्रिज पर चढ़ा। उसी बीच एक कार में सवार चार युवकों द्वारा ओवरब्रिज पर ही कार घुमाने लगे।तभी उसने अपने ट्रैक्टर का लाइट जलाया तो उसने कहा कि लाइट क्यों जल रहा है मैं तुझे मार दूंगा तो उसने कहा कि एक तो तुम ओवर ब्रिज पर बीच में ही कार घुमा रहे हो और मारने के लिए भी कह रहे हो। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद कार में बैठे उक्त युवकों द्वारा कहा गया कि आगे चल मैं तुझे बताता हूं। जब ट्रैक्टर लेकर संकट मोचन नगर मोड़ पर पहुंचा। तभी चारों उक्त युवक कार से उतरे और उसे ट्रैक्टर से नीचे उतारा।
इसके बाद एक युवक ने लोहे के रॉड से उसे पीट दिया। जबकि दूसरे युवक द्वारा उसे चाकू मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसके साथ रहे तीनों साथियों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

## युवक को तमिलनाडु में ट्रेन से फेंका, मौत

**मोतिहारी ।**मोतिहारी का दो युवक सुरेंद्र और मोहन तमिलनाडु ट्रेन से जा रहे थे। इसी बीच विल्लुपुरम के पास ट्रेन में सवार लोकल मजदूर से दोनों की किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान किसी ने मोहन को चलती ट्रेन से फेंक दिया। जिसमें मोहन बिजली के तार की चपटे में आने से बुरी तरह जल झुलस गया और रेलवे ट्रैक पर लोगों से मदद की गुहार लगाने लगा।लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। वहीं लोगों ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो को देखकर वहा के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। उसके



मौत के नौ दिन बाद उसका शव उसके पैतृक गांव पहुंचा। जहां उसके परिजन उसके शव से लिपट कर रोने लगेस्थानीय मुखिया विनय कुमार ने बताया कि उनके पंचायत के कवलपुर के रहने वाले मोहन महतो और सुरेंद्र महतो 4 फरवरी को मजदूरी करने के लिए तमिलनाडु ट्रेन से जा रहे थे।इसी बीच विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन में उसकी झड़प हो गई। जिसके बाद उसे चलती ट्रेन उसे किसी ने फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## संक्षिप्त डायरी

### महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शेखपुरा की सृष्टि को मिला कांस्य




**शेखपुरा ।** मेघालय ताईकवांडो एसोसिएशन ऑफ इंडिया एंड खेलो इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 1 चरण 14 से 17 फरवरी तक मेघालय के शिलांग मे आयोजित किया गया था। जिसमें बिहार टीम की ओर से शेखपुरा ताइक्वांडो संघ के 3 महिला खिलाड़ी भी टीम में शामिल हुई थी।इस नेशनल प्रतियोगिता में कैडेट वर्ग ओवर 59 किग्रा भार में सृष्टि कुमारी ने खेलते हुए कांस्य पदक अपने नाम करने में सफल रही और दूसरे हर्ङ्गील्ल'२ ताइक्वांडो लीग के लिए क्वालीफाई की। बता दे की बिहार की ओर से फेज 1 ऑफ १२३ खेलो इंडिया हर्ङ्गील्ल'२ ताइक्वांडो लीग 2023-24 में बिहार को कुल 8 पदक में 2 रजत पदक और 6 कांस्य पदक हासिल हुआ 'जिसमें कैडेट वर्ग ओवर 59 किग्रा भार में सृष्टि कुमारी ने खेलते हुए कांस्य पदक राज्य टीम को दिलाने में सफल हुई। विश्वाजीत कुमार ने आगे कहा कि सब जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 5 मेडल और राष्ट्रीय विद्यालय खेल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 1 मेडल सहित वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शेखपुरा ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने कुल बिहार को 6 मेडल देने में सफल रहें 'बिना सुविधा के ताइक्वांडो खिलाड़ी अपने होनहार जिला ताइक्वांडो प्रशिक्षक अमर कुमार और कुंदन कुमार के अथक प्रयास से इस खेल में खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन दे रहे हैं। सृष्टि कुमारी की मेडल जीतकर वापस लौटने पर जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष एडवोकेट मनीषा कुमारी, कोषाध्यक्ष रमाशंकर कुमार , शेखपुरा जिला ताइक्वांडो प्रशिक्षक अमर कुमार, कुंदन कुमार, सीनियर खिलाड़ी मे खुशबू कुमारी, निखिल , हर्ष उज्ज्वल, आशीष कुमार , अभिजित आनंद,बंटी, रोहित, रवि सागर सहित जिला के कई खेल प्रेमियों सहित शेखपुरा ताइक्वांडो संघ खिलाड़ियों में खुशियों का माहौल रहा '।

### बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवक को ट्रक ने कुचला मौत



**मधुबनी।** मधुबनी के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक के पास सोमवार की देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बेहटा वार्ड नंबर 9 निवासी मिंटू राम (30) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह परोस के घर में बर्थडे में सम्मिलित होने के लिए गया था।वहीं देर रात जब वह अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान सड़क पार करते समय ट्रक ने उसे कुचल दिया। घटना की जानकारी के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं भाग रहे ट्रक को स्थानीय लोगों ने भागने के दौरान पकड़ लिया। जिसके बाद घटना की सूचना बेनीपट्टी थाना को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। वही बेनीपट्टी थाना कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया।मृतक युवक के छोटे भाई ने बताया कि घर में वह इकलौता काम करने वाला सदस्य था। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है।

### उत्पाद विभाग ने नक्सल प्रभावित इलाकों में की छापेमारी



**लखीसराय।** लखीसराय के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कजरा थाना अंतर्गत श्री किशुन कोड़ासी में उत्पाद विभाग के द्वारा शराब के खिलाफ ड्रोन के माध्यम से सर्च अभियान चला कर भारी मात्रा में जावा महुआ के साथ देसी शराब को जब्त कर नष्ट कर दिया। उत्पाद थाना के दरोगा गुड्डू कुमार ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र कजरा थाना के जंगल में शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नक्सल प्रभावित पहाड़ी क्षेत्र के जंगल से 7610 लीटर जावा महुआ और 150 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है।उन्होंने बताया कि साथ ही उन्होंने बताया कि जलप्पा स्थान से बसमतिया निवासी रामाशीष यादव के पुत्र रंजीत कुमार, मोहनपुर निवासी नरेश यादव के पुत्र संजय कुमार एवं निस्ता से जयराम मे यादव के पुत्र रवि कुमार को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि शराब के साथ शराब बनाने उपकरण भी बरामद किया गया है, सभी मिलेगा उपकारणों को विनस्ट कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अभियान में चानन थानाध्यक्ष अमित कुमार भी शामिल थे।

## समस्तीपुर सदर अस्पताल में एड्स पीड़ितों की शादी

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर सदर अस्पताल में सोमवार को अनोखी शादी हुई, जहां लक्ष संक्रमित युवक और महिला की शादी कराई गई। इस शादी में बाराती और सराती की भूमिका में डॉक्टर, सिविल सर्जन और लक्ष परापर्श केंद्र के कर्मी रहे। एड्स पीड़ित दुल्हन दरभंगा जिले की रहने वाली है, जबकि लड़का समस्तीपुर का रहने वाला है। दोनों की सहमति के बाद डॉक्टरों ने अस्पताल परिसर में ही शादी कराई, जिसमें काउंसलर विजय मंडल ने अहम भूमिका निभाई है। लड़की पहले से शादीशुदा थी। एचआईवी पॉजिटिव की जानकारी पति को मिली तो वह छोड़ दिया। इसके बाद महिला कोर्ट गई। कोर्ट ने 1000 रुपए प्रत्येक माह खर्चा के लिए लड़के को देने को कहा। लेकिन वह समय से रुपए



नहीं देता था।लड़की दरभंगा एड्स परामर्श केंद्र में आती थी। इस दौरान काउंसलर विजय मंडल का तबादला समस्तीपुर हो गया। समस्तीपुर में विजय की मुलाकात 25 वर्षीय युवक से हुई, जो मुफस्सिल थाना क्षेत्र का रहने वाला है। परदेश में रहने के दौरान वह भी लक्ष संक्रमित हो गया था। विजय ने दोनों संक्रमितों को मिलाकर नई जीवन की शुरू करने की सलाह दी।

## डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के तीखे वार बोले

एजेंसी

**पटना ।** विधानसभा में विमर्श राज्य के बजट पर था। लेकिन, हिसाब-किताब से ज्यादा चर्चा राजनीति पर हुई। डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने तीखे वार किए। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने वो दिन भी देखा है जब बिहार में ऑर्गेनाइज्ड क्राइम होता था और 1, अणे मार्ग में बैठकर वसूली होती थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज में सीएम आवास में बैठ कर गुंडागर्दी वाला राजपाट नहीं चल सकता है। नीतीश कुमार की इमेज सुशासन के साथ विकास की है। वो (तेजस्वी) कहते थे बिहार में खेला होगा। सरकार में रहते अपने ऑफिशियल सोशल साइट पर कहा- जदयू के 17 विधायक गायब हो गए। बताईये




उनपर कार्रवाई करनी चाहिए कि नही? राज्य में गुंडों और रावण का प्रतीक कौन है ये अति पिछड़ा समाज जानता है। जो पार्टी राम को काल्पनिक कहती आई है, उसके नेता राम की बात करने लगे हैं। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को विधानसभा में वर्ष 2024-25 के बजट पर सामान्य विमर्श के बाद सरकार का जवाब दे रहे थे।डिप्टी सीएम ने कहा- उनके समय ठहरा हुआ बिहार था, अब बढ़ता हुआ बिहार है। उनकी तरफ से अभी नौकरी के दावे किए जा रहे हैं पर उनको ये जानना चाहिए कि 15 साल के लालू-राबड़ी राज में बिहार में 1 लाख लोगों को भी नौकरी नहीं मिली थी। 2005-2020 के एनडीए राज में 7.50 लाख नौकरी दी गई। चार नए बड़े पुल चालू हुए : लालू-राबड़ी राज में उस राज में एक गांधी सेतु भी जर्जर हो गया था। अब राज्य में चार नए बड़े पुल चालू हो गए हैं और बक्सर से साहेबगंज तक 13 पुल बन रहे हैं। केंद्रीय कर में हिस्सा बढ़ा : सरकार के बदलते ही केंद्रीय कर में प्रदेश की हिस्सेदारी 9000 करोड़ बढ़ गई। बिहार को अब तक 1.20 लाख करोड़ का विशेष पैकेज मिला। हम कंज्यूर स्टेट हैं इसलिए जीएसटी से बिहार को लाभ हुआ है।राजद के अख्तरुल इस्लाम शाहिन ने पूछा- आरोप लग रहा है कि एनडीए के विधायकों को तोड़ने की कोशिश की गई, लेकिन देश ये भी देख रहा है कि राजद के 3 विधायकों को इधर से उधर ले जाया गया। सरकार बताए कि उन्हें क्या प्रलोभन दिया गया। गौरतलब है कि फ्लोर टेस्ट के दिन राजद के प्रह्लाद यादव, नीलम देवी और चेतन आनंद फ्लोर क्रॉस कर गए। चेतन आनंद तो पार्टी विधायकों के साथ तेजस्वी के सरकारी आवास से एक दिन पहले ही पुलिस की निगरानी में देर रात अपने घर चले गए थे।

## डेना मेरियम की किताब 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' पढ़ी जानी चाहिए

भारत, राम और हिंदी को लेकर विदेशी विद्वानों में सदियों से जिज्ञासा का भाव बना रहा है, जिसे पता नहीं क्यों हमारे अपने बुद्धिजीवी और इतिहासकार छिपाने का भरपूर प्रयास करते रहे हैं क इन जिज्ञासुओं में अनेक यूरोपीय, अमेरिकी, चीनी, अरबी और जापानी विद्वान भी शामिल रहे हैं। उन नामों में से अब एक नाम अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम का भी जुड़ गया है। वह बीते चार दशक से हिंदू धर्म का गहन अध्ययन कर रही हैं। अब उन्होंने माता सीता पर गहन शोध के बाद एक किताब 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' लिखी है। बीते माह अयोध्या में राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आलोक में डेना मेरियम की माता सीता पर आई किताब महत्वपूर्ण मानी जानी चाहिए। उनके अपने देश अमेरिका में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने में आया था। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के फेमस टाइम स्क्वायर पर भी दिखाया गया था। अमेरिका के हर शहर में राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का टेलीकास्ट किया गया था। डेना मेरियम की 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' ने तुरंत विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया है। माता सीता पर किए गए मूल शोध को नजरअंदाज करना असंभव है। माता सीता आधुनिक समाज की नारी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यदि नारी मां सीता के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो उसका जीवन भी आनंदमय होकर संकट मुक्त हो जाएगा। माता सीता का जीवन आधुनिक परिवेश में भी अनुकरणीय है। पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए उन्होंने राजमहल का ऐश्वर्य का त्याग कर वन में संघर्षशील जीवन बिताया। इतना ही नहीं पति के आदेशानुसार अपने द्वितीय निर्वासन के दौरान वन में साधारण स्त्री की तरह रहते हुए व एक आदर्श मां का कर्तव्य निभाते हुए उच्च आदर्श स्थापित किया। आज के समाज में उन आदर्शों का तो लोप होता जा रहा है। डेना मेरियम की पुस्तक को देखकर स्वर्गीय कथाकार-उपन्यासकार मृदुला सिन्हा जी का स्मरण हो उठता है, जिन्होंने दशकों पूर्व इसी विषय पर एक अद्भुत उपन्यास ह्लसीता पुनि बोली ह्व लिखा था कडेना मेरियम भी प्रख्यात हिंदी सेवी और रामचरित मानस के प्रकांड विद्वान फादर कामिल बुल्के की तरह ही हिंदी की उद्भट विद्वान हैं। यह निर्विवाद है कि माता सीता के बिना राम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। माता सीता, जिनकी भारत पूजा करता है, पर किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णो देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं, जिन्होंने भारत और हिन्दू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया। डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह सुखद है कि एक विदेशी लेखिका माता सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखे। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस ने प्रकाशित किया है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं, जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में, जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती हैं। किसे नहीं पता कि फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से रामकथा उत्पत्ति और विकास पर डाक्टरेट किया और रांची के सेंट जेबियार्स कॉलेज में जिन्दगी भर हिंदी पढ़ाया। यह असंभव है कि हिन्दी पट्टी के किसी शख्स ने उनका नाम न सुना हो या अंग्रेजी के किसी जटिल शब्द का हिन्दी में सही और उपयुक्त शब्द जानने के लिए फादर कामिल बुल्के द्वारा निर्मित शब्दकोष के पन्ने नहीं पलटे हों। फादर बुल्के आजीवन हिन्दी की सेवा में जुटे रहे। वे हिन्दी-अंग्रेजी शब्दकोश के निर्माण के लिए सामग्री जुटाने में सतत प्रयत्नशील रहे। आज उनका अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोष सबसे प्रामाणिक माना जाता है। मुझे सौभाग्य है कि अनेकों वर्ष रांची में होने वाले तुलसी जयंती समारोहों में उन्हें सुना और अनेकों बार उनसे मिला कएक सौभाग्य की बात यह रही कि मेरी पत्नी उन्हीं की शिष्य रहीं और उन्हीं के मार्गदर्शन में रांची विश्वविद्यालय से हिंदी में एम.ए. किया कडेना मरियम के पास दर्शन का गहरा ज्ञान तो है ही, उन्होंने भारतीय दर्शन का भी गहराई से अध्ययन किया। इस पुस्तक में, डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, वन में वापसी, वन में जीवन, शिक्षा पर अध्याय समर्पित किए हैं। इस बीच,यह सबको पता है कि मैक्स मूलर कभी भारत नहीं आए, पर उन्होंने संस्कृत का गहन अध्ययन किया। इसके बाद तो संस्कृत के प्राचीन ग्रन्थों के अनुवादों का सिलसिला शुरू हो गया। उन्होंने मेघदूत का जर्मन भाषा में पद्यानुवाद किया।

# भारत की आत्मा को पहचानने की जरूरत

ANALYSIS



गिरीश्वर मिश्र

**आज इस उपक्रम के लिए कई विचार-दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनमें पाश्चात्य ज्ञान-जन्य दृष्टि निश्चित रूप से प्रबल है जिसने औपनिवेशिक अवधि में एक आईने का निर्माण किया जो राजनैतिक-आर्थिक वर्चस्व के साथ लगभग सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत हो गया यद्यपि उसके पूर्वाग्रह दूषित करने वाले रहे हैं । उसकी बनाई छवि या आत्मबोध ने एक इबारत गढ़ी जो औपनिवेशिक शिक्षा द्वारा आत्मसात कराई गई। इस क्रम में अंग्रेजी राज का 'अन्य' भारतीय जनों द्वारा 'आत्म' के रूप में अंगीकार किया गया । वेश-भूषा, राज-काज और बातझ्व्यवहार में अंग्रेजियत आभिजात्य और श्रेष्ठ होने का असंदिग्ध पर्याय और देसी (भारतीय!) दोयम दर्जे का बना दिया गया। अंग्रेजों ने भारत को इंडिया बना दिया और हमने भी संविधान में वैसे ही दर्ज कियाझइंडिया दैट इज भारत ! भारत और भारतीयता-विमर्श की चुनौती तब सचमुच और कठिन हो जाती है जब हम इस वैचारिक परियोजना को देश और काल के ठोस यथार्थ के धरातल पर आयोजित करते हैं और भारत की अपनी देशज दृष्टि से आगे बढ़ते हैं ।**

'भारत' और उसके सत्व या गुण-धर्म रूप 'भारतीयता' के स्वभाव को समझने की चेष्टा यथातथ्य वर्णन के साथ ही वांछित या आदर्श स्थिति का निरूपण भी हो जाती है। भारतीयता एक मनोदशा भी है। उसे समझने के लिए हमें भारतीय मानस को समझना होगा । यह सिर्फ ज्ञान का ही नहीं बल्कि भावना का भी प्रश्न है और इसमें जड़ों की भी तलाश सम्मिलित है। आज इस उपक्रम के लिए कई विचार-दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनमें पाश्चात्य ज्ञान-जन्य दृष्टि निश्चित रूप से प्रबल है जिसने औपनिवेशिक अवधि में एक आईने का निर्माण किया जो राजनैतिक-आर्थिक वर्चस्व के साथ लगभग सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत हो गया यद्यपि उसके पूर्वाग्रह दूषित करने वाले रहे हैं । उसकी बनाई छवि या आत्मबोध ने एक इबारत गढ़ी जो औपनिवेशिक शिक्षा द्वारा आत्मसात कराई गई। इस क्रम में अंग्रेजी राज का 'अन्य' भारतीय जनों द्वारा 'आत्म' के रूप में अंगीकार किया गया । वेश-भूषा, राज-काज और बातझ्व्यवहार में अंग्रेजियत आभिजात्य और श्रेष्ठ होने का असंदिग्ध पर्याय और देसी (भारतीय!) दोयम दर्जे का बना दिया गया। अंग्रेजों ने भारत को इंडिया बना दिया और हमने भी संविधान में वैसे ही दर्ज कियाझइंडिया दैट इज भारत ! भारत और भारतीयता-विमर्श की चुनौती तब सचमुच और कठिन हो जाती है जब हम इस वैचारिक परियोजना को देश और काल के ठोस यथार्थ के धरातल पर आयोजित करते हैं और भारत की अपनी देशज दृष्टि से आगे बढ़ते हैं । यह भारत-दृष्टि एक देशज दृष्टि है - एक अतिक्रामी दृष्टि है जो 'मैं' और 'तुम' की कोटियों से ऊपर उठ कर समग्र सृष्टि को समेटने वाली है। साकल्य, जीवन की पूर्णता, कर्म की भावना, समष्टि की उन्नति और भू सांस्कृतिक राष्ट्रीयता बोध से समन्वित इस व्यापक विचार-परियोजना की कई सीमाएं हैं। किसी प्रत्ययविशेष का दिक्कालातीत (या कहें शाश्वत!) निरूपण अमूर्त जगत में जिस निर्बंध विचरण की अपेक्षा करता है जिसे अनिर्वचनीयता असहज नहीं करती है। यह एक अतिरिक्त सीमा हो जाती है । आज के यथार्थ के अति आग्रही कालखंड के दौर में यह सोच खामखयाली है, अचिंत्य है और सामान्यतया ग्राह्य ही नहीं है। अब निरवधि काल की चेतना को प्रायः निरस्त सा करते हुए सामान्य जन, विज्ञान के सावधि और तत्काल इंद्रियानुभवगम्य प्रत्यक्ष तक ही अपने को सीमित-संकुचित करते जा रहे हैं । तात्कालिकता के घोर दबाव तले अपने को बरतने की मजबूरी कुछ ऐसी होती जा रही है कि आंख की ओट वाला (अव्यक्त!) सब कुछ प्रश्नांकित और संदिग्ध होता जा रहा है। व्यवहार को मात्र सद्यः व्यक्त क्षण में ही स्थापित करने की तीव्रतर होती आकांक्षाओं के प्रति समर्पण करते हुए हम सत्य, यथार्थ और अस्तित्व के अनुभव-प्रामाण्य के तर्क तक ही अपने विमर्श को समेटते जा रहे हैं। यह अवश्य है कि हमारे आशय, अभीष्ट और उद्देश्य-यानी वह सब कुछ जो रोचक, सार्थक और निरंतर को जन्म देता है या दे सकता है- इस स्वतः आरोपित लौकिक परिधि को खंडित करते हुए हमें अनुमान की दुनिया में ले जाने वाला है। यह अज्ञात और अपरिचित होने पर भी 'संभव' को अर्थात भविष्य को व्यंजित करता है । वैसे भी शब्द (प्रतीक) का अर्थ उसकी लोक-व्याप्ति में ही परिलक्षित और गृहीत होता है ! वस्तुतः विचार और वास्तविक सत्य (आब्जेक्टिव रीएलिटी) या अमूर्त और मूर्त की कोटियां एक-दूसरे को स्पर्श करती और गढ़ती हैं। भूत, वर्तमान और भविष्य बहुत हद तक कामचलाऊ भेद हैं जो देश काल के भीतर समकालीन अवस्थिति के साथ अनिवार्यतः बनते बिगड़ते रहते हैं। भविष्य क्रमशः वर्तमान होता जाता है और वर्तमान भूत में तब्दील होने को तत्पर रहता है। यह भी ध्यातव्य है कि वाचिक परम्परा से आगे और उसके ह्रास के साथ अब सांप्रतिक परिदृश्य में बौद्धिक संकल्प और तकनीकी सहयोग न केवल इनकी प्रस्तुति (रिप्रेजेंटेशन) तय करते हैं बल्कि इन तक हमारी पहुंच (एक्सेस) को घटाते-बढ़ाते रहते हैं और पुनरीक्षण (तथा कृत्रिम बुद्धि की सहायता से ) पुनर्रचना का भी अवसर देते हैं । साथ ही वे अवसरानुकूल अपने हितसिद्धि के लिए सामग्री को 'क्लैसीफायड डाक्कूमेंट' कह कर (सीमित अवधि या सदैव के लिए) प्रतिबंधित भी करते हैं । अतः आज के युग में हमारी अनुबंधित नियति हो गई है कि हम स्वयं को सतत आविष्कृत, परिभाषित और परिसीमित करते रहें और उसे अपने और दूसरों के लिए सतत प्रमाणित और प्रचारित भी करते रहें। स्वयं अपने लिए और दूसरों के लिए भी इस तरह का उद्यम सामाजिक अस्तित्व की एक अनिवार्यता सी हो रही है । कहना न होगा कि सांस्कृतिक परम्परा का संवर्धन इसी प्रकार के ज्ञान-आख्यान की प्रचलित प्रथाओं के अंतर्गत होने लगा है जिसे आंतरिक (स्थानीय!) और बाह्य (वैश्विक!) (अधिकृत) शक्तियां संयोजित (और प्रायोजित!) करती हैं। पेटेंट के दौर में यह स्पष्टतः एक तरह की खरीद-फरोख्त जैसी प्रक्रिया होती जा रही है। अब ज्ञान से मुक्ति की कामना झ सा विद्या या विमुक्तये - (इमेंसिपेशन) निरपेक्ष न हो कर सशर्त ही संभव है। भारतीयता की अवधारणा 'भारत' से अविभाज्य रूप से सम्पृक्त है जो निश्चय ही पृथ्वी का एक भू-भाग भी है पर वह भूझभाग मात्र ही नहीं है। भारतीयों के लिए वह मुख्यतः विचार तथा भाव का पवित्र विषय है । वह हमारी चेतना या सांस्कृतिक आत्मबोध का नियामक एक प्राथमिक अंश है । स्वाभाविक है भारत की स्थिति, प्रतीति और अनुभूति का सत्य निरपेक्ष और अर्थशून्य न हो कर द्रष्टा, प्रेक्षक और भावक की पृष्ठभूमि यानी वैचारिक तैयारी और संलग्नता पर ही निर्भर करेगा। मनुष्य की वाचिक ढंग की प्राचीनतम रचना 'वेद' के समय से ही भारत वसुंधरा की छवि जीवनदायिनी माता के रूप में संकल्पित की जाती रही है। हाड़ मास का बच्चा माता के शरीर से निर्मित होता है, गर्भ में उसके रक्त से पलता है, आकार पाता है और जन्म के उपरांत उसके दूध के आहार पर जीता है। माता की उपस्थिति संतति की अपरिहार्यता है। यद्यपि माता और संतति के मध्य का यह स्वाभाविक सम्बन्ध एक चिरंतन सत्य है और तादात्मीकरण का सहज आधार बनाता है तथापि इस सम्बन्ध को व्यापक सामाजिकझआर्थिक और राजनैतिक परिवेश न्यस्त रुचि और लाभ के मद्देनजर भिन्न-भिन्न अर्थ देता रहता है। फलतः विभिन्न काल खंडों में सामाजिक यथार्थ और सामाजिक स्मृति के रूप में अस्मिता-निर्मिति अलग-अलग रूप लेती रहती है या कि उसके अलग-अलग पक्षों पर बल दिया जाता रहा है । ऐसे में भिन्न-भिन्न प्रेरणाएं उदित और अस्त होती रही हैं। कुछ भू-क्षेत्रों में समाज के स्तर पर विशिष्ट प्रवृत्तियां भी परिलक्षित हुई हैं। विश्व-पटल पर दृष्टिपात करें तो साम्राज्यवादी, उपनिवेशवादी और हिंसा तथा शोषण को प्रश्रय देने की प्रवृत्ति का कुछ क्षेत्रों में बाहुल्य इस परिघटना का प्रमाण देते आ रहे है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो सभ्यता और संस्कृति की सतत प्रवहमान मानवी गाथा में अनेक प्रवृत्तियों का संघात मिलता है। इसमें निरंतरता और परिवर्तन दोनों ही धाराओं को आकार मिलता रहा है। इतिहास की नब्ज थामे गुरुदेव रबीन्द्र नाथ टैगोर 'भिन्न के योग में निहित छंद' और 'ताल बचा कर समय तक पहुंचने' को मनुष्यत्व का निकष घोषित करते हैं। भारतीय इतिहास का आरंभ आर्यझअनार्य के जाति संघर्ष की कथा के साथ ग्रहण करते हुए वे भारतीय महाकाव्यों का सर्जनात्मक सामाजिक-ऐतिहासिक विचार करते हैं। वे आर्यझअनार्य सभ्यता के बीच संघर्ष और रामचंद्र की विजय का रोचक विश्लेषण करते हैं। वे भागवत इतिहास और पुरातन-नूतन का विरोध का सम्यक विचार करते हैं। उनकी दृष्टि में 'जातियों के संघात से आत्म-प्रसारण की जगह आत्म-रक्षा की वृत्ति' बलवान हुई। उनकी दृष्टि में आर्यझअनार्य का चिंतन सम्मिश्रण सौंदर्य के उदय का कारण बना। गुरुदेव का सूत्र वाक्य है झ "बहुत्व के बीच अपने आपको बिखराना भारत वर्ष का स्वभाव नहीं है। वह 'ए' को प्राप्त करना चाहता है, इसलिए बाहुल्य को एकत्र में संयत करना ही उसकी साधना है। भारत की अंतरतम सत्य प्रकृति स्वयं उसे निरर्थक बहुत्व के भीषण योग से बचाएगी।"

**लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।**

# रामभद्राचार्य, संस्कृत और ज्ञानपीठ

भारतीय साहित्य में सृजन के सर्वोच्च सम्मान प्रदान करने वालों की दृष्टि 1965 के बाद दूसरी बार संस्कृत भाषा पर पड़ी है। इस बार यह पुरस्कार संस्कृत और उर्दू को एक साथ दिए जाने की घोषणा की गई है। भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना साल 1965 में की गफथी। देश का कोई भी व्यक्ति जो भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में बताई गई 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा में लिखता हो इस पुरस्कार के योग्य है। वर्ष 2023 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कारों की घोषणा होते ही सभी का ध्यान देश के एक ऐसे संत की ओर मुड़ गया जिसकी प्रतिभा के कायल देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हैं। संस्कृत में साहित्य सृजन के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य को वर्ष 2023 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार सम्मान देने की घोषणा हुई है। इन्हीं के साथ उर्दू भाषा के लिए गीतकार गुलजार के नाम की भी घोषणा की गई है। यह अब तक का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि इस सम्मान दाता संस्थान को 1965 से कोई संस्कृत विद्वान दिखा ही नहीं। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे संस्कृत में भारत में कुछ लिखा ही नहीं गया इतने दिनों तक। अब तक हिन्दी तथा कन्नड़ भाषा के लेखक सबसे अधिक 7 बार इस सम्मान को प्राप्त कर चुके हैं। साल 1965 में मलयालम लेखक जी शंकर कुरुप को प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसमें पुरस्कार स्वरूप 11 लाख रुपये, प्रशस्तिपत्र और वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा प्रदान की जाती है। जब वर्ष 1965 में ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना हुई थी, तो उस समय पुरस्कार राशि मात्र एक लाख रुपये थी। वर्ष 2005 में पुरस्कार राशि को एक लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया गया, जो वर्तमान में ग्यारह लाख रुपये हो चुकी है। इससे पहले 57वां ज्ञानपीठ पुरस्कार 2021/2022 में दामोदर माऊजो गोवा के उपन्यासकार, कथाकार, आलोचक और निबन्धकार को दिया गया था। इनके द्वारा रचित एक उपन्यास कार्मेलिन के लिए उन्हें सन 1983 में साहित्य अकादमी पुरस्कार (कोंकणी) से सम्मानित किया गया था। मलयालम के प्रमुख कवि अक्कीथम को 56वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चुना गया था। ज्ञानपीठ चयन बोर्ड ने एक बैठक में 56 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार 2019 के लिए मलयालम के प्रसिद्ध भारतीय कवि अक्कीथम को चुना था। अक्कीथम का नाम मलयालम कविता जगत में आदर के साथ लिया जाता है। उनका जन्म 1926 में हुआ था और पूरा नाम अक्कीथम अच्युतन नम्बूदिरी है और वह अक्कीथम के नाम से लोकप्रिय हैं। उन्होंने 55 पुस्तकें लिखी हैं जिनमें से 45 कविता संग्रह है। पद्म पुरस्कार से सम्मानित अक्कीथम को साहित्य अकादमी पुरस्कार, केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार (दो बार) मातृभूमि पुरस्कार, वायलर पुरस्कार और कबीर सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वर्ष 1965 से अब तक ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेताओं की सूची पर एक दृष्टि अवश्य डालनी चाहिए। इसी से स्पष्ट हो जाएगा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को कितना सम्मान मिला है अब तक। पद्मविभूषण रामभद्राचार्य चित्रकूट के तुलसीपीठाधीश्वर के पद पर विराजमान हैं। एक उच्चकोटि के साधक और संत होने के साथ-साथ वह अवार्चीन संस्कृत साहित्य के मूर्धन्य कवि एवं साहित्यकार भी हैं। उन्होंने भार्गवराघवीयम् और गीतरामायणम् सरीखे उत्कृष्ट महाकाव्यों की रचना की है। साथ ही स्वामी रामानन्द की परंपरा में उन्होंने श्रीराघवकृपाभाष्यम् का जगतगुरु रामभद्राचार्य प्रणयन भी गीता इत्यादि पर किया है। वे बचपन से ही मन की आंखों से देख रहे हैं और ज्ञान की कलम से रच रहे हैं। स्वामी रामभद्राचार्य जी को यह सम्मान यों ही नहीं मिला है। हाल ही में उनकी विद्वता का साक्षात्कार दुनिया के सामने एक विशाल संग्रह के रूप में आया है। उनकी रचनाओं में कविताएं, नाटक, शोध-निबंध, टीकाएं, प्रवचन और खुद के ग्रंथों पर स्वयं सृजित संगीतबद्ध प्रस्तुतियां शामिल हैं। वे 100 से ज्यादा साहित्यिक कृतियों की रचना कर चुके हैं, जिनमें प्रकाशित पुस्तकें और अप्रकाशित पांडुलिपियां, चार महाकाव्य, तुलसीदास रचित रामचरितमानस पर एक हिंदी भाष्य, अष्टाध्यायी पर पद्यरूप में संस्कृत भाष्य और प्रस्थानत्रयी शास्त्रों पर संस्कृत टीकाएं शामिल हैं। उनकी रचनाओं के अनेक ऑडियो और विडियो भी जारी हो चुके हैं। वह संस्कृत, हिंदी अवधि, मैथिली और कई दूसरी भाषाओं में लिखते हैं। सनातन वैदिक हिंदू धर्म में ब्रह्मसूत्र, भगवतगीता और उपनिषदों पर अधिकार रखने वाला ही जगतगुरु पद पर विराजित हो सकता है। स्वामी रामभद्राचार्य की पूंजी और आध्यात्मिक श्रम का विस्तार इतना है कि वह आज जीवित संस्था हैं और सनातन संस्कृति के किसी भी पक्ष पर स्पष्टता से पुराणों और वैदिक ग्रंथों से प्रमाण रखकर किसी भी उलझन में धर्म को मार्ग दिखाते रहे हैं। स्वामीजी की रचनाओं की तिजोरी में एक से एक नगीने रखे हैं।श्रीभार्गवराघवीयम् उनकी बेहद लोकप्रिय रचना है जिसके लिए उन्हें संस्कृत साहित्य अकादमी पुरस्कार समेत अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें महाकवि तथा कविकुलरत्न आदि अनेक साहित्यिक उपाधियों से भी अलंकृत किया जा चुका है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने प्रस्थानत्रयी (ब्रह्मसूत्र, भगवतगीता और 11 उपनिषदों) पर श्रीराघवकृपाभाष्यम् नामक संस्कृत टीकाओं की रचना की हैइन टीकाओं का विमोचन 1998 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था। रामानन्द संप्रदाय में प्रस्थानत्रयी पर संस्कृत टीका प्रस्तुत करने वाले रामभद्राचार्य द्वितीय आचार्य हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



अरुणाचल प्रदेश के राज्यत्व दिवस पर राज्य के लोगों को मेरी शुभकामनाएं। अरुणाचल प्रदेश के लोग भारत के विकास में भरपूर योगदान दे रहे हैं। राज्य की संस्कृति की भी बहुत प्रशंसा की जाती है, विशेषकर जीवंत जनजातीय परंपराओं और समृद्ध जैव विविधता की। आने वाले वर्षों में अरुणाचल प्रदेश समृद्ध बना रहे।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। अपने सुरम्य परिदृश्यों और समृद्ध संस्कृतियों के साथ, दोनों राज्य वर्णन से परे सुंदर हैं। जिम्मेदार पर्यटन दोनों राज्यों में सतत विकास को बढ़ावा देने में काफी मदद कर सकता है। इन राज्यों के लोगों को सुख और समृद्धि का आशीर्वाद मिले।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



देश के 4.5 करोड़ से ज्यादा अन्नदाताओं के लिए किसान क्रेडिट कार्ड स्वीकृत हुए हैं। किसानों को बिना किसी सिक्योरिटी के 1.60 लाख तक लोन की सुविधा एवं 4 प्रतिशत ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक के ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी 'एक्स' पर पोस्ट)**

# ममता राज में नहीं रखवाली

देश, 'संदेशखाली' से सकते में है। दुख है कि संविधान की सबसे ज्यादा दुहाई देनेवाली ममता बनर्जी के राज में यह हालत हैं कि एक नहीं आज कई "संदेशखाली" पैदा हो गए हैं, जहां महिलाओं की इज्जत तार-तार हो रही है। हिंसा का तांडव कहीं भी हो सकता है और तुष्टीकरण की राजनीति के चलते बहुसंख्यक हिन्दू समाज कभी भी मौत के घाट उतार दिया जाता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद और विदेशी घुसपैठ तो जैसे यहां रोजमर्रा की बात हो चुकी है। फिर भी देखो, कितनी बेशर्मी है ! हद है, ममता दीदी उलटा सभी कमियों के लिए भाजपा और संघ परिवार को जिम्मेदार ठहरा रही हैं और बिना किसी ठोस साक्ष्य के वह सब बोल रही हैं जो उनके नैरेटिव में फिट बैठता है। आज यहां "संदेशखाली" नहीं जल रहा है । बल्कि इस राज्य के 23 जिलों में से 16 जिले कहीं न कहीं कम-अधिक हिंसा के शिकार हैं। वह तो अच्छा हुआ, पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम राशन घोटाले में जांच करने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के "संदेशखाली" वाले आवास पर छापेमारी करने पहुंच गई, तभी यह हो सका कि जो सच वर्षों से डर के कारण बाहर नहीं आ पा रहा था, उसे दुनिया के सामने आने का मौका मिला। लम्बे समय से यहां की महिलाओं को दबाकर रखने की जो सोच थी, उससे मुक्ति मिली है । "संदेशखाली" में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय है, वह उनके बयानों में झलकता है, जिसमें वे खुलकर कह रही हैं "किसी महिला का पति तो है, लेकिन उस पति का अपनी पत्नी पर अधिकार नहीं है। कुछ पुरुषों को अपनी पत्नियों को हमेशा के लिए छोड़ना पड़ गया है, क्योंकि टीएमसी के गुंडे उन्हें अपने साथ रख रहे हैं।" महिलाएं अपने ऊपर हुए अत्याचार को चीख-चीख कर बयां कर रही हैं। बता रही हैं, कैसे शाहजहां शेख और उसके समर्थकों ने उनका यौन उत्पीड़न किया है। शाहजहां शेख के गुर्गे रात में आकर जबरन उठाकर ले जाते थे और सुबह छोड़ दिया करते थे। तृणमूल कांग्रेस के लोग गांव में घर-घर जाकर सर्वे करते हैं। किसी घर में कोई सुंदर महिला या लड़की दिखती है तो उसे पार्टी ऑफिस ले जाया जाता है, फिर उस महिला को कई रातों तक वहीं रखा जाता है। पुलिस से शिकायत, पर कभी कोई मदद नहीं मिली । एक महिला ने यहां तक बताया कि कैसे वे महिलाओं को टारगेट करते थे। यदि हम उनके पास जाने से इनकार करते थे तो घर के मर्दों को ले जाकर उन्हें पीटते थे।। ऐसा इसलिए होता था ताकि हम मजबूर होकर उनके पास चले जाएं। वे इसके लिए शाहजहां शेख के अलावा टीएमसी के ही नेता उत्तम सरदार और शिवप्रसाद हजारा को इस भयानक ज्यादती के लिए जिम्मेदार ठहरा रही हैं। 'संदेशखाली' में जो कुछ सामने आया है वह कोई पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले दक्षिण 24 परगना की बसंती विधानसभा में एक हिन्दू अनुसूचित जाति की महिला का असामाजिक मुसलमानों ने गैंगरेप किया। घटना के विरोध में जब आरएसएस के स्वयंसेवक आगे आए तो इन मुस्लिम बलात्कारियों ने चार संघ स्वयंसेवकों की हत्या कर दी थी। हिन्दू महिलाओं के साथ गैंगरेप की सैकड़ों घटनाएं मौजूद हैं। इनके खिलाफ जब-जब भी किसी ने आवाज बुलंद की उसकी हत्या हो गई या फिर उसके घर को जला दिया गया। इस क्षेत्र में तस्करी, मादक पदार्थ, हथियार, गोमांस, आदि अपराधों में संलिप्त शेख शहांशाह जैसे मुस्लिम दबंगों का बोलबाला है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने और दर्जनों अपराध, अमानवीय कृत्यों में लिप्त शाहजहां शेख जैसों ने अवैध कमाई से अरबों की गैर-कानूनी संपत्ति बना ली है। कई हजार बीघा जमीन इनके पास है और इनकी हिम्मत देखिए, ये खुलकर कहते हैं कि वे बांग्लादेश से आए हैं।

# समाधान की कोशिशें

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चल रहे किसान आंदोलन के समाधान की कोशिशें एक-एक कर नाकाम हो रही हैं, तो यह न केवल दुखद, बल्कि चिंताजनक भी है। केंद्र सरकार ने 18 फरवरी को किसानों के सामने प्रस्ताव रखा था, जिसके तहत किसानों के साथ पांच फसलों, अर्थात मक्का, कपास, अरहर, मसूर और उड़द की खरीद के लिए पांच साल का अनुबंध किया जाना था। सरकार के इस प्रस्ताव में किसान नेताओं ने विचार का आश्वासन दिया था, पर संयुक्त किसान मोर्चा ने 19 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्रियों के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सरकार चाहती है कि किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित किया जाए, पर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की वैधानिक गारंटी की मांग पर अड़े हुए हैं। वास्तव में, किसानों को दिया गया प्रस्ताव नया नहीं था और ऐसी आश्वस्ति एकाधिक पार्टियों के चुनावी घोषणापत्र में पहले भी आ चुकी है। ऐसी ही अनुशंसा स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग ने साल 2006 में की थी। किसानों को पुरानी अनुशंसा पूरी होने का स्वागत करना चाहिए था, भले ही वे अपनी अन्य मांगों के लिए अडे. रहते। कुल मिलाकर रविवार को जो उम्मीदें बंधी थीं, सोमवार शाम होते टूट गईं। चंडीगढ़ में किसान नेताओं ने घोषणा कर दी है कि गारंटीशुदा खरीद वाली सभी फसलों के लिए एमएसपी@सी2+50 प्रतिशत से नीचे कुछ भी स्वीकार्य नहीं है। किसानों की मांग बहुत लंबी-चौड़ी है, जिसे वे बार-बार दोहरा रहे हैं। अन्य मांगों में ऋण माफी की मांग शामिल है। बिजली का निजीकरण नहीं करने, व्यापक सार्वजनिक क्षेत्र की फसल बीमा योजना लाने, 60 साल से अधिक उम्र के किसानों को 10,000 रुपये मासिक पेंशन देने, अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करने और मुकदमा चलाने की भी मांग हो रही है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# लहसुन के बाद अब प्याज हो सकता है महंगा

## – लासलगांव मंडी में प्याज की औसत थोक कीमतें 40 फीसदी बढ़ीं

**नासिक ।**

इन दिनों बाजार में लहसुन काफी महंगा बिक रहा है। लहसुन के बाद अब प्याज की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। नासिक के लासलगांव की मंडी में प्याज की औसत थोक कीमतें बीते दिन अचानक 40 फीसदी बढ़ गईं। यहां प्याज की औसत कीमत शनिवार के 1,280 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 1,800 रुपए प्रति क्विंटल हो गईं। सोमवार को लगभग 10,000 क्विंटल प्याज की नीलामी की गई। न्यूनतम थोक मूल्य 1,000 रुपए और अधिकतम 2,100 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किए गए। एपीएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि प्याज निर्यातकों ने विदेशी बाजारों में बेचने के लिए प्याज खरीदना भी शुरू कर दिया है। खुदरा बाजारों की बात करें तो अभी देश में प्याज का औसत भाव 32.26 रुपए प्रति किलो है। हालांकि, कहीं 15 रुपए तो कहीं 80 रुपए किलो भी बिक रहा है। वैसे अधिकतर शहर-कस्बों में 25 से 30 रुपए किलो है। उपभोक्ता मंत्रालय की वेबसाइट पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक बीते दिन मिजोरम में प्याज की औसत खुदरा कीमत 69.45 रुपए प्रति किलो रही। हरियाणा में 40.25 रुपए, चंडीगढ़ में 37 रुपए, राजस्थान में 36.72 रुपए, गुजरात में 34.67 रुपए और उत्तर प्रदेश में 29.45 रुपए किलो बिका। पिछले साल 7 दिसंबर को घरेलू बाजारों में मांग को पूरा करने और थोक कीमतों को स्थिर करने के लिए केंद्र ने 31 मार्च, 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद पिछले ढाई महीनों में औसत थोक प्याज की कीमतें 67 फीसदी कम हो गईं। पिछले साल 6 दिसंबर को 3,950 रुपए प्रति क्विंटल थीं और 17 फरवरी को 1,280 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गईं। प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध वापस लेने के केंद्र के फैसले की घोषणा के एक दिन बाद ही प्याज के दाम उछल गए। हालांकि केंद्र सरकार ने अभी तक निर्यात पर बैन वापस लेने की औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं की है लेकिन केंद्रीय मंत्री भारती पवार ने कहा है कि यह निर्णय गृह मंत्री के अमित शाह नेतृत्व में केंद्र सरकार के मंत्रियों के समूह की बैठक में लिया गया था। एपीएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि इस घटनाक्रम का देश के सबसे बड़े थोक प्याज बाजार लासलगांव में औसत कीमतों पर प्रभाव पड़ा।

# वित्तीय वर्ष के पहले 11 महीने में चाय निर्यात घटकर 20.71 करोड़ किलो रहा

**नई दिल्ली ।**

वित्त वर्ष 2023 के पहले 11 महीनों में भारत से चाय का निर्यात 1.17 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 20.71 करोड़ किलोग्राम रहा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2022 की समान अवधि में देश से 20.96 करोड़ किलोग्राम चाय का निर्यात किया गया था। वहीं पूरे वित्तीय वर्ष 2022 में कुल 23.10 करोड़ किलोग्राम चाय का निर्यात हुआ था। चाय बोर्ड की तरफ से जारी निर्यात आंकड़ों के मुताबिक बीते साल की जनवरी-नवंबर अवधि में मुख्य रूप से असम और पश्चिम बंगाल जैसे उत्तर भारत के क्षेत्र से निर्यात घटा है। यह एक साल पहले की समान अवधि के 13.22 करोड़ किलोग्राम से घटकर 12.52 करोड़ किलोग्राम रह गया।आंकड़ों के मुताबिक, 2023 के पहले 11 महीनों में दक्षिण भारत से निर्यात जनवरी-नवंबर, 2022 के 7.73 करोड़ किलोग्राम की तुलना में बढ़कर 8.18 करोड़ किलोग्राम हो गया। उद्योग सूत्रों ने कहा कि देश के कुल चाय निर्यात में गिरावट की प्रमुख वजह ईरान बाजार में भुगतान समस्याओं के कारण मात्रा में आई कमी रही।

स्वतंत्र देशों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) के बाद भारत के कुल चाय निर्यात में ईरान की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है।

सूत्रों ने इसके साथ ही कहा कि 2023 के समूचे वित्तीय वर्ष के लिए निर्यात परिदृश्य गंभीर बना हुआ है क्योंकि पश्चिम एशियाई देशों में निर्यात को लेकर अनिश्चितता की स्थिति है। दिसंबर, 2023 में चाय का उत्पादन 7.75 करोड़ किलोग्राम रहने का अनुमान है जो एक साल पहले के समान महीने के 6.45 करोड़ किलोग्राम से अधिक है।

# जेएसडब्ल्यू स्टील ऑस्ट्रेलियाई कोयला खदान में 20 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगा

**नई दिल्ली ।**




जेएसडब्ल्यू स्टील ऑस्ट्रेलियाई कंपनी व्हाइटहेवन कोल के स्वामित्व वाली कोयला खदान में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रहा है। यह सौदा करीब 1 अरब डॉलर में हो सकता है। व्हाइटहेवन सेंट्रल क्वींसलैंड में ब्लैकवाटर खदान में अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेच रहा है क्योंकि यह दुनिया भर में संयुक्त उद्यम भागीदारों की तलाश कर रहा है। सूत्र के अनुसार सज्जन जिंदल के स्वामित्व वाली जेएसडब्ल्यू स्टील के साथ इसकी बातचीत 800 मिलियन डॉलर से 1 बिलियन डॉलर के मूल्य बैंड के साथ मूल्यांकन पर है। लेन-देन का नेतृत्व जेएसडब्ल्य समूह की भारतीय सूचीबद्ध इकाई जेएसडब्ल्यू स्टील द्वारा किया जाएगा। हालांकि इस मामले में जेएसडब्ल्यू स्टील के प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। साल 2023 में भी जेएसडब्ल्यू समूह ने कनाडा की टेक रिसोर्सेज की धातुकर्म कोयला इकाई में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का प्रयास किया था। इस सौदे के लिए जेएसडब्ल्यू स्टील को करीब 2 बिलियन डॉलर तक का निवेश करना था, लेकिन मूल्यांकन को लेकर बातचीत रुक गई थी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने अपने लक्ष्य के लिए कच्चे माल को सुरक्षित करने के लिए अधिग्रहण का उपयोग करके 2030 तक अपनी क्षमता को 50 मिलियन टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना बनाई है। कंपनी ऑस्ट्रेलिया और दुनिया के अन्य स्थानों में उच्च गुणवत्ता वाली कोयला खदानों की तलाश कर रही है। समूह ने भारत में कई इस्पात परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करके अपना साम्राज्य बनाया है, जिसमें महाराष्ट्र में इस्पात स्टील की इकाई और भूषण पावर एंड स्टील शामिल हैं। समूह भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए एमजी मोटर इंडिया में बहुमत हिस्सेदारी हासिल करने की दौड़ में भी है। इसने इस महीने की शुरुआत में ओडिशा में एक नई वाणिज्यिक और इलेक्ट्रिक कार विनिर्माण परियोजना में 40,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की।

# एयर इंडिया के 51 विमानों में लगाया जाएगा आईएफई सिस्टम



**नई दिल्ली ।**

विदेश यात्रा के दौरान इन फ्लाइट सिस्टम को लेकर बढ़ती शिकायतों को देखते हुए एयर इंडिया के 51 विमानों में थेल्स के अवंत अप इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट (आईएफई) सिस्टम लगाया जाएगा। पहले चरण में थेले स एयर इंडिया के 40 बोइंग 777 और 787 को मौजूदा फ्लीट को अपने अत्याधुनिक अवंत अप सिस्टम के साथ अपग्रेड और रेट्रोफिट करेगा। अनुमान है कि एयर इंडिया के मौजूदा विमानों को अपडेट करने में करीब एक महीने का समय लग जाएगा।

इसके अलावा एयर इंडिया को एयरबस और बोइंग से मिलने वाले 11 नए एयरक्राफ्ट में भी आईएफई सिस्टम लगाएगा। एयर इंडिया के नए विमानों में आईएफई सिस्टम लगाने का काम 2025 तक पूरा करने का लक्षे य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि अवंत अप इन फ्लाइट एंटरटेनमेंट के जरिए यात्रियों को इंटरैक्टिव थ्री डी मैप और इमर्सिव रूट-आधारित प्रोग्रामिंग जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। इसके अलावा, थेल्स का सेलेक्ट यूजर इंटरफेस (यूआई) में मनोरंजन के लिए बेहतर विकल्प मुहैया कराएगा, जिससे विदेश यात्रा के दौरान यात्रियों के मनोरंजन के अनुभव को अधिक बेहतर बनाया जा सके। थेल्स के अवंत अप में ऑप्टिक 4के क्यूलेड एचडीआर डिस्प्ले है, जो तस्वीरों की गुणवत्ता बेहतरीन बनाता है। ऑप्टिक के साथ यात्री अपने वायरलेस हेडफोन या अन्य उपकरणों को डिस्प्ले से जोड़ सकते हैं। फोन और लैपटॉप को चार्ज भी कर सकते हैं।

# पेटीएम पेमेंट बैंक मामला, ईडी को जांच में नहीं मिली गड़बड़ी

**नई दिल्ली ।**

पेटीएम पेमेंट्स बैंक में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शुरू की गई संभावित विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जांच में किसी तरह की गड़बड़ी का पता नहीं चला है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पिछले सप्ताह ईडी ने वन 97 कम्युनिकेशंस की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक द्वारा किए गए वैश्विक ट्रांजेक्शन की जांच करने की घोषणा की थी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर खातों या वॉलेट में नई जमाएं स्वीकार करने पर रोक लगाए जाने के बाद से पेटीएम का शेयर 50 प्रतिशत से ज्यादा टूट गया है। इस संकट से पेटीएम शेयरधारकों को करीब 3.1 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। अधिकारी ने कहा कि जांच में उपयोगकर्ताओं के प्रोफाइल को सत्यापित करने वाले केवाईसी संबंधित नियमों में कुछ खामियों का पता चला। लेकिन प्रवर्तन निदेशालय को पेटीएम पेमेंट्स बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन संबंधित उल्लंघन का पता नहीं चला है। बैंक द्वारा संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट तैयार नहीं किए जाने के अलावा कुछ अन्य मुद्दे भी थे। प्रवर्तन निदेशालय अभी भी यह पता लगा रहा है कि किसी संभावित उल्लंघन के लिए आरोप लगाए जाएं या नहीं। ईडी ने इस संबंध में फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पेटीएम का शेयर सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में 5 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुआ और दो दिनों में इसमें 10 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक को आरबीआई ने अपना परिचालन पहले के समान बरकरार रखने के लिए 15 दिन की मोहलत दी है।

## जुनिपर ग्रीन एनर्जी और एनविजन ने की साझेदारी



**नई दिल्ली ।** जुनिपर ग्रीन एनर्जी और एनविजन एनर्जी ने गुजरात में 300 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना के विकास के लिए साझेदारी की है। जिसके अनुसार एनविजन ईएन 156-3.3 एमडब्ल्यू डब्ल्यूटीजी (पवन टरबाइन जनरेटर) की 91 इकाइयों की आपूर्ति करेगा। सभी डब्ल्यूटीजी की स्थापना करेगा, उनको क्रियान्वित करेगा और उनके रखरखाव की देखरेख करेगा। जुनिपर ग्रीन एनर्जी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम इस पवन परियोजना के विकास के लिए एनविजन एनर्जी के साथ सहयोग करके खुश हैं। एनविजन विंड पावर टेक्नोलॉजीज इंडिया के अधिकारी का कहना है कि आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के तहत हम अपने पुणे कारखाने में पवन टरबाइन के लिए नैकेल और हब को असेंबल करेंगे, जबकि टावर तथा ब्लेड स्थानीय स्तर पर प्राप्त किए जाएंगे।



## अब एयरपोट पर लगेज के लिए नहीं करना पड़ेगा इंतजार

### - लैंडिंग के 30 मिनट में ही मिलेगा बैगेज

**नई दिल्ली।** एयरपोर्ट पर यो त्रियों को अब लगेज के लिए इंतज़ार नहीं करना होगा। सामान देरी से मिलने पर यात्रियों को परेशानी होती है। इस पर सरकार ने एक बड़ा फैसला किया है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने सात भारतीय एयरलाइंस से कहा है कि यात्रियों को उनके रजिस्टर्ड लगेज 10 मिनट से 30 मिनट में मिल जाना चाहिए। बीसीएएस ने एअर इंडिया, इंडिगो, अकासा, स्पाइसजेट, विस्तारा, एअर इंडिया एक्सप्रेस कनेक्ट और एअर इंडिया एक्सप्रेस को ये आदेश जारी किया है। नया नियम 26 फरवरी से लागू हो जाएगा। बीसीएएस ने कहा है कि इसके बाद भी अगर एयरलाइंस आदेश का पालन नहीं करती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बीसीएएस का काम अंतरराष्े ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के मानकों, कार्य प्रणालियों और भारत के राष्े ट्रीय नागर विमानन सुरक्षा मानकों से जुड़े प्रोटोकॉल्स की निगरानी करना है। साल 1978 में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अधीन बीसीएएस की स्थापना की गई थी। उस समय फ्लाइट में किडनैपिंग और हिंसा की खबरें सामने आती थीं। इन पर लगाम लगाने के लिए बीसीएएस बनाया गया था। 1987 में इसे बीसीएएस को एक स्वतंत्र निकाय बना दिया गया।

## चीन के केंद्रीय बैंक ने बेंचमार्क लेंडिंग रेट में अनुमान से अधिक कटौती की

**नई दिल्ली ।** चीन के केंद्रीय बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को बेंचमार्क लेंडिंग रेट में कटौती की। बैंक ऑफ चाइना ने जून के बाद पहली बार दरों में कटौती की घोषणा की है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने पांच साल के लोन का प्राइम रेट 4.2 फीसदी से घटाकर 3.95 फीसदी कर दिया, जबकि एक साल की एलपीआर, जो कॉर्पोरेट ऋण के लिए एक बेंचमार्क के रूप में कार्य करती है, को 3.45 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा गया था। पांच साल की एलपीआर में आखिरी बार जून में कटौती की गई थी, जबकि एक साल की दर में आखिरी बार अगस्त में कटौती की गई थी। दोनों दरें अब ऐतिहासिक निचले स्तर पर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एलपीआर को 2019 में लाया गया था और तब से इसमें यह सबसे बड़ी कटौती है। एक्सपर्ट्स की मानें तो यह कटौती अनुमान से भी अधिक है। चीन का यह फैसला बाकी दूसरे अहम देशों के विपरीत हैं जहां इनफ्लेशन से लड़ाई में दरों में कटौती की गई है। गौरतलब है कि पिछले महीने बीजिंग ने घोषणा की थी कि वह बैंकों द्वारा रिजर्व में रखी जाने वाली राशि में कटौती करेगा, जिसे रिजर्व आवश्यकता अनुपात (आरआरआर) के रूप में जाना जाता है। चीन की अर्थव्यवस्था कई तरह की विपरीत परिस्थितियों से जूझ रही है और अधिकारी आर्थिक विकास को गति देने के लिए महीनों से संघर्ष कर रहे हैं। एशियाई देश लंबे समय से संपत्ति-क्षेत्र संकट, बढ़ती युवा बेरोजगारी और वैश्विक मंदी का सामना कर रहा है, जिससे चीनी वस्तुओं की मांग में कमी आई है।

## अमेजन ने उत्तराखंड में डिलीवरी सेवा शुरू की

**चंडीगढ़ ।** ई-वाणिज्य कंपनी अमेजन ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के सुदूर गांव गजोली में डिलीवरी सेवा शुरू की है। कंपनी के अनुसार वह हिमालय पर्वत श्रृंखला में 4,500 फुट की ऊंचाई पर गजोली स्थित महर्षि आश्रम में पैकेज पहुंचाने वाली पहली और एकमात्र ई-वाणिज्य कंपनी बन गई है। आश्रम क्षेत्र में और उसके आसपास कोई दुकान या डिलीवरी विकल्प नहीं हैं। इस स्थान पर ऑर्डर डिलीवर करना न केवल कठिन है बल्कि इसमें काफी समय भी लगता है। अमेज़न इंडिया के एक अे धिकारी ने कहा` कि पिछले कुछ वर्षों में हमने अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तेज, सुरक्षित व मजबूत नेटवर्क बनाते हुए तथा देश के दूरदराज कोनों तक पहुंच बनाते हुए सभी जगह अपने बुनियादी ढांचे और वितरण प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने स्पाइसजेट से कहा- क्रेडिट सुइस को 15 मार्च तक दें बकाया




**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने किफायती विमानन कंपनी स्पाइसजेट को क्रेडिट सुइस मामले में 15 मार्च तक सभी बकाया रकम देने को कहा है। अदालत ने कहा कि देरी से भुगतान की कोई गुंजाइश नहीं है। प्रतिवादी का ऐसा कहना उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार जो समयसीमा दी गई थी उसे देखते हुए स्पष्ट है कि प्रतिवादी डिफॉल्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पाइसजेट लिमिटेड को 15 मार्च से पहले क्रेडिट सुइस एजी को 1.25 मिलियन डॉलर का भुगतान करने का निर्देश दिया ताकि सुनवाई की अगली तारीख से पहले बकाया का भुगतान सुनिश्चित हो सके। क्रेडिट सुइस की ओर से पेश एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ को बताया कि 15 फरवरी तक बजट वाहक 12.5 लाख डॉलर का डिफॉल्ट कर चुका था। शीर्ष अदालत ने स्पाइसजेट से कहा कि हम आपको एक लंबी रस्सी दे रहे हैं, इस मामले में कोई जोखिम न लें। स्पाइसजेट ने 12.5 लाख डॉलर के एरियर को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि बकाया राशि का भुगतान देर से ही किया गया है। पीठ ने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह के विलंबित भुगतान की गुंजाइश नहीं है। इसलिए क्रेडिट सुइस का यह कहना न्यायोचित है कि राशि का भुगतान नहीं किया गया है। स्पाइसजेट की ओर से गो एयर की अधिग्रहण प्रक्रिया में शामिल होने की पिछले हफ्ते की खबरों का उल्लेख करते हुए अदालत ने सवाल किया कि इतना कुशन उपलब्ध होने के बावजूद, भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा। पीठ ने स्पाइसजेट के अध्यक्ष अजय सिंह को निर्देश दिया कि वह मार्च के तीसरे सप्ताह में सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत के समक्ष उपस्थित हों।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**




घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले खराब संकेतों के बाद भी लिवाली (खरीददारी) हावी रहने से आया है। आज कारोबार के दौरान एचडीएफसी बैंक सहित समेत अन्य बैंकिंग शेयरों में तेजी से बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 72,510.24 अंक के निचले और 73,130.69 के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद अंत में 0.48 फीसदी तकरीबन 349.24 अंक बढ़कर 73,057.40 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सबसे अधिक स्तर पर पहुंचा। निफ़्टी आज 0.34 फीसदी तकरीबन 74.70 अंक ऊपर आकर अपने अब तक के शीर्ष स्तर 22,196.95 पर बंद हुआ।

इससे पहले आज सुबह शुरूआती गिरावट से उबरते हुए बाजार लगातार छठे कारोबारी सेशन में बढ़त पर रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड का शेयर सबसे ज्यादा 4.16 फीसदी ऊपर आया। वहीं एचडीएफसी बैंक भी 2.5 फीसदी से ज्यादा बढ़कर बंद हुआ। एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, एसबीआइ´, आईसीआईसीआई बैंक सहित 18 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए। वहीं दूसरी ओर आईटी कंपनी टीसीएस के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके साथ ही बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस ,एचसीएल टेक और सहित 12 कंपनियों के शेयर उछाल के साथ बंद हुए। चढ़कर बंद हुए। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस के शेयर पिछले तीन ट्रेडिंग सेशन में 16 फीसदी तक चढ़ गए। वहीं बीते तीन दिनों से पेटीएम के शेयर में लगातार 5 फीसदी का अपर सर्किट लग रहा है। इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों के बाद भी बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 150 अंकों तक नीचे आया है। बाजार में हालांकि निचले स्तरों पर थोड़ी खरीदारी दिखी। सेंसेक्स 24.80 अंकों की गिरावट के साथ 72,683.36 के स्तर पर कारोबार करता दिखाई` दिया। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 10.41 अंक नीचे आकर 22,111.85 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक रुझानों के बाद भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स मंगलवार को गिरावट के साथ खुले। इस दौरान इंडेक्स हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस के शेयरों में बिकवाली दिखी।

# लग्जरी सामान बनाने वाली दुनिया की प्रमुख 100 कंपनियों में छह भारतीय

**नई दिल्ली ।**

लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की प्रमुख 100 कंपनियों की सूची में छह भारतीय कंपनियां भी अपनी जगह बनाने में सफल रही हैं। इन छह कंपनियों में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स और टाइटन के साथ चार अन्य भारतीय आभूषण निर्माता कंपनियां भी शामिल हैं। एक सर्वे के मुताबिक वैश्विक लग्जरी सामान सूची-2023 में 19वें स्थान पर काबिज मालाबार गोल्ड अग्रणी घरेलू कंपनी है। पहली बार इसे सूची में जगह मिली है। टाटा समूह की इकाई टाइटन कंपनी 24वें स्थान पर है। विविध क्षेत्रों में काम करने वाली फ्रांस की लग्जरी कंपनी एलवीएमएच इस सूची में शीर्ष स्थान पर काबिज है। पीवीएच कॉर्प दूसरे और रिचमोंट तीसरे स्थान पर है। एक सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे बढ़ रही है, उपभोक्ताओं में प्राथमिकताएं विकसित हो रही हैं। देश के लग्जरी बाजार में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है, जो घरेलू ब्रांड की वैश्विक पहचान में योगदान दे रही है। देश में लग्जरी उत्पादों की मांग और बढ़ने की उम्मीद है। इससे घरेलू ब्रांड को वैश्विक स्तर पर उभरने के पर्याप्त अवसर मिलेंगे।



रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की प्रमुख 100 लग्जरी उत्पाद विक्रेताओं ने 2023 में कुल 347 अरब डॉलर का कारोबार किया। यह सालाना आधार पर 13.4 फीसदी की बढ़ोतरी है। 347 अरब डॉलर के कुल कारोबार में एलवीएमएच की हिस्सेदारी 31 फीसदी है।

रिपोर्ट के मुताबिक लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की प्रमुख 10 कंपनियों का 63 फीसदी बाजार पर कब्जा है। सालाना आधार पर इनकी बिक्री में 23 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने निवेश आकर्षित करने सिंगापुर में अधिकारियों से की चर्चा

**सिंगापुर ।** भारत सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने और देश में निवेश आर्किषत करने के लिए सिंगापुर में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर में उच्च पदस्थ अधिकारियों से के साथ चर्चा की और सोमवार को निवेशक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। सिंह ने सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन की साझेदारी में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित खाद्य एवं मशीनरी क्षेत्र पर भारत सिंगापुर व्यापार गोलमेज सम्मेलन को भी संबोधित किया। फिक्की के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि यह आयोजन भारतीय और सिंगापुर के व्यवसायों के लिए व्यापार, संयुक्त उद्यम, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान तथा साझेदारी बढ़ाने के रास्ते तलाशने के लिए एक मंच के तौर पर काम करता है। अधिकारी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का मकसद निवेशकों को भारत में आमंत्रित करना और भारत तथा सिंगापुर के बीच व्यापार संबंधों को बढ़ाना था। प्रतिनिधिमंडल ने नवीकरणीय ऊर्जा तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर निवेशक गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। एंटरप्राइज सिंगापुर और इन्वेस्ट इंडिया द्वारा आयोजित इन सत्रों में दोनों देशों के बीच निवेश संबंधों तथा सहयोगी उद्यमों को बढ़ाने की क्षमता पर व्यापार जगत के लोगों के साथ बातचीत की गई।



# रिटैल सैक्टर में बनाएं करियर

एक अनुमान के अनुसार आगामी वर्षों में एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार रिटेल सैक्टर में ही मिलेगा जो वर्तमान में कार्यरत लाखों खुदरा विक्रेताओं के अलावा संगठित क्षेत्र में विकसित हो रहे डिपार्टमैंटल स्टोर्स, कंवीनिएंट स्टोर्स, मॉल्स, ई-रिटेलर्स, डिस्काऊंट स्टोर्स, वैंडिंग मशीनों, स्पैशलिस्ट स्टोर्स आदि में पैदा होंगे जहां प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत आने वाले समय में बेहद तेजी से बढने् की संभावना है।

## कार्यक्षेत्र

रिटेल का अर्थ है ग्राहक तक उत्पादक पहुंचाना। रिटेल मैनेजमैंट में ग्राहकों तक सीधे संपर्क स्थापित करना, उनकी जरूरतों को ध्यान में रख कर सही उत्पाद उन तक पहुंचाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। रिटेल इंडस्ट्री में दुकान, फास्ट फूड चेन, सुपर मार्कीट, डिपार्टमैंटल स्टोर्स, मॉल इत्यादि का समावेश होता है। इन जगहों पर बाइंग, मर्चैंडाइजिंग, ऑनलाइन रिटेलिंग में सेल्स मैनेजर, ट्रेनी, रिटेल सेल्स, एक्जीक्यूटिव, रिटेल सेल्स रिप्रेजैंटेटिव, सेल्स मैनेजर, मैनेजमैंट ट्रेनर बन सकते हैं।

इसके अलावा रिटेल का कोर्स करने वाले सार्मथ्यवान युवा अपना वैंचर या आऊटलैट भी खोल सकते हैं। इस सैक्टर में प्रशिक्षित तथा गैर-प्रशिक्षित दोनों तरह के लोगों के लिए पार्टटाइम और फुलटाइम नौकरी के ढेरों विकल्प मौजूद हैं। महानगरों से लेकर छोटे-छोटे शहरों, कस्बों तक फैले मॉल्स, स्टोर्स, रैस्टोरैंट चेन्स, मल्टीब्रांडेड स्टोर्स से लेकर होटल्स आदि में रोजगार पा सकते हैं।

## योग्यता

अभी तक अधिकतर एम.बी.ए. प्रोग्राम्स में ही रिटेल मैनेजमैंट के बारे में पढ़ाया जाता था लेकिन कुछ ऐसे भी कोर्सेज हैं, जो इस विषय पर अलग से केंद्रित हैं जैसे सर्टीफिकेट इन रिटेल, डिप्लोमा इन रिटेलिंग, बी.बी.ए. इन रिटेलिंग, पी.जी. प्रोग्राम इन रिटेल एंड मार्कीटिंग, पी.जी. डिप्लोमा इन विजुअल



मर्चैंडाइजिंग एंड स्टोर डिजाइन, एम.बी.ए. इन रिटेल मैनेजमैंट।

ऐसे कोर्सेज में मुख्यत: रिटेल सर्विसेज, मर्चैंडाइजिंग और फैंचाइजी के कार्य सिखाए जाते हैं। इनमें कस्टमर रिलेशन मैनेजमैंट, सेल्स प्रमोशन मैनेजमैंट, सप्लाई चेन मैनेजमैंट, डिस्ट्रीब्यूशन और लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट, इंवैंट्री मैनेजमैंट, मार्कीट रिसर्च, बिजनैस कम्युनिकेशन, डायरैक्टर मार्कीटिंग और कंज्यूमर बिहेवियर वगैरह शामिल हैं।

रिटेलिंग संबंधी सर्टीफिकेट या डिप्लोमा कोर्स के लिए किसी भी संकाय से 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास होना जरूरी है। सर्टीफिकेट कोर्स की अवधि 3 महीने और डिप्लोमा की अवधि 6 महीने से लेकर एक साल होती है। दूसरी तरफ रिटेल में पी.जी. डिप्लोमा और मास्टर डिग्री प्रोग्राम करने के लिए किसी भी संकाय से ग्रैजुएट होना जरूरी है।

रिटेलिंग सैक्टर के कुछ प्रमुख विभाग ग्राहक सेवा विभाग, भंडारण विभाग, निरीक्षण/सुरक्षा, कैश काऊंटर, मॉल प्रशासन, मॉल फ्लर व शेल्फ मैनेजमैंट, मानव विभाग आदि।

## कौशल

इस क्षेत्र में उत्तम करियर बनाने की चाहत रखने वाले युवाओं को मेहनती और लगनशील होने के अलावा मृदुभाषी, टीम वर्क में विश्वास रखने वाला, नेतृत्व के गुण, समय प्रबंधन में दक्ष, विविध ग्राहकों के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार विपरीत स्थितियों में भी बनाए रखने की योग्यता सरीखे गुणों का होना आवश्यक है।

अमूमन रिटेलिंग के कोर्स में मार्कीटिंग रिसर्च, रिटेल सेलिंग, इलैक्ट्रॉनिक रिटेलिंग, मर्चैंडाइजिंग मार्कीटिंग, रिटेल पर्चेजिंग, रिटेल प्राइजिंग, रिटेल ऑर्गेनाइजेशन, रिटेल मैनेजमैंट, कंज्यूमर बिहेवियर, मैनेजमैंट इंफॉर्मेशन सिस्टम, सप्लाई-चेन मैनेजमैंट सिस्टम आदि से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जाती है।

## पारिश्रमिक

रिटेल सेल्स रिप्रजैंटेटिव पद पर करियर की शुरूआत करने वालों को बड़ी कम्पनियों में 8 से 10 हजार, मैनेजमैंट ट्रेनी पद पर 12 से 16 हजार और सेल्स मैनेजर को 15 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मिल सकते हैं। डिपार्टमैंट हैड प्रतिमाह 4 लाख रुपए तक प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- बिट्स पिलानी
- इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली
- बिड़ला इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- वाई.एम.सी.ए., जय सिंह रोड, नई दिल्ली
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, मध्य प्रदेश
- एमिटी बिजनैस स्कूल, नोएडा, उत्तर प्रदेश

# फिटनेस इंस्ट्रक्टर सेहत का मास्टर

**आजकल लोग फिटनेस के प्रति काफी सजग हो गए हैं। ऐसे में उन लोगों की डिमांड बढ़ गई है, जो फिटनेस की ट्रेनिंग देते हैं.. आज हर शख्स मानसिक और शारीरिक रूप से सेहतमंद रहना चाहता है। इसलिए मेट्रो सिटीज से लेकर छोटे शहरों में भी हेल्थ और फिटनेस सेंटर्स की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। इसके अलावा, इंडिया में इंटरनेशनल फिटनेस चेन्स के आने से भी ट्रेंड इंस्ट्रक्टर्स की डिमांड बढ़ गई है। ऐसे में**



अगर आप भी खुद के साथ दूसरों को फिट रखना चाहते हैं, तो बतौर फिटनेस इंस्ट्रक्टर करियर का आगाज कर सकते हैं।

वर्क प्रोफाइल

फिटनेस इंस्ट्रक्टर अलग-अलग उम्र के लोगों को फिटनेस के विभिन्न पहलुओं के अनुरूप शेप में रहने की ट्रेनिंग देते हैं। इसके तहत पर्सनल लेवल या ग्रुप में लोगों को एक्सरसाइज, योग, एरोबिक्स और मशीनों के जरिए वजन कम करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा अच्छी सेहत, पौष्टिक भोजन, जीवनशैली में बदलाव और सही पॉश्चर के फायदे भी बताए जाते हैं।

क्वालिफिकेशन

फिटनेस इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको फिजिकल एजुकेशन में डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा, पीएचडी या सर्टिफिकेट कोर्स करना होगा। कोर्स के दौरान फिजिकल एजुकेशन और स्पो?र्ट्स की बेसिक नॉलेज, जिम्नास्टिक, गेम्स थ्योरी, योग एरोबिक्स, किक बॉक्सिंग आदि की ट्रेनिंग दी जाती है।

जॉब प्रॉस्पेक्ट्स

फिटनेस इंस्ट्रक्टर जिम, होटल्स, हेल्थ क्लब्स, फिटनेस क्लब्स , फिटनेस सेंटर्स, स्पा, टूरिस्ट रिजॉर्ट, हाउसिंग सोसायटीज और मल्टीनेशनल कंपनीज में काम कर सकते हैं। स्पो?र्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया भी खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने के लिए फिटनेस कोच की नियुक्ति करती रहती है। सबसे अहम बात यह है कि आजकल बड़े-बड़े स्टार्स और सेलिब्रिटीज पर्सनल ट्रेनर नियुक्त करने लगे हैं। इसलिए कोर्स करने के बाद आपके लिए संभावनाओं की कमी नहीं रहेगी। एक बार स्टैब्लिश होने पर नामी ट्रेनर्स तो एक से दो हजार रुपये प्रति घंटे तक फीस लेते हैं। इसके अलावा कॉरपोरेट घरानों या विभिन्न जगहों पर गेस्ट सेशन देकर भी आप कमाई कर सकते हैं।



# फार्माकोविजिलेंस भरपूर है स्कोप

साइंस के स्टूडेंट्स के लिए फार्माकोविजिलेंस के फील्ड में करियर की अच्छी संभावनाएं हैं। जानिए कैसे बना सकते हैं करियर..?

अगर बचपन से ही मेडिकल की पढ़ाई का सपना था, लेकिन सफलता नहीं मिली, तो निराश होने की कोई बात नही। अब आपके पास एक ऐसा ऑप्शन है, जो आपके अधूरे सपने को पूरा कर सकता है। यूं तो विज्ञान विषय पढ़ने वाले युवाओं के लिए करियर संभावनाओं की कोई कमी नहीं है। बायोइंफॉर्मेटिक्स के बढ़ने से इस क्षेत्र में युवाओं की मांग भी बढ़ने लगी है। ऐसे में साइंस के स्टूडेंट्स के लिए उभरता हुआ करियर है फार्माकोविजिलेंस।

हालांकि, इस कोर्स को करने के बाद आप एमबीबीएस की डिग्री तो नहीं पा सकेंगे, लेकिन एक डॉक्टर का फर्ज जरूर निभा सकेंगे। दरअसल, दवाइयों से होने वाले किसी भी प्रकार के साइड इफेक्ट की पहचान, आकलन और बचाव के लिए फार्माकोलॉजिकल साइंस की मदद ली जाती है, ताकि दवाइयों को ज्यादा सुरक्षित और उपयोगी बनाया जा सके। फार्माकोविजिलेंस का संबंध दवाइयों की उपलब्धता, डिस्ट्रीब्यूशन, इस्तेमाल और इससे जुड़ी दूसरी समस्याओं से भी है। साथ ही, दवाइयों के इस्तेमाल से जुड़े विपरीत असर को पहचानना, उसकी पुष्टि करना, असर को मापना है, ताकि दवाइयों को ज्यादा सुरक्षित और उपयोगी बनाया जा सके। आज इस फील्ड से जुड़े लोगों के लिए भारत के साथ-साथ विदेश में भी रोजगार का भरपूर मौका है।



## कौन हो सकता है सफल

यह फील्ड उन लोगों के लिए बेहतर है, जो दवाइयों के साइड इफेक्ट को पकड़ने में एक्सपर्ट हों। इसके लिए हमेशा मरीजों, चिकित्सकों, दवा विक्रेताओं आदि से संपर्क में रहना पड़ता है। इसके अलावा, उसमें लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग और सुरक्षित रखने की प्रबल भावना होनी चाहिए।

## क्वालिफिकेशन

कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलोजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, जेनेटिक्स और बायोटेक से ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट या फार्मेसी और मेडिसिन में ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट होना जरूरी है। आप सर्टिफिकेट इन फार्माकोविजिलेंस, डिप्लोमा इन फार्माकोविजिलेंस जैसे कोर्स कर सकते हैं।

## कहां मिलेगी नौकरी

फार्माकोविजिलेंस से संबंधित कोर्स करने के बाद ग्लैक्सो, सन फार्मा, फाइजर, सिप्ला, निकोलस पिरामल जैसी फार्मास्युटिकल कंपनियों में नौकरी मिल सकती है। विदेशी फार्मा कंपनियों में भी इस फील्ड से जुड़े प्रोफेशनल्स की काफी डिमांड है। स्टूडेंट्स को अच्छे पैकेज पर हायर किया जाता है।

## सैलरी

इस फील्ड में शुरुआत में 15 से 20 हजार रुपये प्रति माह मिलते हैं। वहीं, कुछ साल का अनुभव हासिल करने के बाद 30 से 40 हजार रुपये प्रतिमाह तक मिल सकते हैं।

# सावधानी में ही सुरक्षा

जब करियर से लेकर शिक्षा तक के लिए घर से दूर किसी शहर में जाकर अकेले ही रहना पड़े तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है ताकि अकेले रहते हुए आप अपनी सुरक्षा कर सकें तथा परिवार वाले भी आपके बारे में निश्चिंत हो सकें।

- अगर आप पहली बार पढ़ाई, जॉब के इंटरव्यू आदि के लिए घर से दूर जा रही हैं तो बेहतर है कि पेरैंट्स या परिवार के किसी सदस्य को साथ ले जाएं। एकदम से अकेले और वह भी किसी नए शहर में जाना सही नहीं है। यदि आपने वहां लंबे समय तक रहना है तो कुछ दिन मां या किसी अन्य सदस्य को अपने साथ ही रखें।
- यदि आप किसी प्रोग्राम या कांफ्रेंस इत्यादि में भाग लेने अपने किसी दोस्त या सहेली के साथ शहर से बाहर जा रही हैं तो न केवल उस जगह, रुकने के स्थान और पूरा प्रोग्राम ही अपने परिवार को बताएं बल्कि उस दोस्त का पता-ठिकाना एवं फोन नंबर भी घर पर छोड़ कर जाएं।
- किसी पर भी जल्दी भरोसा न करें और न ही किसी अजनबी या कलीग को अपने अकेले रहने या रूटीन की जानकारी दें।
- रूम मेट हो या फिर कोई कलीग, बैस्ट फ्रेंड हो या जानकार, किसी को भी अपना कोई सीक्रेट न बताएं। अपने क्रैडिट कार्ड या ए.टी.एम. कार्ड अथवा बैंक बैलेंस का किसी से भी जिक्र न करें।
- जहां तक संभव हो, रात को बाहर निकलने से परहेज करें।
- होटल में चैक इन करते समय यदि रिसैप्शन पर बैठा रिसैप्शनिस्ट आप का नाम लिखे बिना ही आपको कमरे में जाने को कहे तो ऐसा कतई न करें। उससे कहें कि पहले वह आपका नाम व नंबर अपने रजिस्टर में लिखे।
- होटल के कमरे एवं खिड़कियों के लॉक भी चैक कर लें। यदि आपको कोई खामी नजर आए तो मैनेजर को उसकी जानकारी दें तथा ठीक करवाने को कहें। आप अपना कमरा बदलने के लिए भी उन्हें कह सकती हैं।
- सब कुछ चैक करने के बाद अपने घर पर अपने पहुंचने की, रूम नंबर तथा होटल के नंबर की जानकारी दें जिससे कि आप अनजान जगह पर अकेले होते हुए भी काफी हद तक सेफ रहेंगी।

## भड़काऊ भाषण मामले में फिर मिली मुफ्ती सलमान अजहरी को जमानत

कच्छ । गुजरात के कच्छ जिले की एक अदालत ने रविवार को मुंबई के इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी को भड़काऊ भाषण मामले में जमानत दे दी। करीब दो हफ्ते पहले जिले के सामाखियाली कस्बे में एक धार्मिक कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण देने के सिलसिले में अजहरी के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है। सामाखियाली के पुलिस उप-निरीक्षक विशाल पटेल ने कहा कि भचाऊ में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वाई शर्मा की अदालत ने मौलवी को जमानत दे दी है। विशाल पटेल ने कहा कि जमानत मिलने के बाद अजहरी को राजकोट केंद्रीय कारागार ले जाया गया जहां से अरवल्ली पुलिस शुक्रवार को मोडासा पुलिस थाने में उनके खिलाफ दर्ज तीसरे भड़काऊ भाषण के मामले में उसे हिरासत में लेगी। 8 फरवरी को भचाऊ अदालत ने अजहरी को रविवार तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया था। रविवार को जब उन्हें अदालत में पेश किया गया तो अजहरी के वकील ने जमानत याचिका दायर की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने उनकी जमानत याचिका मंजूर कर ली। जूनागढ़ के बी डिवीजन पुलिस थाने की सीमा में 31 जनवरी को कथित तौर पर नफरत भरा भाषण देने के लिए उनके खिलाफ दर्ज पहली प्राथमिकी के सिलसिले में सात फरवरी को अजहरी को जमानत दे दी गई थी। इसी मामले के सिलसिले में उन्हें 5 फरवरी को मुंबई से हिरासत में लिया गया था।

## गुजरात में 24 घंटे में 7 लोगों ने खुदकुशी की

अहमदाबाद । गुजरात में 24 घंटे में 7 लोगों ने खुदकुशी कर ली। गांधीनगर सिविल अस्पताल में ट्यूबरक्लोसिस का इलाज करा रहे एक 20 वर्षीय युवक ने शनिवार को इमारत की सातवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। पीड़ित राहुल ठाकोर ने पहचान का प्रमाण नहीं दिया था या अस्पताल के फॉर्म में अपना पता नहीं बताया था। वहीं बेहरामपुरा निवासी 31 वर्षीय दिनेश मकवाना ने शनिवार शाम को नदी के किनारे बने रास्ते से साबरमती में छलांग लगा दी और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मकवाना लंबे समय से एक बीमारी से पीड़ित थे और ऐसा संदेह है कि उन्होंने अपनी परेशानी दूर करने के लिए यह कदम उठाया। साबरमती रिवरफ्रंट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है। आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। अहमदाबाद में शनिवार शाम तक 24 घंटों में छह लोगों ने भी आत्महत्या की है। घाटलोडिया निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने शनिवार दोपहर अपने आवास पर फांसी लगा ली। पुलिस के मुताबिक लड़की के माता-पिता ने उसकी पढ़ाई पर ध्यान न देने के लिए उसे डांटा था। हालांकि घाटलोडिया पुलिस आत्महत्या के सही कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही है। चार अन्य आत्महत्याएं 29-34 वर्ष की आयु वर्ग में दर्ज की गईं हैं। दो आत्महत्याएं 50 के मध्य के लोगों द्वारा की गई हैं। ओढव के हरिओम पार्क निवासी 29 वर्षीय रवि ठाकोर ने शनिवार दोपहर को छत के पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। उन्हें शिंगरवा सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। 11 फरवरी को आत्महत्या का प्रयास करने वाले अमराईवाड़ी निवासी 56 वर्षीय व्यक्ति ने शनिवार को एलजे अस्पताल में अंतिम सांस ली। मुकेश गुप्ता ने अपने आवास पर फांसी लगाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें बचा लिया गया और अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा था। हालांकि उन्हें बचाया नहीं जा सका। वटवा निवासी 57 वर्षीय नीलेश पटेल ने भी शुक्रवार रात जमालपुर पुल से साबरमती में छलांग लगा दी। एक दिन बाद उसका शव नदी से निकाला गया। रिवरफ्रंट पुलिस पूर्व ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। ठक्करनगर निवासी 34 वर्षीय आशा जड़ेजा ने शनिवार दोपहर अपने आवास पर फांसी लगा ली। उसे कोठिया अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक अन्य घटना में रामोल निवासी 30 वर्षीय मिथलेश प्रजापति ने आत्महत्या कर ली क्योंकि उसकी पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मिथलेश इससे काफी आहत हुआ और उसने फांसी लगा ली।

## सुनवाई के दौरान ही हाईकोर्ट में हो गई बत्ती गुल, अंधेरे में बैठे रहे जज

श्रीनगर । जम्मू और कश्मीर हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ही अदालत की बत्ती गुल हो गई। इस पर न्यायाधीश भड़क गए और उन्होंने हाईकोर्ट की स्थिति को दयनीय करार दे दिया। अदालत ने इस संबंध में ज्यूडिशियल नोट भी जारी कर दिया है और मुख्य सचिव से मामले में दखल देने के लिए कहा है। बता दें ?कि जम्मू और कश्मीर के कुछ इलाकों में सर्दियों के महीनों में बिजली की कमी से जूझ रहा है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस मोक्ष खजूरिया काजमी की डिवीजन बेंच ने पाया कि कटौती सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर हुई थी, जो 11 बजकर 28 मिनट तक भी बहाल नहीं हो सकी थी। कोर्ट में कश्मीर विश्वविद्यालय से जुड़े एक मामले की सुनवाई चल रही थी। इस संबंध में कोर्ट की तरफ से मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सुझाव भी दिए गए हैं। बेंच ने कहा, अदालत के कामकाज के समय दिन में अंधेरा छा गया। इस दौरान स्थिति इतनी खराब थी कि जेनरेटर भी काम नहीं कर रहा है, कोई रोशनी नहीं है, एयर हीटिंग यूनिट (एएचयू) भी काम नहीं कर रही है। नोट में लिखा गया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के श्रीनगर विंग की यह स्थिति दयनीय है। बेंच का कहना है बिजली संकट को दूर करने के लिए एक स्थायी समाधान की जरूरत है। कोर्ट ने मुख्य सचिव से इस संबंध में जरूरी निर्देश जारी करने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा, समाधान कई हो सकते हैं जैसे उच्च न्यायालय के लिए एक अलग बिजली लाइन की व्यवस्था हो जिसमें बिजली जाने जैसी कोई समस्या नहीं आए और इसके साथ अदालत के कामकाज को प्रभावित होने से बचाने के लिए जनरेटर के साथ ही एयर हीटिंग यूनिट के बीच बगैर रोक टोक चलाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

## खराब मौसम के दरमियां फंस कर रह गई दिल्ली-श्रीनगर इंडिगो फ्लाइट

नई दिल्ली । सोमवार को खराब मौसम के दरमियां दिल्ली से श्रीनगर जा रहे इंडिगो के एक विमान को परेशनी से जूझना पड़ गया। जानकारी के अनुसार यह विमान जब हिलने लगा तो यात्रियों में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार जब विमान गंभीर रूप से खराब मौसम में फंस गया। खराब मौसम के कारण श्रीनगर जाने वाली उड़ान में बड़े पैमाने पर लोगों की सांसें अटक गई। हालांकि घटना में किसी के घायल होने या क्षति की सूचना नहीं है, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें फ्लाइट के हिलने पर यात्रियों को अपनी कुर्सियों को पकड़े हुए देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम 5.30 बजे फ्लाइट ने दिल्ली से उड़ान भरी। हालांकि गनीमत रही कि यह श्रीनगर में सुरक्षित रूप से उतर गया। सोमवार को कश्मीर में गुलमर्ग स्कीइंग रिसॉर्ट समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश हुई। घाटी के कुपवाड़ा, हंदवाड़ा और सोनमर्ग इलाकों से भी बर्फबारी की खबर है। श्रीनगर शहर समेत घाटी के बाकी हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हुई। जम्मू क्षेत्र में भी बारिश हुई, जिससे रामबन जिले में दो स्थानों पर भूस्खलन के कारण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। उड़ान के दौरान कोई चीज़ सुचारू प्रवाह को बाधित करती रही जिससे फ्लाइट में बैठे यात्री भी घबरा गए। तूफान, जेट स्ट्रीम और पहाड़ अशांति पैदा करने वाले तीन मुख्य कारक बताए जा रहे हैं।

## वंदेभारत में मिल रहे घटिया खाने की यात्री ने शेयर की तस्वीर

नई दिल्ली । वंदेभारत ट्रेन में मिले घटिया खाने की एक तस्वीर यात्री ने सोशल मी?डिया पर शेयर की है। जिसमें न तेल है, न नमक मिर्च है। बता दें कि वंदेभारत में यात्रियों को ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर की भी सुविधा दी जाती है। हालांकि इसके लिए अलग से चार्ज देना पड़ता है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने वंदेभारत में मिलने वाले खाने की तस्वीर पोस्ट की जो कि तेजी से वायरल हो रही है। यूजर इस पोस्ट पर मजेदार कॉमेंट भी कर रहे हैं। कपिल नाम के एक यूजर ने लिखा, इतना हेल्दी खाना उपलब्ध करवाने के लिए धन्यवाद अश्विनी वैष्णव जी। इसमें ना तो तेल है है और ना ही मिर्च मसाला। इस कैप्शन के साथ यूजर ने छोले की तस्वीर भी पोस्ट की। दरअसल यूजर ने इस खाने को लेकर तंज किया था। कई लोगों ने यह भी पूछा कि वह खाने की तारीफ कर रहा था या फिर उसपर अफसोस जता रहा था। स्टोरी लिखने तक इस पोस्ट को 20 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं और 20हजार लोग लाइक कर चुके हैं। एक शख्स ने कहा कि आज कल हार्ट अटैक से ज्यादा मौतें हो रही हैं ऐसे में यह रेसिपी घर-घर पहुंचानी है। अश्विनी वैष्णव जी को स्वस्थ्य भारत के योगदान के लिसए धन्यवाद। कपिल ने रिप्लाई करते हुए कहा, ये क्या रेसिपी है। उबले छोले लो और नमक डाल के फिर से उबाल लो। एक अन्य यूजर ने लिखा, यह तो डिश बहुत ही खतरनाक नजर आ रही है।

# मंत्रिमंडल सहयोगी के साथ अयोध्या पहुंचे सीएम धामी ने कहा, आज हम गौरवान्वित हो रहे



**अयोध्या (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन-पूजन किए और कहा कि आज हम गौरवान्वित हो रहे हैं कि फिर से राम युग शुरू हो रहा है। सीएम धामी अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों, सतपाल महाराज, रेखा आर्य, धन सिंह रावत, प्रेमचंद अग्रवाल और सुबोध उनियाल के साथ रामनगरी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल भी मौजूद रहे। मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री धामी ने कहा, श्रीराम का उत्तराखंड से अटूट संबंध है। सरयू नदी का उद्गम स्थल जिसके तट पर श्रीराम के पिता एवं महाराज दशरथ ने संतान प्राप्ति के लिए अनुष्ठान किया था, वह बागेश्वर जिले में है। हमारा गहरा संबंध है और उत्तराखंड के लोग हमेशा यहां आएंगे।'' राम मंदिर में चढ़ाने के लिए धामी और अन्य लोग उत्तराखंड से मिष्ठान इत्यादि भी लाए थे। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भी मौजूद थे। बाद में चंपत राय ने मुख्यमंत्री और अन्य लोगों को पूरे परिसर का दौरा कराया और वहां जारी निर्माण कार्यों से संबंधित जानकारी भी दी।

बता दें कि विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री अयोध्या आकर दर्शन कर रहे हैं। अब तक अरुणाचल प्रदेश, गोवा और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री जहां अपने परिजनों और मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ रामलला के दर्शन कर चुके हैं। वहीं पंजाब और दिल्ली के मुख्यमंत्री हाल ही में अपने परिवार के साथ दर्शन करने अयोध्या आए थे।

रामलला के दर्शन के बाद पुरानी स्मृतियों को ताजा कर सीएम धामी ने कहा, लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र रहते हुए बहुत बार अयोध्या आया और तब भगवान रामलला को टेंट में देखकर उस समय मन भावुक होता था, लेकिन आज हम गौरवान्वित हो रहे हैं कि फिर से राम युग शुरू हो रहा है। अयोध्या में उत्तराखंड सदन की स्थापना को लेकर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उप्र सरकार से अनुरोध किया गया है। जमीन मिलने पर राज्य का एक सदन यहां पर बन जाएगा। आम चुनाव में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के प्रभाव के बारे में पूछने पर धामी ने कहा, राम यत्र, तत्र और सर्वत्र हैं।


## पगड़ी पहनी तो खालिस्तानी हो गया? भाजपा नेता पर भड़के आईपीएल जसप्रीत सिंह

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में भाजपा नेताओं द्वारा एक सिख पुलिस अधिकारी को कथित तौर पर खालिस्तानी कहे जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। आईपीएस अधिकारी ने टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने पगड़ी पहनी है, आप ऐसा कह रहे हैं। अगर मैंने पगड़ी नहीं पहनी होती, तो क्या आप मुझे खालिस्तानी कहते? आप पुलिस के बारे में जो चाहें कह सकते हैं, लेकिन आप मेरे धर्म पर टिप्पणी नहीं कर सकते। वीडियो में दिख रहे पुलिस अधिकारी 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह हैं। सिंह



वर्तमान में पश्चिम बंगाल पुलिस में विशेष अधीक्षक (खुफिया ब्यूरो) के पद पर तैनात हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को घटना का एक वीडियो साझा किया और भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पार्टी की 'विभाजनकारी राजनीति ने बेशर्मी से संवैधानिक सीमाओं को लांघ दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हमारे सिख भाइयों और बहनों की प्रतिष्ठा को कमजोर करने के प्रयास' की निंदा करती हैं। ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा कि आज, बीजेपी की विभाजनकारी राजनीति ने संवैधानिक सीमाओं को बेशर्मी से लांघ दिया है। बीजेपी के अनुसार, पगड़ी पहनने वाला हर व्यक्ति खालिस्तानी है। उन्होंने कहा कि मैं हमारे सिख भाइयों और बहनों की प्रतिष्ठा को कमजोर करने के इस दुस्साहसिक प्रयास की कड़ी निंदा करती हूं, जो हमारे राष्ट्र के लिए उनके बलिदान और अटूट दृढ़ संकल्प के लिए सम्मानित हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोले केजरीवाल, लोकतंत्र बचाने के लिए शुक्रिया, भगवंत मान मे कहा- सत्य की जीत हुई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के लिए एक बड़ी जीत में, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव के नतीजों को पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के साथ, 'आप' मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार, जो मामले में याचिकाकर्ता भी थे, को चुनाव का विजेता घोषित किया गया है। इसको लेकर अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कुलदीप कुमार एक गरीब घर का लड़का है। INDIA गठबंधन की ओर से चंडीगढ़ का मेयर बनने पर बहुत बहुत बधाई। ये केवल इंडिया जनतंत्र और माननीय सुप्रीम कोर्ट की वजह से संभव हुआ। हमें किसी भी हालत में अपने जनतंत्र और स्वायत्त संस्थाओं की निष्पक्षता को बचाकर रखना है।

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में लोकतंत्र को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद! केजरीवाल ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। हम सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देते हैं। देश में हालात ऐसे हैं कि तानाशाही चल रही है। लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। सभी संस्थाओं को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला लोकतंत्र के लिए बहुत मायने रखता है...ये इंडिया अलायंस की बड़ी जीत है- पहली और बड़ी...हमने उनसे जीत छीन ली है। उन्होंने चुनाव, वोट 'चोरी' किये थे। लेकिन हम अंत तक लड़े और अंततः जीत गए। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि भाजपा को हराया नहीं जा सकता - भाजपा को एकजुटता से, अच्छी योजना और रणनीति और कड़ी मेहनत से हराया जा सकता है। ये नतीजे यही साबित करते हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मे कहा कि आखरिकार सत्य की जीत हुई। चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं। पीठासीन अधिकारी द्वारा खारिज किए गए 8 वोटों को सही ठहराते हुए CJI ने AAP के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी द्वारा सरेआम की गई गुंडागर्दी का उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिला है। लोकतंत्र की इस बड़ी जीत पर चंडीगढ़वासियों को बहुत-बहुत बधाई।

कुलदीप कुमार ने कहा कि ये सत्य की जीत है. लोकतंत्र को जिंदा रखा है. मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं...मैं उन सभी नेताओं और इंडिया एलायंस को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझे वोट दिया। भाजपा वैसे ही बेनकाब होगी जैसे यहां बेनकाब हुई थी और हर जगह उसे हार का सामना करना पड़ेगा। 3 क्पार्षदों के बीजेपी में शामिल होने पर वह कहते हैं, ÷मुझे उम्मीद है कि वे वापस आएंगे। हो सकता है कि वे गुमराह होकर वहां गए हों। लेकिन वे पार्टी के सच्चे सिपाही थे। शायद वे वापस आएंगे...।'

दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बीजेपी को मेयर चुनाव में कैमरे पर गड़बड़ी करते देखा गया। यह देश के लिए चिंता का विषय है. जहां न कैमरा होगा, न माइक्रोफोन, वहां पार्टी क्या कर रही होगी? आप उन सभी जगहों पर केंद्र सरकार पर कैसे भरोसा कर सकते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार की पोल खोल दी है। केंद्र सरकार के सबसे बड़े वकील ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पीठासीन अधिकारी का प्रतिनिधित्व किया।

### आप की कांग्रेस को दो टूक : दिल्ली में एक ही सीट देंगे, मंजूर हो तो बोलें

नई दिल्ली। कांग्रेस के सामने चौतरफा चुनौतियां हैं। उसके अपने सहयोगी दल भी अब उसे आंखे दिखाने लगे हैं। आम आदमी पार्टी ने साफ कर दिया है कि दिल्ली में कांग्रेस के लिए एक सीट छोड़ सकते हैं, इससे ज्यादा नहीं। 7 लोकसभा सीटों में से आप ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को एक ही सीट क्यों दी, इस पर दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी ने एक बार फिर अपना रुख साफ किया है। आप का कहना है कि दिल्ली में कांग्रेस के वोट लगातार घट रहे हैं। दिल्ली के विधायक और आप के वरिष्ठ नेता संजीव झा ने कहा कि कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है और दिल्ली में आप का जनाधार ज्यादा है इसलिए यह फॉर्मूला दिया गया। संजीव झा ने एक इंटरव्यू में कहा, यदि वोटिंग पर्सेंटेज की बात करें, 2015 का चुनाव हो या 2020 का, लगातार कांग्रेस का वोट घट रहा है। इस लिहाज से तय कि कांग्रेस एक सीट पर और आम आदमी पार्टी 6 सीट पर लड़े।

## जन विश्वास यात्रा पर निकले तेजस्वी ने नीतिश को पुराने जमाने का नेता बताया



**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव मंगलवार को बिहार के तूफानी दौरे पर निकले हैं। इस दौरान उनके 11 दिनों के भीतर राज्य के सभी 38 जिलों को कवर करने की संभावना है। तेजस्वी यादव ने मुजफ्फरपुर से दौरे की शुरुआत की। मोतिहारी, जहां पूर्वी चंपारण जिले का मुख्यालय है, वहां रात्रि विश्राम के लिए पहुंचने से पहले उनका सीतामढी और शिवहर में दो और सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। दौरे की शुरुआत की पूर्व तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पुराने जमाने का नेता कहा, जो अपनी कुर्सी खुद ही छोड़ दें तब बेहतर होगा।

जन विश्वास यात्रा की शुरुआत से पहले राजद नेता तेजस्वी यादव ने अपने आवास पर पूजा की। उन्होंने कहा कि हम आज से जनता के बीच जा रहे हैं। हमारी सरकार ने 17 महीने में जो काम किया, उस हम जनता के सामने रखने वाले है। सीएम नीतीश कुमार जनता के फैसले को कोई महत्व नहीं देते...जनता इसका जवाब देगी। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के छोटे बेटे और उत्तराधिकारी यादव ने दावा किया कि वे नीतिश के नए विद्रोह के कारण अपनी पार्टी के सत्ता खोने से निराश नहीं हैं।

तेजस्वी ने आरोप लगाया, लेकिन आज बिहार को स्थिरता और दूरदर्शी नेतृत्व की जरूरत है। अपने ढुलमुल रवैये और लीक से हटकर सोचने में असमर्थता से नीतीश कुमार ने दिखाया है कि उनमें इन दोनों का अभाव है। उन्होंने कहा कि फिर भी, जिन 17 महीनों में हमने सत्ता साझा की, हमने उनसे 10 लाख सरकारी नौकरियां पैदा करने की राजद की प्रतिज्ञा के आलोक में साहसिक निर्णय लिए। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी हमारी किताब से कुछ सीखना पड़ा और रोजगार मेलों का आयोजन करना पड़ा।

## पश्चिमी विक्षोभ का असर- उत्तर भारत के कई राज्यों में हो सकती है झमाझम बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगले दो दिनों में उत्तर भारत के कई राज्यों का मौसम बदलने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण झमाझमा बारिश होने के आसार भी बन रहे हैं। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। वहीं उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब समेत कई राज्यों में अगले दो दिनों तक झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि इस समय दो पश्चिमी विक्षोभ बने हुए हैं। इस वजह से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी रहने का अनुमान है। उत्तर भारत में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। वहीं दिल्ली, पश्चिमी यूपी, हरियाणा और पंजाब में ओलावृष्टि का भी अलर्ट जारी किया गया है। अगले दो दिनों तक कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। स्काइमेट वेदर की मानें तो 20 से लेकर 21 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश और जम्मू संभाग में ओलावृष्टि हो सकती है। 20 और 21 फरवरी को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की भी संभावना है। इसके अलावा 21 से 24 फरवरी के बीच सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में बर्फबारी और हल्की बारिश हो सकती है। इसके अलावा असम, मेघालय मे भी हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान है।

सोमवार की रात दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश और तेज हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। एक बार फिर मौसम करवट ले रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक तेज हवाएं और गरज-चमक के साथ बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग ने पहले ही दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदलने का अलर्ट जारी किया था। हालांकि दिल्ली के तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश के मेरठ में भी हल्की बारिश हुई। इसके अलाला चंडीगढ़ से फरीदाबाद तक बादल छाए हुए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम के जानकारों के मुताबिक तेज हवाएं कई जगहों पर बादल को उड़ा सकती है। ऐसे में बारिश कम ही होगी।

# गायक और भाजपा सांसद हंसराज हंस पर लगे आर्थिक अनियमितताओं के आरोप

**जालंधर (एजेंसी)।** मशहूर सिंगर और भाजपा सांसद हंसराज हंस पर आर्थिक अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। मामला डेरा में फर्जी बिलों का है। जिसे लेकर शिकायत की गई है। आरोप है कि हंसराज हंस वर्ष 2008 में उनके पास आए और उन्हें कमेटी में शामिल करने का आग्रह करते हुए डेरा को बुलंदियों पर लेकर जाने का भरोसा दिया। परंतु आज तक हंसराज हंस ने डेरा के विकास में अपनी तरफ से एक पैसा भी खर्च नही किया है। कुंदन साईं, हैप्पी संधू व अन्यों ने आरोप लगाया कि यह सारा फर्जीवाड़ा हलका विधायक इंद्रजीत कौर मान की छत्रछाया में हो रहा है। पिछले दिनों कमेटी के चुनाव में विधायक मान ने अपनी ताकत का इस्तेमाल कर चुनाव को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर सिरोपा भेंट करते तो सुना गया था परंतु सोने के गहने पहनाना पहली बार देखा है। अब मेहनत करके रोजी-रोटी कमाने वाले श्रृषि नगर के लोगों को ही डराया धमकाया जा रहा है। उक्त लोगों ने मांग की कि इस सब के लिए सांसद हंसराज हंस और विधायक इंद्रजीत कौर मान जिम्मेदार हैं। साथ ही उन्होंने लाखों रुपये की हेराफेरी की निष्पक्ष जांच व आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जब



हंसराज हंस का पक्ष जानना चाहा तो उनसे संपर्क नही हो सका।

कुंदन साईं, ऑल पंजाब ट्रक ऑपरेटर यूनियन के प्रदेश प्रधान हैप्पी संधू, हरि मित्तल सोंधी पूर्व एम.सी, पुरषोत्तम लाल बिट्टू, टिम्मी गिल, डिंपल गिल व अन्यों ने आज डिप्टी कमिश्नर और एस.पी देहाती को शिकायत पत्र सौंपने के उपरांत एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इस डेरा की जमीन श्रृषि नगर की है और वह लोग डेरा की पिछले 20 वर्षों से सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 में स्वयंभू कमेटी के गठन के बाद से डेरा के खाते में फर्जी बिलों को डालकर भारी धांधलीयां की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी धांधली डेरा के खाते में फर्जी बिलों को डाल कर लोगों के चढ़ावे से एकत्रित फंड्स में लाखों की धोखाधड़ी की जा रही है। सबसे बड़ी धोखाधड़ी 21 मई 2022 को राजस्थान की एक फर्म से मिलकर की गई है, उन्होंने कहा कि दरबार में लगाने को 1418350 रूपए का मार्बल ट्रक नंबर आरजे 47 जीए-0289 के जरिए नकोदर भेजा गया परंतु 24 मई 2023 को न्यू राजस्थान मार्बल, नकोदर ने उसी मार्बल का 23,13,980 बिल देकर सीधे तौर पर करीब 9 लाख रुपए की ठगी की है। इसी प्रकार 31 जुलाई 2023, नोहरिया राम धीर ज्वैलर्स से 2 बिलो के जरिए 3,53,034 रुपये कीमत का एक सोने का ब्रेसलेट और 52,689 रुपये के सामान की खरीदी के अलावा 1 अन्य ज्यूलर्स से 442900 रूपए का सोना खरीदा गया है। आरोप है कि कमेटी के मैंबरों ने वार्षिक मेला दौरान ब्रेसलेट हंसराज हंस को पहनाया था, परंतु बाकी सोना क्या था और किसे दिया गया उसका कोई उल्लेख नही है। इतना ही नही डेरा के खर्च पर होटल में कमरा बुक कराने के बिलों में भी फर्जीवाड़ा सामने आया है। उन्होंने कहा कि होटल के रिकार्ड में कमरा बुक कराने वाली कंपनी और गैस्ट दोनों का नाम अलमस्त बापू लाल बादशाह दरबार दर्ज किया गया है।

# संदेशखाली बना जंग का अखाड़ा, राजभवन ने खोले पीड़ितों के लिए दरवाजे

### -यौन शोषण की शिकार महिलाओं को लिए बनाया तीन कमरे का पीस होम

**कोलकाता (एजेंसी)।** इस समय पश्चिम बंगाल का संदेशखाली जंग का अखाड़ा बन गया है। वहां की महिलाओं ने टीएमसी के नेताओं पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम एक्शन में आई है और पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंची है। इस बीच, संदेशखाली की पीड़िताओं के लिए राजभवन के दरवाजे खोल दिए गए हैं। यहां तीन कमरों का पीस होम खोला गया है। कहा गया है कि जो पीड़िताएं वहां नहीं रह पा रही हैं, वे यहां आना चाहती हैं तो आकर रुक सकती हैं। इसके लिए सभी व्यवस्थाओं सहित तीन कमरे अलॉट किए गए हैं। वहीं राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी इस मामले पर नजर रख रहे हैं। राज्यपाल ने पीस होम खोलने का कदम उठाया है। बता दें कि राज्यपाल भी संदेशखाली गए थे। वहां पीड़िताओं ने आपबीती सुनाई थी और राज्यपाल को राखी बांधी थी। उसके बाद राजभवन में पीड़ित परिवारों के कई फोन भी आ रहे थे। इन पीड़िताओं का कहना था कि हम संदेशखाली से निकलना चाहते हैं। इसी को ध्यान में रखकर राज्यपाल ने गवर्नर हाउस में तीन कमरे अलॉट किए हैं।

इधर बीजेपी नेता शुभेंदू अधिकारी भी आज संदेशखाली जा रहे हैं। उनके पहुंचने से पहले वहां धारा 144 लागू कर दी गई है। यहां पर पीस होम में महिलाओं का रहना, खाना-पीना निशुल्क होगा। राजभवन की तरफ से सभी व्यवस्थाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इतना ही नहीं, राजभवन के अंदर पीड़िताओं को मदद भी मिलेगी। इसके लिए महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। राजभवन का कहना है कि अगर संदेशखाली में किसी पीड़ित महिला को डर लग रहा है तो वो यहां आकर रह सकती हैं। पीड़ित परिवारों को हर तरह की मदद मुहैया करवाई जाएगी। दरअसल राज्यपाल ने संदेशखाली की पीड़िता महिलाओं को न्याय दिलाने और उनकी रक्षा करने का वादा किया है। उन्होंने पीड़िताओं से वादा किया कि वह नियमित रूप से सभी के संपर्क में रहेंगे और वह पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

राज्यपाल के संदेशखाली के निरीक्षण दौरे के वक्त राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा भी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि संदेशखाली पीड़ित महिलाओं के लिए शांति होम्स उनके भाई के घर की तरह है। दरअसल पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली इलाके में पिछले कुछ दिनों से महिलाएं बड़ी संख्या में प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाओं ने प्रदेश की सत्ता



पर काबिज तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख और उनका आरोप है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों ने उनका यौन उत्पीड़न किया और जबरन जमीन पर भी कब्जा कर लिया है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Wednesday, 21 February 2024

## हेली का बयान, अमेरिका में एक महिला राष्ट्रपति होगी, मैं या फिर...

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने अमेरिका की महिला राष्ट्रपति की वकालत कर कहा है कि या तब वह या उपराष्ट्रपति कमला हैरिस शीर्ष पद पर काबिज होंगी। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन दोनों ही राष्ट्रपति बनने के लिए काफी उम्रदराज हैं। हेली प्राइमरी और चुनावों में ट्रम्प से पीछे चल रही हैं। सर्वेक्षणों का हवाला देकर, हेली ने कहा कि अधिक अमेरिकी बढ़ती उम्र के कारण ट्रंप या बाइडेन को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में नहीं देखना चाहते हैं। हेली ने कहा कि 70 फीसदी अमेरिकी ट्रंप या बाइडेन को देखना नहीं चाहते। 59 फीसदी अमेरिकी मानते हैं, कि बाइडेन और ट्रंप बूढ़े हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजदूत ने उस उम्मीदवार की आवश्यकता पर बल दिया जो इसे अपने बारे में नहीं, बल्कि इस अमेरिकी लोगों के बारे में बनाकर आठ साल की कड़ी मेहनत कर सके। उन्होंने कहा कि मैं यही करने की कोशिश कर रही हूं। जो पार्टी 80 साल के उम्मीदवार से छुटकारा पा लेगी, वहीं पार्टी जीतेगी।

## क्लास रुम में मोबाइल पर प्रतिबंध..सुनक का फरमान पड़ गया उल्टा

लंदन। ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक के स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध को बढ़ावा देने का प्रयास शानदार ढंग से उलटा पड़ गया, उनके वीडियो का सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर मजाक उड़ाया गया। इतना ही नहीं सुनक के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों ने इस पर चुटकी ली। पोस्ट की गई 50 सेकंड की क्लिप में, सुनक ने अपने फोन की घंटी बजने से लगातार बाधित होने की नकल करते हुए दिखाया कि कैसे मोबाइल फोन कक्षाओं में ध्यान भटका सकते हैं। सुनक ने क्लिप में कहा कि माध्यमिक विद्यालय के लगभग एक-तिहाई विद्यार्थियों ने कहा कि फोन के कारण उनकी पढ़ाई बाधित होती है। हम जानते हैं कि वे कक्षा में ध्यान भटकाते हैं और स्कूलों में बदमाशी का कारण बनते हैं। कई स्कूलों ने पहले ही उन पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे इससे उनके छात्रों के लिए एक सुरक्षित और बेहतर सीखने का माहौल तैयार हुआ। हालाँकि, वीडियो को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने क्लिप को अपराधी कहा और सुनक के अभिनय कौशल की तुलना जीसीएसई नाटक से की। विपक्षी लेबर पार्टी ने मौके का फायदा उठाकर एक पैरोडी वीडियो जारी किया, जिसमें सुनक अपना फोन चेक कर रहे हैं, जिसमें ब्रिटेन की मंदी, एनएचएस प्रतीक्षा सूची और आव्रजन चुनौतियों के बारे में नकली सूचनाएं सामने आ रही हैं। सुनक सरकार ने कहा कि स्कूलों के लिए नए मार्गदर्शन का उद्देश्य व्यवधान को कम करना और व्यवहार में सुधार करना है। दिशानिर्देश स्कूलों को प्रतिबंध को लागू करने में लचीलेपन की पेशकश करता है, जिसमें घर पर फोन छोड़ने से लेकर, आगमन पर उन्हें सौंपना, या उन्हें दुर्गम लॉकर में रखना शामिल है, बशर्ते उनका उपयोग न किया जाए या सुना न जाए।

## दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में यात्री की संख्या कोरोना से पहले वाली स्थिति में पहुंची

दुबई। अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए दुनिया के सबसे व्यस्त दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पिछले साल यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या कोरोना से ठीक पहले के वर्ष 2019 की तुलना में काफी अधिक रही। दुबई हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पॉल ग्रिफिथ्स ने इसकी जानकारी साझा की। वर्ष 2023 के आंकड़े बताते हैं कि हवाई अड्डा महामारी के संकट से उबर चुका है, हालांकि यह आंकड़ा वर्ष 2018 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर से अभी पीछे है। आंकड़ों के अनुसार 2023 में हवाई अड्डे से 8.69 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 8.63 करोड़ था। अगर 2018 की बात करें तब इस वर्ष यहां से 8.91 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की थी, जो कि महामारी से पहले का सबसे बड़ा आंकड़ा है। वर्ष 2022 में 6.6 करोड़ यात्रियों इस हवाई अड्डे का इस्तेमाल किया। इस हवाईअड्डे से बड़ी संख्या में यात्री भारत, सऊदी अरब, ब्रिटेन और पाकिस्तान जाते हैं।

## गाजा में अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी से 8 लोगों की मौत

गाजा। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के प्रमुख अस्पताल में इजरायल की ओर से हो रहे लगातार हमलों से बिजली गुल होने और ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई। फ़िलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने यह जानकारी दी। सुश्री अल-कैला ने कहा कि इजरायली हमले के कारण नासिर अस्पताल में उपचार करवा रहे अन्य रोगियों के जीवन पर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बिस्तर पर पड़े मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया और दावा किया कि इजरायली सैन्य ट्रकों द्वारा उन्हें अस्पताल से अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। उधर, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि उसने इजरायली सुरक्षा एजेंसी बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में सैकड़ों आतंकवादियों और अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो अस्पताल में छिपे हुए थे और कुछ चिकित्सा कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे। आईडीएफ ने कहा कि अस्पताल में बड़ी मात्रा में हथियार और एक इजरायली सीमा किबुत्ज से संबंधित एक वाहन पाया गया। साथ ही इजरायली बंधकों को सौंपी जाने वाली दवाएं भी मिलीं। आईडीएफ ने हमास पर अस्पताल में मरीजों को मानव ढाल के रूप में उपयोग करने का आरोप लगाया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना ने मेडिकल कॉम्प्लेक्स को सैन्य बैरक में तब्दील कर दिया है, जिससे अंदर के मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों का जीवन खतरे में है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 25 चिकित्साकर्मी और 136 मरीज अभी भी अस्पताल में बिजली, पानी, भोजन, ऑक्सीजन या अन्य आवश्यक सामानों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## यूरोपीय संघ के 26 देशों ने गाजा में तत्काल मानवीय विराम की मांग की

ब्रुसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) के 26 सदस्य देशों ने गाजा पट्टी में तत्काल मानवीय विराम का आह्वान किया है। यह जानकारी ब्लॉक के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने दी। यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की एक बैठक में, हंगरी को छोड़कर सभी यूरोपीय संघ के देशों ने इजरायल को दक्षिणी गाजा शहर राफा पर हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी, उन्होंने कहा कि इससे शहर में 15 लाख शरणार्थियों पर संकट गहरा जाएगा। आयरलैंड के विदेश मंत्री माइकल मार्टिन ने कहा कि राफा पर हमला विनाशकारी होगा और यह अनुचित होगा। राफा शहर पर हमला करने की इजरायल की कथित योजनाओं से अंतरराष्ट्रीय खतरे की घंटी बज गई है, कई देशों ने इजरायल से संयम बरतने या अभियान को रद्द करने का आग्रह किया है।

## अदन की खाड़ी में दो अमेरिकी जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

सना। यमन के हौथी समूह ने अदन की खाड़ी में दो अमेरिकी जहाजों पर मिसाइल हमले किए हैं। समूह के सैटेलाइट टीवी चैनल द्वारा प्रसारित एक बयान में, हौथी सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने सोमवार शाम को कहा कि अमेरिकी जहाजों, सी चैंपियन और नेविस फोर्टुना पर हमले किए गए। सरिया के हवाले से दी गई जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान हौथी ?विद्रो ?हियों ने चार बार हमला किया। सबसे पहले एक ब्रिटिश जहाज को निशाना बनाया गया। वह पूरी तरह डूब गया। दूसरे ने होदेइदा गवर्नरेट के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एमक्यू9 ड्रोन को मार गिराया, जबकि पिछले दो हमलों में दो अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाया गया। हौथी सैन्य प्रवक्ता ने बयान में कहा कि लाल सागर और अरब सागर में हमारा अभियान बढ़ेगा और तब तक नहीं रुकेगा जब तक गाजा पर इजरायली हमला जारी रहेगा। इससे पहले सोमवार को ब्रिटेन की समुद्री व्यापार संचालन एजेंसी ने कहा था कि ब्रिटेन में पंजीकृत जहाज से चालक दल सुरक्षित निकल गया है। इस बीच, यूएस सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि ब्रिटिश मालवाहक जहाज उत्तरी यमन में हौथी-नियंत्रित क्षेत्रों से दागी गई दो बैलिस्टिक मिसाइलों से नष्ट हो गया। इधर यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि 18 फरवरी को रात 9-30 से 10-45 बजे के बीच, दो एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें यमन के ईरान समर्थित हौथी आतंकवादी-नियंत्रित क्षेत्रों से बेलीज-ध्वजांकित, ब्रिटेन के स्वामित्व वाले जहाज एमवी रूबीमार पर दागी गईं। इनमें से एक मिसाइल जहाज से टकराया, इससे जहाज को क्षति हुई। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा ?कि जहाज ने एक संकट कॉल जारी की और एक अन्य व्यापारी जहाज के साथ गठबंधन युद्धपोत ने एमवी रूबीमार के चालक दल को बचा लिया गया।



प्राग में यूरोपीय यूनियन की कृषि नीतियों के खिलाफ विरोध व्यक्त करने के लिए देश के झंडे के साथ खड़ा एक ट्रैक्टर।

## रुसी राष्ट्रपति पुतिन ने तानाशाह किम जोंग को तोहफे में दी कार



प्योंगांग। इन दिनों रुस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग के साथ अच्छी दोस्ती चल रही है। पुतिन ने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन को एक रूसी निर्मित कार उपहार में दी है। यह दोनों नेताओं के बीच के आपसी मजबूत संबंधों को दर्शा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह उपहार दोनों नेताओं के बीच विशेष व्यक्तिगत संबंधों का स्पष्ट प्रदर्शन है। रूस ने कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के सचिव और उत्तर कोरियाई नेता की बहन किम यो-जोंग को वाहन उपहार में देने की जानकारी दे दी है। किम यो-जोंग ने किम जोंग उन को पुतिन के उपहार के लिए रूसी पक्ष को धन्यवाद दिया। पिछले साल सितंबर में, पुतिन ने शिखर सम्मेलन के लिए रूस में वोस्तोचन अंतरिक्ष बंदरगाह की अपनी यात्रा के दौरान किम जोंग उन को अपना वाहन ऑरस सीनेट लिमोसिन दिखाई थी। पुतिन ने उन्हें रूस निर्मित लग्जरी वाहन में सफर भी कराया था। बता दें कि किम जोंग उन को रूसी राष्ट्रपति का उपहार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन हो सकता है, जो उत्तर कोरिया को ऑटोमोबाइल सहित लग्जरी सामानों की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाता है।

# रूस-अमेरिका को भी कर दिया एक साथ, भारत में एक साथ उतरी 51 देशों की नौसेना, अब क्या करेगा चीन?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक कूटनीति का भारत बादशाह बनता जा रहा है। पहली बार ऐसा हुआ जब यूक्रेन युद्ध के बाद भी भारत एक साथ रूस और अमेरिका को साध रहा है। यूक्रेन पर हमले की वजह से रूस और अमेरिका की दुश्मनी बढ़ी है। लेकिन पहली बार ऐसा हो रहा है कि जब रूस और अमेरिका की नौसेना की नौसेनाएं साझा युद्धाभ्यास के लिए भारत आ रही हैं। भारत में मिलन नौसेना युद्धाभ्यास की शुरुआत हुई है, जिसमें 51 देशों की नौसेना हिस्सा ले रही है। खास बात ये है कि नौसेना युद्धाभ्यास करने भारत आए 51 देशों में 9 चीन के कट्टर दुश्मन हैं। ऐसे में एकजुटता की तस्वीरें बीजिंग में खलबली मचाने के लिए काफी है।




भारतीय नौसेना का अब तक का सबसे बड़ा बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास मिलान 2024 19 फरवरी को विजाग शहर में शुरू हुआ, जिसमें भारतीय नौसेना और विदेशी नौसेनाओं के कई युद्धपोतों ने आयोजन के हार्बर चरण में भाग लिया। 19 से 23 फरवरी तक अभ्यास के हार्बर चरण में आरके बीच स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय शहर परेड, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सेमिनार, समुद्री तकनीक एक्सपो, मिलान गांव, विषय वस्तु विशेषज्ञ विनिमय, युवा अधिकारियों का मिलन और विभिन्न खेल कार्यक्रम शामिल हैं। 24 से 27 फरवरी तक समुद्री चरण के दौरान, भाग लेने वाली नौसेनाएं उन्नत वायु रक्षा, पनडुब्बी रोधी और सतह रोधी युद्ध अभ्यास आयोजित करेंगी। हवाई और सतही लक्ष्यों पर गनरी शूट, युद्धाभ्यास और चल रही पुनःपूर्ति आयोजित की जाएगी।

पहली बार, विजागाइट्स को विजाग के तट पर लंगर डाले हुए स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत की एक झलक मिलेगी। नौसेना अधिकारियों ने कहा कि पहली बार, दोनों विमानवाहक पोत - आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य - शहर में मौजूद होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 फरवरी को मिलन गांव का उद्घाटन करेंगे. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 22 फरवरी को इंटरनेशनल सिटी परेड कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। राजसी विमान वाहक - आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य - बड़े ड्राफ्ट होने के कारण तट से थोड़ी दूर स्थित होंगे। कुल मिलाकर, विभिन्न वर्गों के लगभग 20 भारतीय युद्धपोत शो में भाग लेंगे जिनमें आईएनएस चेन्नई, कोलकाता-श्रेणी का स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक शामिल है। मिलान के लिए नौसेना की रिहर्सल ने सोमवार को विजागाइट्स को रोमांचित कर दिया। इस बीच, शहर पुलिस ने 20, 21 और 22 फरवरी को यातायात प्रतिबंध और बदलाव लागू कर दिए हैं। सुरक्षा और यातायात नियमों के लिए लगभग 3,500 पुलिस कर्मियों को नियुक्त किया गया है।

# इमरान ने चल दिया दांव, एसआईसी से हाथ मिलाएगी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) केंद्र, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में सरकार बनाने की कोशिश के लिए सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) से हाथ मिलाएगी। ऐसा तब हुआ है, जब पीटीआई ने मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन (एमडब्ल्यूएम) के साथ सहयोग किया। लेकिन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के साथ समझौते पर बातचीत करने में असफल रही। पीटीआई नेता बैरिस्टर गौहर अली खान ने कहा है कि पार्टी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के साथ एक औपचारिक समझौते पर पहुंच गई है, इस पाकिस्तान चुनाव आयोग को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होने वाले है। नेशनल असेंबली में 70 आरक्षित सीटें हैं और पूरे देश में 227 आरक्षित सीटें हैं। ये सीटें केवल राजनीतिक दलों को प्रदान की जाती हैं। इसलिए, हमारी आरक्षित सीटों की रक्षा करने और हमारे सदस्यों को कवर प्रदान करने के लिए, हमने एक औपचारिक समझौता हुआ जिसके तहत हमारे सभी उम्मीदवार पार्टी में शामिल हो गए हैं और हम यह दस्तावेज ईसीपी के समक्ष पेश करने वाले है। पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार उमर अयूब खान ने कहा कि उनकी पार्टी देश में एकता चाहती है और इसलिए पार्टी समर्थित उम्मीदवारों ने केंद्र और सभी प्रांतों में सुन्नी इत्तेहाद परिषद में शामिल होने का फैसला किया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आरक्षित सीटों का कोटा राजनीतिक दलों के पास है। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के साथ आने से नेशनल असेंबली में पीटीआई की ताकत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि एसआईसी में शामिल होने और सरकार बनाने के बाद, पार्टी की पहली प्राथमिकता इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी, शाह महमूद कुरैशी और पीटीआई के वरिष्ठ नेतृत्व के अन्य सदस्यों को रिहा कराने की होगी। रिपोर्ट के अनुसार, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के नेता हाफिज हामिद रजा ने बताया कि पीटीआई के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन लगभग आठ साल पहले हुआ था। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह एक अकेले का फैसला नहीं है। इसमें पीटीआई नेतृत्व और इमरान की मंजूरी शामिल है। रजा ने कहा कि एसआईसी और मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन दो पार्टियां थीं जिन्होंने हमेशा सांप्रदायिक हिंसा का विरोध किया था।

## विपक्षी नेता की पत्नी ने पुतिन पर लगाया बेटे के शव को छिपाने का आरोप



**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस में प्रमुख विपक्षी नेता रहे एलेक्सी नवलनी की पत्नी यूलिया नवलन्या ने देश के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनके बेटे के शव को छिपाने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंनें कहा कि मेरे पति को जहर देकर मारा गया है। इस तरह से उन्होंने अपनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। इस बीच, नवलनी की मां ल्यूदमिला नवलन्या को आर्कटिक पीनल कॉलोनी में स्थित मुर्दाघर नहीं जाने दिया गया। बताया जा रहा है कि वहां उनके बेटे एलेक्सी नवलनी का शव रखा हुआ है। यूलिया नवलन्या ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में व्लादिमीर पुतिन पर जेल में बंद उनके पति की हत्या करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा नवलनी के शव को सौंपने से इनकार करना इसी सच को छुपाने के लिए उठाया गया कदम है। वहीं नवलनी की प्रवक्ता किरा यार्मिश ने कहा कि देश में अपराधों की जांच करने वाली शीर्ष एजेंसी 'इन्वेस्टिगेटिव कमेटी' ने ल्यूदमिला नवलन्या को बताया है कि उनके बेटे की मौत का कारण पता नहीं चला है और अधिकारी जांच कर रहे हैं।

प्रवक्ता यार्मिश ने कहा कि नवलनी की 69 वर्षीय मां और उनके वकीलों को सोमवार सुबह सालेकहार्ड के मुर्दाघर में जाने की अनुमति नहीं दी गई। जब उन्होंने पूछा कि क्या शव वहां है तो कर्मचारियों ने कोई जवाब नहीं दिया। बता दें कि नवलनी (47) की 16 फरवरी को जेल में मौत हो गई थी। नवलनी साल 2021 से ही जेल में बंद थे। उन्हें भ्रष्टाचार और रूस सरकार खिलाफ व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था। यूलिया नवलन्या ने पुतिन आरोप लगाते हुए कहा कि 'वे कायर हैं और शव को छिपा रहे हैं, उनका शव उनकी मां को देने से इनकार कर रहे हैं, सरासर झूठ बोल रहे हैं और जहर दिए जाने के सबूत मिटने की कोशिश कर रहे हैं।

# अल अक्सा मस्जिद में एंट्री से रोका तो मुश्किल में पड़ सकते हैं नेतन्याहू

**येरुसलेम (एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच लंबे समय से युद्ध छिड़ा हुआ है। दोनों तरफ से नई नई पाबंदियां लगाई जा रही हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि इजराइल द्वारा येरूशलम में स्थित अल अक्सा मस्जिद में एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। चूंकि अगले माह रमजान शुरु होने वाले हैं और ऐसे में पाबंदियां लगाई गईं तो मुसलमानों में नाराजगी बढ़ेगी। इससे पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से एक बयान में कहा गया कि इस संबंध में एक फैसला ले लिया गया है। हालांकि उन्होंने अब तक यह नहीं बताया है कि क्या फैसला लिया गया है।



इस मामले से जुड़े कुछ अधिकारियों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि आखिरी निर्णय मस्जिद की सुरक्षा में लगी एजेंसियों की सिफारिशों के बाद लिया जाएगा। इजरायली कैबिनेट की रविवार को मीटिंग हुई थी, जिसमें इस बात पर मंथन हुआ कि कैसे अल अक्सा मस्जिद में एंट्री से अरबों को जाने से रोका जाए। इजरायल की ओर से पहले ही मस्जिद में एंट्री को लेकर कुछ पाबंदियां लगाई गई हैं। वहीं इजरायल के एक अरब मूल के सांसद वलीद अल्हवाशला ने सोशल मीडिया पर कहा कि यदि पाबंदियां लगाई गईं तो फिर यह आग में घी डालने जैसा फैसला होगा। मुस्लिम मान्यता के अनुसार अल अक्सा मस्जिद ही वह जगह है, जहां से पैगंबर मुहम्मद जन्नत गए थे।

इस मस्जिद में हर दिन हजारों मुस्लिम आते हैं और रमजान के महीने में तो आंकड़ा कहीं ज्यादा हो जाता है। हालांकि यह परिसर संवेदनशील रहा है और अकसर यहां अरबों एवं यहूदियों के बीच झड़पें होती रही हैं।आमतौर पर रमजान के महीने में पाबंदियां काफी हद तक हटा ली जाती हैं, लेकिन इस बार उलटे इजाफा ही हो सकता है। गाजा में युद्ध की शुरुआत होने के बाद से ही इजरायल ने यहां पाबंदियां थोड़ी बढ़ा दी हैं। माना जा रहा था कि 10 मार्च से शुरू होने वाले रमजान के महीने में पाबंदियां कुछ कम कर ली जाएंगी, लेकिन उससे उलट ही फैसला लेते हुए इजरायल सरकार इनमें इजाफा करने जा रही है। इजरायली सेना के पूर्व अफसर डान हारेल ने कहा कि ऐसा कदम उठाना मूर्खता होगा। उन्होंने कहा कि इससे तो पूरे मुस्लिम वर्ल्ड में ही एक उबाल पैदा होगा।

## ब्राजील के राष्ट्रपति पर भड़का इजराइल, हदें पार कर दी , बाजील ने गाजा में चल रहे युद्ध को नरसंहार बताया

गाजा। इजरायली सेना ने नासेर अस्पताल में इलाज बंद करा दिया है। डॉक्टरों को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। डब्ल्यूएचओ ने इसकी जानकारी देकर कहा कि पिछले हफ्ते इजरायली सेना ने अस्पताल पर रेड डालकर कामकाज ठप कर दिया था। दरअसल सैन्य ऑपरेशन के दौरान इजरायल ने सैकड़ों आतंकवादियों को पकड़ने का दावा किया है। आईडीएफ का कहना है कि पकड़े गए आतंकी मेडिकल स्टाफ के वेश में अस्पताल में छुपे हुए थे। उन्होंने वहां के मेडिकल रिसोर्सेस पर कब्जा कर रखा था। इजरायली सेना को हमासा द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को दिए जानी वाली खास दवाएं भी मिली है। इसके साथ ही अस्पताल से बड़ी संख्या में हथियार और गोला बारूद भी मिले हैं। अस्पताल में करीब 200 मरीज भर्ती हैं। इसमें 20 से ज्यादा लोगों की हालत बहुत गंभीर है। उनके इलाज का संकट है। इजरायली सेना ने वीडियो जारी कर दावा किया है कि नासेर अस्पताल में कार मिली है, जो 7 अक्टूबर को हमास के हमले में इस्तेमाल हुई थी। इस गाड़ी में अभी कई इसतरह सामान मौजूद हैं, जो कि उस हमले से जुड़े हुए हैं। वहीं रफा में हुई हवाई हमले में कई लोगों की जान चली गई है। रविवार को हुए हमले में 6 लोगों की मौत हो गई। इसमें तीन बच्चे और एक महिला शामिल हैं। इजरायल पर संघर्ष विराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढता ही जा रहा है। अरब और अफ्रीका के ज्यादातर देशों के बाद अब लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े देश ब्राजील ने भी इजरायल से तुरंत गाजा में युद्ध रोकने की अपील की है। इसके साथ ही ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने गाजा में जारी इजरायली ऑपरेशन की तुलना होलोकॉस्ट से की है। होलोकॉस्ट, यहूदियों के नरसंहार को कहा जाता है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा ने कहा कि इजरायल गाजा पट्टी में युद्ध नहीं कर रहा बल्कि फिलिस्तीनी नागरिकों का नरसंहार कर रहा है। इजरायल ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लूला के बयान को शर्मनाक और चिंताजनक बताया है। साथ ही कहा कि ब्राजील के राष्ट्रपति ने सारी हदें पार कर ली है।

# अबु धाबी के मंदिर की नींव भरी गई कोयले की राख

### - प्राचीन वास्तुकला विधियों का उपयोग करके बनाया गया

**अबू धाबी (एजेंसी)।** अबू धाबी में बने पहले हिंदू मंदिर की नींव में कोयले की राख को भरा गया है। इस भव्य मंदिर को वैज्ञानिक तकनीकों और प्राचीन वास्तुकला विधियों का उपयोग करके बनाया गया है। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा निर्मित यह हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है। इस मंदिर में तापमान मापने और भूकंपीय गतिविधि पर नजर रखने के लिए उच्च तकनीक वाले 300 से अधिक सेंसर लगाए गए हैं। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए उड़न राख यानी 'फ्लाई ऐश' (कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से निकलने वाली राख) का उपयोग किया गया है। इस मंदिर को करीब 700 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। मंदिर प्राधिकारियों के अनुसार, इस भव्य मंदिर को 'शिल्प' और 'स्थापत्य शास्त्रों' में वर्णित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार बनाया गया है।

'शिल्प' और 'स्थापत्य शास्त्र' ऐसे हिंदू ग्रंथ हैं, जो मंदिर के डिजाइन और निर्माण की कला का वर्णन करते हैं। बीएपीएस के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने कहा, 'इसमें वास्तुशिल्प पद्धतियों के साथ वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर उच्च तकनीक वाले 300 से अधिक सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है, तो मंदिर इसका पता लगा लेगा।' मंदिर के निर्माण प्रबंधक मधुसूदन पटेल ने कहा, 'हमने मंदिर में गर्मी प्रतिरोधी नैनो टाइल और भारी ग्लास पैनल का उपयोग किया है जो पारंपरिक सौंदर्यात्मक पत्थर संरचनाओं और आधुनिक कार्यक्षमता का मेल है।

संयुक्त अरब अमीरात में अत्यधिक तापमान के बावजूद श्रद्धालुओं को गर्मी में भी इन टाइल पर चलने में दिक्कत नहीं होगी। मंदिर में अलौह सामग्री का भी प्रयोग किया गया है।÷मंदिर के दोनों ओर गंगा और यमुना का पवित्र जल बह रहा है जिसे बड़े-बड़े कंटेनर में भारत से लाया गया है। मंदिर प्राधिकारियों के अनुसार, जिस ओर गंगा का जल बहता है वहां पर एक घाट के आकार का एम्फीथिएटर बनाया गया है। मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर पर उत्कीर्ण संगमरमर की नक्काशी है, जिसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है। मंदिर के लिए उत्तरी राजस्थान से अच्छी-खासी संख्या में गुलाबी बलुआ पत्थर अबू धाबी लाया गया है। मंदिर स्थल पर खरीद और सामान की देखरेख करने वाले विशाल ब्रह्मभट्ट ने 'पीटीआई' को बताया कि मंदिर के निर्माण के लिए 700 से अधिक कंटेनर में दो लाख घन फुट से अधिक 'पवित्र' पत्थर लाया गया है। इस मंदिर का निर्माण कार्य 2019 से जारी है। मंदिर के लिए जमीन संयुक्त अरब अमीरात ने दान में दी है। संयुक्त अरब अमीरात में तीन और हिंदू मंदिर हैं जो दुबई में स्थित हैं।

# 22 मार्च से शुरु होगा आईपीएल 2024 सत्र : अरुण धूमल

**–देश में ही खेला जाएगा पूरा टूर्नामेंट**



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र अगले माह 22 मार्च से शुरू होगा। धूमल ने ये भी कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद भी इसका आयोजन देश में ही होगा। इससे पहले कहा जा रहा था कि आम चुनावों को देखते हुए आईपीएल का आयोजन देश से बाहर किया जा सकता है। लोकसभा चुनावों के अप्रैल और मई में होने की संभावनाएं हैं। इसी कारण आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक घोषित नहीं किया गया है।

धूमल ने कहा कि शुरुआत में पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा होगी। इसके बाद बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों के सामने आने के बाद की जाएगी। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में हो सकती है। धूमल ने कहा, 'हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने जा रहे हैं। इसके लिए हम सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबसे पहले शुरुआती कार्यक्रम जारी करेंगे। ये पूरा टूर्नामेंट देश में ही खेला जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले 2009 में आम चुनावों के दौरान आईपीएल का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जबकि 2014 में इसके कुछ मैचों का आयोजन यूएई में हुआ था। इसके बाद 2019 के आम चुनावों के दौरान इसका आयोजन देश में ही हुआ था। वहीं जून में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए आईपीएल का फाइनल 26 मई को हो सकता है।

# दूसरे और तीसरे टेस्ट में सपाट पिच से भी भारतीय टीम हावी हुई




**राजकोट (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मिल हार के बाद दूसरे ओर तीसरे टेस्ट में जीत दर्ज की। उसके पीछे पिच की भी अहम भूमिका रही। हैदराबाद में खेल पहले टेस्ट में जहां इंग्लैंड ने जीत दर्ज की थी। उस मैच में टर्निंग विकेट था। इस पिच पर पहले दिन से गेंद घूम रही थी। उस पर इंग्लैंड के नये गेंदबाज भी खासे सफल रहे और उनके सामने भारतीय स्पिनर भी विफल दिखे। इसके बाद बल्लेबाजी में भी इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से काफी रन बटोरे। इससे पहले गत वर्ष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंदौर में हुए टेस्ट में भी टर्निंग पिच पर भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

वहीं इससे सबक लेते हुए विशाखापत्तनम और राजकोट में स्पाट पिच बनायी गयी जिसका लाभ सामने आया। इस पिच में स्पिन गेंदबाजों को सहायता नहीं मिल रही थी। गेंद जरूर नीची रह रही थी पर टर्न काफी कम हुई। वहीं राजकोट में विकेट से स्पिनरों को कोई खास सहायता नहीं मिली थी। इस दौरान पिच ज्यादा टर्न नहीं हो रही थी। जब पिच में टर्न होती है तो स्पिनरों का काम आसन हो जाता है। वहीं बल्लेबाजों के लिए गेंद के टर्न को समझना कठिन हो जाता है। वहीं टर्न नहीं रहने पर पूरा खेल बदल जाता है। ऐसे में पिच पर गेंदबाजों की निर्भरता खत्म हो जाती है। इन हालातों में टर्न हासिल करने और बल्लेबाजों को छकाने के लिए कला दिखाने के साथ ही काफी प्रयास करना होता है। ऐसे में भारतीय टीम हावी हो जाती है क्योंकि उसके पास आर अश्विन, कुलदीप यादव जैसे अनुभवी स्पिनर हैं। ये दोनो ही किसी भी पिच पर गेंद को दोनों तरफ टर्न करा सकते हैं। जडेजा भी इसमें पीछे नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम के पास जो रूट, टॉम हार्टली और रेहान अहम जैसे स्पिनर हैं। रुट पार्ट टाइमर स्पिनर हैं जबकि हार्टली और रेहान ने अभी पदार्पण किया है और इनके पास सपट पिच पर गेंदबाजी के लिए पर्याप्त कौशल नहीं है।

# पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने धोनी पर लगाये गंभीर आरोप

**–शतक के बाद भी मुझे बाहर रखा गया**



**कोलकाता (एजेंसी)।** हाल की में सन्यास लेने वाले क्रिकेटर क्रिकेटर मनोज तिवारी ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी पर गंभीर आरोप लगाये हैं। मनोज ने कहा कि अच्छे प्रदर्शन के बाद भी धोनी ने उनकी उपेक्षा की। मनोज के अनुसार वह धोनी से पूछना चाहते हैं कि शतक लगाने और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने के बाद भी उन्हें लगातार 14 मैचों तक क्यों बाहर रखा गया। मनोज का कहना है कि घरेलू क्रिकेट में भी उनका रिकार्ड काफी अच्छा रहा है, इसके बाद भी उन्हें अवसर नहीं दिया गया। मनोज ने बंगाल की ओर से अपना रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। इसके बाद उनके दिल का दर्द फूट पड़ा और उन्होंने धोनी के रवैये के प्रति अपनी निराशा व्यक्त की। गौरतलब हे कि इस क्रिकेटर ने साल 2008 में भातरीय टीम की ओर से पदार्पण करने के बाद 12 एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेले थे। दिसंबर 2011 में, उन्होंने चेन्नई में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 104 रन बनाकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया था पर इसके बाद दूसरा अवसर उन्हें 7 महीने के बाद मिला। इसी को लेकर इस क्रिकेटर ने सवाल उठाया है। उसका कहना है कि वह किसी दिन पूर्व कप्तान धोनी से यह जानना चाहेंगे कि ऐसा क्यों किया गया। उन्हें जानबूझकर 2012 में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भी शामिल नहीं किया गया जबकि उस समय विराट कोहली, रोहित शर्मा और सुरेश रैना जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी रन नहीं बना पा रहे थे।

उन्होंने कहा, मौका मिलने पर मैं धोनी से सलाज जरुर करुंगा कि मुझे शतक के बाद भी किस कारण से बाहर किया गया। ये भी तब जब कोई भी अन्य खिलाड़ी रन नहीं बना पा रहा था। इसके अलावा मनोज ने टेस्ट टीम में जगह नहीं मिलने पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैचों के अलावा प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भी उनके आंकड़े बेहतर थे। इसके बाद भी इसमें युवाराज को अवसर दिया गया। उन्होंने साथ ही कहा, जब मैंने 65 प्रथम श्रेणी मैच पूरे कर लिए थे, तो मेरा बल्लेबाजी औसत लगभग 65 था। तब ऑस्ट्रेलिया टीम भारत दौरे पर आई थी, और मैंने अभ्यास मैच में 130 रन बनाए थे, फिर इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 93 रन बनाए थे। इसके बाद भी उन्होंने मेरी जगह युवराज को अवसर दिया। साथ ही कहा कि इस प्रकार के व्यवहार से किसी भी खिलाड़ी का मनोबल टूट जाता है।

# भारत के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट में गेंदबाजी कर सकते हैं बेन स्टोक्स



**राजकोट (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में जल्द वापसी पर विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करे। अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है।

मैकुलम के हवाले से सोमवार को कहा, 'यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है। समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पैल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा। इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है।'

मैकुलम ने कहा, 'हमें देखना होगा कि खतरा कहां है और उसे इससे दूर करने की कोशिश करनी होगी। लेकिन यह एक अच्छा संकेत है।' राजकोट टेस्ट से पहले स्टोक्स ने कहा था कि उन्होंने अपने फिजियोथेरेपिस्ट से वादा किया था कि वह मौजूदा श्रृंखला में गेंदबाजी नहीं करेंगे। लेकिन रविवार को तीसरे टेस्ट में 434 रन की हार के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी ऑलराउंडर की भूमिका दोबारा निभाएंगे तो स्टोक्स ने कहा, 'मैं हां नहीं कह रहा हूं, मैं ना भी नहीं कह रहा हूं।'

उन्होंने कहा, 'मैं ज्यादातर चीजों के बारे में हमेशा बहुत आशावादी रहता हूं। मेडिकल टीम के साथ विस्तृत बातचीत होगी कि मुझ पर काम का कितना बोझ है जिससे कि मुझे कोई बड़ा खतरा नहीं हो।' राजकोट टेस्ट के दौरान स्टोक्स ने शत प्रतिशत क्षमता से ट्रेनिंग की थी और स्वीकार किया था कि उन्हें काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभ्यास के एक दिन शत प्रतिशत क्षमता के साथ गेंदबाजी करने में सफल रहा जिससे मुझे काफी अच्छा महसूस हुआ। मुझे लगा कि मैं मैच में गेंदबाजी कर सकता था लेकिन यह बेवकूफी होती।'

श्रृंखला का पहला मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लैंड को विशाखापत्तनम में 106 रन से हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद राजकोट में उसे अपनी सबसे करारी हार में से एक झेलनी पड़ी और टीम पांच मैच की श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। अगर यह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर दोबारा गेंदबाजी करना शुरू कर दे तो इंग्लैंड की टीम को काफी फायदा होगा। मेहमान टीम ने पहले दो टेस्ट में सिर्फ एक तेज गेंदबाज को खिलाने का विकल्प चुना। उन्होंने तीसरे मैच में जेम्स एंडरसन और मार्क वुड दोनों तेज गेंदबाजों को खिलाने के लिए स्पिनर शोएब बशीर को एकादश से बाहर कर दिया।

इंग्लैंड का 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैया भी तीसरे सेट में उस पर भारी पड़ा गया जिससे टीम को 434 रन के बड़े अंतर से हार झेलनी पड़ी जो 1934 के बाद से रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है। मैकुलम ने कहा कि हार निश्चित रूप से टीम को आहत कर रही है लेकिन वे पांच मैचों की श्रृंखला के बाकी मुकाबालों में अपने आक्रामक 'बैजबॉल' रवैये को जारी रखेंगे। मैकुलम ने कहा कि उन्हें अपने रवैये पर 'कोई पछतावा नहीं' है। बीबीसी स्पोर्ट ने मैकुलम के हवाले से कहा, 'हम भारत को फिर से दबाव में लाने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि सात या आठ दिनों में हम इस बारे में बात करेंगे कि निर्णायक मुकाबले में जाना कितना रोमांचक है।'

# अंपायर्स कॉल को लेकर उठा विवाद, स्टोक्स ने हटाने की मांग की



रांची । क्रिकेट में अंपायर्स कॉल को लेकर एक बार फिर विवाद उठा है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर्स कॉल को हटाने की मांग की है। स्टोक्स अंपायर्स कॉल से होने वाले फैसलों से नाराज हैं। स्टोक्स ने कहा, 'मेरा मानना है कि अगर गेंद स्टंप्स से टकरा रही है, तो अंपायर कॉल नहीं होना चाहिए हालांकि मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता, क्योंकि तब ऐसा लगेगा कि हम तीसरा टेस्ट हारे हैं, इसलिए ये बात कह रहे हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर भी स्टोक्स ने अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी जतायी थी। साथ ही ये भी कहा था कि इंग्लैंड की हार का कारण उनकी तकनीक में कमी नहीं थी डीआरएस मामले में अंपायर कॉल के कारण आया फैसला था। अंपायर्स कॉल पर पहले भी कई खिलाड़ियों ने असंतोष जताया था। स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम ने खेल समाप्त होने के बाद मैच रेफरी जेफ क्रो से डीआरएस प्रणाली के बारे में शिकायत की थी। मैकुलम ने बाद में कहा, 'मुझे वास्तव में समझ नहीं आ रहा है, एक आम व्यक्ति के रुख से यह समझना थोड़ा कठिन है कि अंपायार किस आधार पर फैसला करते हैं।

# यशस्वी गेंदबाजी भी करें : कुंबले



मुम्बई । इंग्लैंड के खिलाफ अबतक खेले गये तीन टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब गेंदबाजी करते हुए भी दिख सकते हैं। यशस्वी ने इस सीरीज में दो दोहरे शतक जड़े हैं। उन्होंने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 209 रन जबकि तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 214 रन बनाये थे। वहीं दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा है कि यशस्वी को बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी करनी चाहिये। कुंबले ने कहा कि उनकी गेंदबाजी अच्छी है, इसलिए वह कप्तान रोहित शर्मा से कुछ ओवर मांग सकते हैं। कुंबले ने कहा कि यशस्वी एक अच्छे लेग स्पिनर बन सकते हैं। इस क्रिकेटर ने भी गेंदबाजी में रुचि दिखायी है। इसी कारण रोहित ने उन्हें तीसरे टेस्ट में कुछ ओवर फेंकने के लिए तैयार रहने के लिए कहा था हालांकि उन्हें गेंदबाजी का अवसर नहीं मिला था। कुंबले के अनुसार उन्हें रोहित से कुछ ओवर मांगने चाहिये। साथ ही कहा कि बल्लेबाजी की तरह ही आपकी गेंदबाजी भी काफी अच्छी है। मैंने आपकी गेंदबाजी देखी है और इसी कारण कुछ ओवर फेंकने को कहा है। साथ ही कहा कि आपका एक्शन अच्छा है और गेंद आपके हाथ से अच्छे से निकल रही है। इस प्रतिभा को मत छोड़ें क्योंकि आप नहीं जानते कि यह आपके कब काम आ जाएगी। वहीं इसको लेकर जायसवाल ने कहा, मुझे गेंदबाजी करना पसंद है। रोहित ने मुझे कुछ ओवर फेंकने के लिए तैयार रहने को कहा और मैंने कहा हां, मैं एक गेंदबाज के रूप में अपनी ओर से योगदान देने के लिए तैयार हूं। गौरतलब है कि इस क्रिकेटर ने 13 लिस्ट ए पारियों में 5.41 की इकॉनमी से 7 विकेट भी लिए हैं हालांकि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने ज्याद गेंदबाजी नहीं की है।

# एफआईएच प्रो लीग : नीदरलैंड के खिलाफ बढ़े जोश के साथ उतरेगी भारतीय टीम



**राउरकेला (एजेंसी)।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम बुधवार को यहां नीदरलैंड के खिलाफ बढ़े मनोबल के साथ जीत के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने भुवनेश्वर में स्पेन पर 4-1 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, इसके बाद दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड के खिलाफ शूटआउट में 2-2 (4-2) की रोमांचक जीत हासिल की। इसके बाद, भारत को ऑस्ट्रेलिया से 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसने आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ वापसी की और भुवनेश्वर चरण का समापन शानदार तरीके से किया।

राउरकेला चरण में आगे बढ़ते हुए भारत ने एक करीबी मुकाबले में स्पेन के खिलाफ 2-2 (8-7) शूटआउट जीत हासिल करके लय को बरकरार रखा है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में प्रो लीग के रिवर्स लेग में भारत अपने अगले मैच में नीदरलैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने पिछले दो मुकाबलों में नीदरलैंड के खिलाफ विजयी रही है। भारत की पिछली जीत 11 फरवरी को भुवनेश्वर चरण के दौरान हुई। उस मैच में 1-2 से पिछड़ने के बावजूद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर किया और आखिरकार शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।

नीदरलैंड के खिलाफ टीम के प्रदर्शन पर भारतीय टीम के मिडफील्डर, हार्दिक सिंह ने कहा, 'पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन हमने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी की और खेल को शूटआउट में धकेल दिया। हम उस समय से अपनी संभावनाओं को लेकर आश्वस्त थे, खासकर यह देखते हुए कि हमारे पास वास्तव में अच्छे गोलकीपर हैं।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह से हम बैक-टू-बैक इवेंट्स में प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे कैंप में आत्मविश्वास काफी ऊंचा है और मुझे यकीन है कि हम इस गति को टूर्नामेंट में आगे भी जारी रखेंगे।' भारत 21 फरवरी को 1930 बजे नीदरलैंड से भिड़ेगा।

# आईपीएल 2024 से पहले केकेआर में शामिल हो सकते हैं सरफराज खान




नई दिल्ली । आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण पिछले कुछ सालों में कई क्रिकेटरों ने राष्ट्रीय टीम में जगह पक्की की है। लेकिन अब इसके साथ ही खिलाड़ियों की किस्मत चमकने में इजाफा हो रहा है। उन्हें आईपीएल में मौका मिल रहा है। दरअसल, सरफराज खान को उनके टेस्ट क्रिकेट प्रदर्शन के लिए 20 ओवर की फ्रेंचाइजी लीग में मौका मिल सकता है। आनंद बाजार पत्रिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक कम से कम तीन आईपीएल फ्रेंचाइजी सरफराज को टीम में लेने की इच्छुक हैं। राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ सरफराज की 62 रन और नाबाद 68 रन की दो पारियों ने आईपीएल फ्रेंचाइजी की आंखें खोल दी हैं। उनका मानना है कि जो लड़का लाल गेंद क्रिकेट में इतनी आक्रामक बल्लेबाजी कर सकता है, वह सफेद गेंद क्रिकेट में जरूर तूफान मचा सकता है। हालांकि, पिछली मिनी नीलामी में सरफराज खान को कोई फ्रेंचाइजी नहीं लेना चाहती थी। केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर ने फ्रेंचाइजी अधिकारियों को सरफराज को शामिल करके बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करने की सलाह दी है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई उनके लिए छलांग लगा सकती है। महेंद्र सिंह धोनी ने भी हरी झंडी दे दी है। 2014 में अंडर-19 वर्ल्ड कप में सरफराज खान के प्रदर्शन को देखते हुए आरसीबी ने उन्हें खरीदा था। एबी डिविलियर्स, क्रिस गेल, विराट कोहली के रहते हुए आरसीबी में सरफराज को ज्यादा मौका नहीं मिला। उन्हें 2019 में आरसीबी ने रिलीज कर दिया था। इसके बाद उन्हें पंजाब किंग्स ने खरीदा। सरफराज 2021 तक वहीं थे। सरफराज 2022 और 2023 सीज़न के दौरान सौरव गांगुली कि दिल्ली कैपिटल्स के साथ थे।

# महिला प्रीमियर लीग की ओपनिंग सेरेमनी में लगेगा मनोरंजन का तड़का, कार्तिक आर्यन करेंगे परफॉर्म




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) का दूसरा सीजन 23 फरवरी से शुरू होने वाला है। जहां गत विजेता मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच टूर्नामेंट का पहला मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं इस मैच से पहले बीसीसीआई एक धमाकेदार उद्घाटन समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इसमें बॉलीवुड का भी तड़का लगेगा। उद्घाटन समारोह में मशहूर अभिनेता कार्तिक आर्यन परफॉर्म करते नजर आएंगे। उद्घाटन समारोह 23 फरवरी को शाम 6.30 बजे शुरू होगा। इसमें कार्तिक आर्यन के अलावा कई बॉलीवुड स्टार्स नजर आ सकते हैं। पिछली बार उद्घाटन समारोह में कियारा आडवाणी और कृति सेनन जैसे स्टार ने परफॉर्म किया था। वहीं, सिंगर एपी ढिल्लों ने अपने गानों से समां बांधा था। ये टूर्नामेंट 23 जनवरी से 17 मार्च तक खेला जाएगा। पिछले साल की तरह कुछ पांच टीमें 22 मैच खेलेंगी। हालांकि, इस बार एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। दरअसल, पिचले साल ये लीग मुंबई और नवी मुंबई के दो स्टेडियम में ही खेला गया था। हालांकि, इस बार इसका आयोजन मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली में किया जाएगा। टूर्नामेंट के शुरुआती 11 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। इसके बाद सभी पांच टीमें दिल्ली आ जाएंगी, जहां एक एलिमिनेटर समेत फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। लीग राउंड में 20 मुकाबले खेले जाएंगे और इसके बाद एलमिनेटर और फाइनल मैच खेला जाएगा। लीग राउंड में टॉप पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर खेलेगी। वहीं ये टूर्नामेंट 24 दिनों तक चलेगा।

# टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले दूसरे श्रीलंकाई बने वानिंदु हसरंगा



दांबुला। श्रीलंका के प्रमुख स्पिनर वानिंदु हसरंगा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले दूसरे श्रीलंकाई गेंदबाज बन गए हैं। हसरंगा लसिथ मलिंगा के बाद टी20ई में 100 विकेट तक पहुंचने वाले कुल मिलाकर ग्यारहवें पुरुष खिलाड़ी और दूसरे श्रीलंकाई गेंदबाज बन गए। लेग स्पिनर, जो वर्तमान में श्रीलंकाई टी20 टीम के कप्तान हैं, ने दांबुला में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। हसरंगा ने 2019 में डेब्यू करने के बाद से पुरुषों की टी20ई में किसी भी अन्य गेंदबाज की तुलना में अधिक विकेट लिए हैं। मलिंगा 100 से अधिक टी20ई विकेट लेने वाले एकमात्र अन्य श्रीलंकाई गेंदबाज हैं। मलिंगा अपने 76वें टी20 में इस मील के पत्थर तक पहुंचे, जबकि हसरंगा ने अपने 63वें मैच में ऐसा किया, जो कि राशिद खान के बाद दूसरा सबसे तेज 100 टी20 विकेट है, जिन्होंने 2021 में 53 मैचों में ऐसा किया था। हसरंगा, जिन्होंने सोमवार को दांबुला में चार ओवरों में 19 रन देकर 2 विकेट लिए, के अब 63 टी20 में 15.36 के औसत और 6.78 के स्ट्राइक रेट से 101 विकेट हैं। श्रीलंका ने दूसरे टी20 मैच में अफगानिस्तान को हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

# श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 72 रनों से हराया




**दांबुला (एजेंसी)।** सदीरा समराविक्रमा की 51 रनों की अर्धशतकीय और एंजलो मैथ्यूज की तूफानी नाबाद 42 रनों की पारी और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में अफगानिस्तान को 72 रन हरा दिया है।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही है और उसने 31 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये। सलामी बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई एक रन, कप्तान इब्राहिम जदरान 10 रन, रहमानउल्लाह गुरबाज 13 रन, गुलबदीन नईब चार रन और अजमतउल्लाह उमरजई शून्य पर आउट हुये। इसके बाद मोहम्मद नबी और करीम जनत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में नबी भी 27 रन बनाकर दसून का शिकार बन गये। नजीबउल्लाह जदरान नौ रन को हसरंगा ने पवेलियन भेज दिया। करीम जनत 28 रन बनाकर आउट हुये। नवीन उल हक पांच रन और फजलहक फारूकी दो रन बनाकर आउट हुये। नूर अहमद पांच रन पर नाबाद रहे। अफगानिस्तान की पूरी टीम 17 ओवर में 115 रनों पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर से एंजलो मैथ्यूज, बिनुरा फर्नांडो, वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। महीश थीक्षणा और दसून शानका को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े। निसंका को 25 रन पर उमरजई ने पगबाधा आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में मेंडिस 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। धनंजय डीसिल्वा 14 रन बनाकर आउट हुये। सदीरा समराविक्रमा ने 42 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली। कप्तान वानिंदु हसरंगा 22 रन बनाकर आउट हुये। अंतिम ओवरों में एंजलो मैथ्यूज ने 22 गेंदों में दो चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 42 रन ठोक डाले। श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 187 रन का स्कोर खड़ा किया।

अफगानिस्तान की ओर से अजमतउल्लाह उमरजई और मोहम्मद करीब ने दो-दो विकेट लिये। नवीन उल हक और फजलहक फारूकी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



# डायरेक्टर पिता के साथ जब एक ही बिल्डिंग में घर लिया, तो गर्व महसूस हुआ- सई मांजरेकर

**एक समय इन्वेस्टमेंट बैंकर बनने के सपने देखने वाली सई मांजरेकर बचपन में काफी पढ़ाकू थीं, मगर एक्टर डायरेक्टर पिता महेश मांजरेकर के कारण फिल्मों के प्रति रुझान भी कम नहीं था। सलमान खान के साथ दबंग 3 से फिल्मी करियर का आगाज करने वाली सई इन दिनों चर्चा में हैं अपनी जल्द प्रदर्शित होने वाली फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' से।**

**आपकी नई फिल्म महिला सशक्तिकरण पर बात करती है। आपको क्या लगता है, लड़कियां किस तरह से एम्पावर हो सकती हैं?**

–मुझे लगता है महिला सशक्तिकरण एक बेहद ही विस्तृत टर्म है। लड़कियां एम्पावर हो सकती हैं, अपनी मर्जी से जो चाहे कर के याने उन्हें जो अच्छा लगता है अगर वे उसे अपनी इच्छानुसार कर सकें, तो वे सशक्त हैं। मैं हमेशा लोगों से कहती हूं कि बाहर जाकर काम करना या हवाई जहाज उड़ाना ही एम्पावरमेंट नहीं है। आप अगर वाकई अपनी महत्वकांक्षाओं को पूरा करना चाहती हैं, तो आगे बढ़िए, मगर मेरी बहुत–सी दोस्त जब कहती हैं कि उन्हें होम मेकर बनना है और घर संभालना है, तो ये भी एक तरह का सशक्तिकरण ही है। जो आप दिल से चाहें वो आपको करने मिले, तो आप सशक्त हैं।

**आज के दौर में आप लड़कियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती क्या मानती हैं?**

– मुझे सबसे बड़ी चुनौती लगती है कि वे अपनी शिक्षा पूरी कर पाएं। अभी हाल ही में मैं मुंबई के माटुंगा सर्कल पर थी और एक लड़का आया मेरे पास, वो गुब्बारे बेच रहा था। मैंने उससे पुछा स्कूल जाते हो? उसने कहा, हां। मैंने उससे जब उसके परिवार के बारे में पूछा, तो वो बोला, मेरी बड़ी बहन और बड़े भाई हैं। हम लोग महाराष्ट्र के अंदरूनी गांव से यहां गुब्बारे बेचने आते हैं दो महीने के लिए। मैंने जब उससे पूछा कि उसके भाई और बहन क्या करते हैं? तो वो बोला, भाई पढ़ रहा है और बहन स्कूल नहीं जाती। मैंने जब कारण पूछा, तो वो बोला, उसकी तो शादी करनी है, उसकी शादी होने वाली है। उसकी बात सुन कर मैं सोच में पड़ गई। मुझे लगता है लड़कों और लड़कियों की एजुकेशन को लेकर जो भेद है, उसे पाटना जरूरी है।

**लड़की होने के नाते आपके लिए सबसे ज्यादा गर्व का पल कब आया और क्या आपने कभी हीनता महसूस की है?**


–हाल ही में जब मैंने और पापा ने एक ही बिल्डिंग में ऊपर –नीचे घर लिया, तो मुझे बहुत प्राउड महसूस हुआ। मुझे खुशी हुई कि मैं ऐसा कर पाई। मुझे अपने मॉम और डैड के लिए बहुत कुछ करना है। मैं चाहती हूं कि एक दिन मॉम और डैड कह सकें, अब बहुत काम हो गया, हमें आराम करना है। मैं उन्हें वो सुविधा दे सकूं। मैं उस मुकाम तक पहुंचना चाहती हूं। जहां तक ह्युमिलिएशन की बात है, तो सच कहूं, तो कई बार ह्युमिलिएशन डायरेक्ट नहीं होता। बहुत सटल तरीके से होता है और कई बार वो उस वक्त महसूस भी नहीं होता। बाद में जब आप बैठ कर सोचते हो, तब लगता है कि मेरे साथ ये बदलाव इसलिए हुआ कि मैं लड़की हूं। कई बार आप उस हीनता का एहसास कराए जाने के इतने आदी हो जाते हो कि आपको हीनता महसूस ही नहीं होती। वो आपको नॉर्मल लगता है।

**अपने पिता फिल्मकार और एक्टर पिता महेश मांजरेकर की गाइडेंस आपके कितने काम आई है?**

–बहुत काम आई है। हमारे बीच घर पर हर बातचीत फिल्म से जुड़ी होती है। बचपन से ही फिल्मों के प्रति वो समझ पुख्ता होती रही है कि फिल्मों में क्या होना चाहिए। जब भी फिल्मों या अपनी भूमिकाओं के बारे में मुझे कोई जानकारी चाहिए होती है, तो मुझे पूछने पर उनसे वो जरूर मिलता है, जो मुझे चाहिए होता है।अगर मैं उनसे पूछूं कि उन्हें मेरा फलां परफॉर्मेंस कैसा लगा, तो वे मुझे छोटी से छोटी बात भी जरूर बताते हैं, जैसे फलां जगह पर आइ कॉन्टेक्ट होता, तो अच्छा था या फिर मैं उस खास अंदाज में डायलॉग बोलती तो सही रहता। मुझे अपनी फिल्मों में, अपने किरदारों में उनकी सीख का बहुत फायदा मिला है। वे मेरे काफी कंस्ट्रक्टिव क्रिटिक हैं। वे मुझे एक निर्देशक के नजरिए से सलाह देते हैं।


**आपकी ताजा-तरीन फिल्म कुछ खट्टा हो जाए की बात करूं, तो बतौर एक्टर गुरु रंधावा के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

–बहुत ही मजेदार। एक को–स्टार के रूप में गुरु कमाल के बंदे हैं। हालांकि शुरुआत के दौर में थोड़ा समय लगा, हमें एक –दूसरे के साथ परिचित होने में, मगर फिर धीरे–धीरे हम दोनों घुल–मिल गए। रिहर्सल के दौरान भी हम ऐसी कुछ एक्सरसाइज करते थे, जिससे हम लोग लोग एक–दूसरे के साथ कंफर्टेबल हो जाएं। शूटिंग बहुत यादगार रही। हमने फिल्म में बहुत मेहनत की है। फिल्म में मनोरंजन के साथ मेसेज भी है। फिल्म का शीर्षक ही इतना दिलचस्प है कि आपको जिज्ञासा होगी कि कुछ खट्टा हो जाए, क्यों कहा गया है।



## धनुष की फिल्म रायन का फर्स्ट लुक रिलीज

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सन पिक्चर्स ने धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक एक्स पर शेयर किया है। इस फिल्म को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन धनुष के करियर की 50 वीं फिल्म है। फिल्म रायन के पोस्टर में धनुष एप्रन पहने और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। एक हाथ में उन्होंने पेचकस पकड़ा हुआ है। फिल्म रायन का संगीत ए.आर. रहमान तैयार कर रहे हैं। फिलहाल 'रायन' के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म रायन को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा।



## डॉन 3 में रणवीर सिंह के साथ एक्शन करती दिखेंगी कियारा आडवाणी

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' के लिए फीमेल लीड की घोषणा कर दी। कियारा आडवाणी आगामी फिल्म 'डॉन 3' में रणवीर सिंह के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फरहान ने एक्स पर एक वीडियो के साथ अभिनेता का स्वागत किया। प्रशंसक पहले से ही कियारा और रणवीर के बीच शानदार केमिस्ट्री का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और मनमोहक अभिनय के लिए मशहूर कियारा आडवाणी ने अपनी एक्शन से भरपूर भूमिका से 'डॉन' ब्रह्मांड में आग लगा दी है। फरहान ने एक्स पर घोषणा साझा की और लिखा, 'डॉन यूनिवर्स में आपका स्वागत है कियारा आडवाणी...#डॉन3।'

फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित, 'डॉन 3' एक उल्लेखनीय सिनेमाई यात्रा के लिए मंच तैयार करते हुए एक और एड्रेनालाईन–ईंधन देने का वादा करता है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी द्वारा निर्मित, जो दर्शकों को खुश करने वाली असाधारण परियोजनाओं को तैयार करने के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के लिए जाने जाते हैं, प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी की बहुप्रतीक्षित किस्त के लिए एक उत्कृष्ट कृति होने का वादा करने के लिए उत्सुकता बहुत अधिक है।

इससे पहले, फरहान ने पुष्टि की थी कि 'डॉन 3' की शूटिंग 2025 से पहले शुरू नहीं होगी। इसके अलावा, जब फिल्म की जल्द घोषणा के बारे में सवाल किया गया, तो अख्तर ने कहा कि वह चाहते थे कि दर्शकों को पता चले कि नया 'डॉन' कौन होगा।

## हुमा कुरैशी हुईं 'एनिमल' की मुरीद, बोलीं– पसंद आई रणबीर कपूर की मर्दानगी

'एनिमल' एक ऐसी फिल्म रही जिसने बेशक बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की हो, लेकिन इसने पूरी इंडस्ट्री को दो भागों में बांट दिया है। दर्शकों सहित जहां कुछ कलाकार 'एनिमल' में दिखाई गई चीजों का पुरजोर विरोध कर रहे हैं, वहीं कुछ ऐसे हैं जिन्हें फिल्म बहुत पसंद आई है। रणबीर कपूर की 'एनिमल' के पक्ष में आए सितारों की लिस्ट में हुमा कुरैशी का नाम भी शामिल हो गया है। अभिनेत्री ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। हुमा ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की 'एनिमल' पर खुलकर अपने विचार रखे। वह बोलीं, मुझे फिल्म बहुत पसंद आई और मैंने इसका भरपूर लुत्फ उठाया। मुझे इसकी मर्दानगी, एक्शन और संगीत बहुत पसंद आया। यह बहुत ही कलात्मक फिल्म है और मुझे लगता है कि हर तरह की फिल्में बननी चाहिए। एक दर्शक के रूप में यह आपकी पसंद है कि आप उस फिल्म को देखना चाहते हैं या नहीं। हुमा ने 'एनिमल' जैसी फिल्म करने में अपनी रुचि व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं ऐसी फिल्म करना पसंद करूंगी, जिसमें मैं मशीन गन पकड़ सकूं और हजारों लोगों को मार सकूं। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में किसी इतनी विनाशकारी चीज का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है। अभिनेत्री ने कहा कि जब वह वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट फिल्में देखती हैं तो उन्हें लगता है एक कलाकार के रूप में ऐसा किरदार निभाना बहुत रोमांचक है। द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट 2013 में रिलीज हुई एक हॉलीवुड क्राइम फिल्म है। इस फिल्म में लियोनार्डो डीकैप्रियो और मार्गोट रौबी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार कारोबार किया था और यह फिल्म सुपरहिट रही थी। हुमा ने कहा कि लोगों को यह बहस करनी चाहिए कि फिल्में किस तरह से प्रभाव डालती हैं। वह बोलीं, अगर फिल्मों ने समाज पर इतना प्रभाव डाला है तो मुझे लगता है कि हम बेहतरीन फिल्में बना रहे हैं इसलिए समाज में सुधार हो जाना चाहिए था। अगर अब तक नहीं सुधरे तो बिगड़ेंगे भी नहीं। मैं कह रही हूं कि 'एनिमल' भी बनाओ और महारानी भी बनाओ, जब तक लोगों को पसंद है, तब तक वे इसे देखेंगे। रणबीर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकारों से सजी 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कारोबार किया। 'एनिमल' ने दुनियाभर में 900 करोड़ रुपये की कमाई की। हालांकि, फिल्म को आलोचकों और दर्शकों से मिली–जुली प्रतिक्रियाएं मिलीं। काम की बात करें तो हुमा आखिरी बार तरला दलाल के जीवन पर आधारित फिल्म तरला में नजर आई थीं। वह अगली बार पूजा मेरी जान में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ मृणाल ठाकुर भी मुख्य भूमिका में हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री के जल्द ही अपने पॉलीटिकल ड्रामा सीरीज महारानी के तीसरे सीजन में भी नजर आएंगी। वह सोनी लिव की सीरीज में रानी भारती की अपनी भूमिका दोहराती नजर आएंगी।







## इंडस्ट्री में हर दिन एक नई चुनौती: मौनी रॉय

बालीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय ने कहा कि कल्पना के किसी भी स्तर पर इस इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है क्योंकि हर दिन एक नई चुनौती है और यह अपने कलाकारों से बहुत कुछ डिमांड करती है। मौनी रॉय ने कहा, मुझे टाइपकास्ट कर दिया गया है, हां बिल्कुल। लेकिन, मैं उन निर्देशकों के मामले में भी बहुत भाग्यशाली रही हूं, जिनके पास मुझे अलग–अलग भूमिकाओं में देखने का नजरिया है। हां, मेरा मतलब है, जैसा कि यह एक निष्पक्ष इंडस्ट्री हो सकती है, लेकिन, मैं सचमुच मानती हूं कि यह एक बहुत ही मुश्किल इंडस्ट्री है। कड़ी मेहनत के साथ–साथ इसमें बहुत सारी चुनौतियां भी आती हैं। यह वह संघर्ष है, जिसे आप नकार नहीं सकते। उन्होंने आगे कहा, कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है, जिसे आप अपना सकते हैं। मेरा सचमुच मानना है कि काम से ही काम बनता है।

जब आप किसी प्रोजेक्ट पर फोकस करते हैं, चाहे वह डांस हो या एक्टिंग, अगर आप अपना 100 प्रतिशत देते हैं, अगर आप अपना करेक्टर बखूबी से निभाते हैं और उसे सही ठहराते हैं, तो मुझे लगता है कि देर–सबेर आप सफल हो ही जाएंगे। यही मेरे जीवन का एकमात्र मंत्र रहा है। सीरीज शोटाइम में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



## सामंथा का फूटा दर्द

सामंथा रुथ प्रभु ने अपने स्वास्थ्य पॉडकास्ट में मायोसिटिस, एक ऑटो–इम्यून स्थिति का निदान होने से ठीक पहले 'बेहद कठिन वर्ष' के बारे में बात की थी। यह वह वर्ष था जब उन्होंने अपने अभिनेता–पति नागा चैतन्य से अलग होने की घोषणा की थी। उन्होंने पांच साल से अधिक समय तक एक दूसरे को डेट किया और चार साल तक उनकी शादी हुई। 'कुशी' अभिनेता ने अपनी स्वास्थ्य पॉडकास्ट श्रृंखला लॉन्च की, जिसे उनके यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था। सीरीज के पहले एपिसोड टेक 20 में उन्होंने अलकेश से बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे विशेष रूप से वह वर्ष याद है जब मुझे यह समस्या हुई थी। यह मेरे लिए बेहद कठिन वर्ष था। मुझे वह दिन विशेष रूप से याद है जब मैंने सोचा था कि मेरे दोस्त/साझेदार/प्रबंधक हिमांक और मैं मुंबई से वापस यात्रा कर रहे थे।' उन्होंने आगे कहा, 'और यह पिछले साल के जून में था, और मुझे याद है कि मैंने उससे कहा था कि आखिरकार मैं शांत महसूस कर रही हूं। मैंने बहुत लंबे समय से थोड़ा भी आराम और थोड़ी शांति महसूस नहीं की है। और आखिरकार मैंने ऐसा महसूस हो रहा है कि मैं सांस ले सकती हूं और मैं सो सकती हूं, और मैं अब जाग सकती हूं और अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकती हूं और काम पर सर्वश्रेष्ठ बन सकती हूं। और मैं इस स्थिति के साथ जागी।'

पॉडकास्ट में, सामंथा और अलकेश ने ऑटोइम्यूनिटी के बारे में बात की और ऐसी स्थितियों में क्या योगदान देता है। सामंथा ने 2022 में काम से ब्रेक की घोषणा की। वह अगली बार निर्देशक राज और डीके की 'सिटाडेल इंडिया' में नजर आएंगी। वह स्पाई थ्रिलर सीरीज में वरुण धवन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।